नई दिल्ली
मंगलवार, 4 जून 2024
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 28, अंक : 54
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 44
न्यून. 31

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


भाजपा का कांग्रेस पर कटाक्ष, देश को पप्पू मत समझिए

## एग्जिट पोल और चुनाव आयोग को लेकर भ्रम फैलाने की नाकाम कोशिश में जुटे विपक्षी दल: त्रिवेदी

कहा, चुनाव में हार-जीत के लिए परिपक्व की भूमिका कैसे निभाई जानी चाहिए उन्हें (कांग्रेस को ) भाजपा से सीखना चाहिए



हरिभूमि ब्यूरो ⏩ नई दिल्ली

भाजपा ने लोकसभा चुनाव नतीजों से पहले विपक्षी नेताओं द्वारा एग्जिट पोल और ईवीएम को लेकर उठाए जा रहे सवालों तथा चुनाव आयोग पर भेदभाव के आरोपों को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को कठघरे में खड़ा किया है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को एक पत्रकार वार्ता में विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दल किस प्रकार का भ्रम फैला रहे हैं, चुनाव में हार जीत तो होती रहती है, लेकिन लोकतंत्र पर कुठाराघात मत करिए। पूरे देश को पप्पू मत समझिए। आप इमानदारी से परिणाम का इंतजार करिए। हम सब कर रहे हैं। 20 घंटे के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। त्रिवेदी ने एग्जिट पोल को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर कहा कि पहले कांग्रेस का नारा था, 'सारे भारत से नाता है, सरकार चलाना आता है'। उन्होंने कहा कि, जनता ने बता ⏩ शेष पेज 5 पर

कांग्रेस नेता जयराम रमेश का आरोप कि केंद्रीय गृहमंत्री ने करीब 150 डीएम को फोन किया, इस पर मुख्य चुनाव आयुक्त का जवाब

# 'वे' सबूत दें, 150 लोगों के 'नाम' बताएं, हम उस व्यक्ति को दंडित करेंगे जिसने यह सब किया... पर 'अफवाह' न फैलाएं

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता जयराम रमेश के इस आरोप पर कि केंद्रीय गृह मंत्री ने डीएम/आरओ (रिटर्निंग ऑफिसर) को फोन कर रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि क्या कोई डीएम/आरओ को प्रभावित कर सकता है? हमें बताएं कि यह किसने किया।

हम उस व्यक्ति को दंडित करेंगे जिसने यह किया। यह सही नहीं है कि आप अफवाह फैलाएं और सभी पर संदेह करें। जयराम रमेश ने इसके लिए 7 दिन का वक्त मांगा। पर आयोग ने इस मांग को खारिज कर दिया। आयोग ⏩ शेष पेज 5 पर

*64.2 करोड़ मतदाताओं का विश्व रिकॉर्ड बनाया। यह सभी जी-7 देशों के मतदाताओं का 1.5 गुना और यूरोपीय संघ के 27 देशों के मतदाताओं का 2.5 गुना*



### सबसे पहले होगी पोस्टल बैलेट की गिनती


इंडिया गठबंधन ने मतगणना से पहले चुनाव आयोग से ईवीएम की गिनती को अंतिम रूप देने से पहले पोस्टल बैलेट की गिनती पूरी करने के लिए रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश जारी करने के लिए कहा। दरअसल, 2019 के लोकसभा चुनावों तक पोस्टल बैलेट की गिनती पहले की जाती थी और उसके 30 मिनट बाद ईवीएम की गिनती शुरू होती थी। साथ ही ईवीएम की गिनती पूरी होने से पहले सभी पोस्टल बैलेट की गिनती की जाती थी। चुनाव आयोग के मुताबिक नए दिशा-निर्देश के मुताबिक एजेंटों के लिए 2023 हैंडबुक के अनुसार पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू होने के 30 मिनट बाद ईवीएम की गिनती शुरू हो सकती है और डाक मतपत्र की गिनती ⏩ शेष पेज 5 पर

### मैं 'लापता जेंटलमैन' नहीं

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव आयुक्त हमेशा मौजूद रहते हैं और कभी गायब नहीं होते। उन्होंने सोशल मीडिया पर उन मीम्स का जवाब देते हुए यह बात कही जिनमें उन्हें 'लापता जेंटलमैन' कहा गया था। हमने अपने प्रेस नोट के जरिए संवाद करना चुना, जिनमें से 100 से ज्यादा प्रेस नोट मतदान दौरान जारी किए गए थे।

### गर्मी में चुनाव कराना गलती

इसके साथ ही चुनाव आयोग ने भीषण गर्मी में चुनाव के दिन गुजरने को लेकर कहा कि अगली बार चुनाव अप्रैल तक करा दिए जाएंगे। चुनाव के दौरान कई चुनाव अधिकारियों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। इसपर चुनाव आयोग ने गलती मानी और यह भी कहा कि चुनाव गर्मी से पहले खत्म हो जाने चाहिए थे।






सुबह 8 बजे से काउंटिंग पहला स्पष्ट रुझान सुबह 9 बजे मिल जाएगा

**80 दिन का इंतजार खत्म :** आज मंगलवार को दोपहर 12 बजे तक नई सरकार की शक्ल बहुत हद तक हो जाएगी साफ

# किसका होगा 'मंगल'

## फिर.... 'तीसरी बार' मोदी सरकार या इंडी गठबंधन का 'सपना' होगा साकार

**751** पार्टियों के 8360 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला होगा

*आंध्र प्रदेश और ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए भी काउंटिंग 4 जून को सुबह आठ बजे शुरू होगी। विधानसभा उप चुनाव के लिए गिनती इसी दिन होगी*

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

आज मंगलवार का दिन ऐतिहासिक होगा। देश महा-जनादेश देगा। आज दोपहर 12 बजे तक तय हो जाएगा कि देश में फिर तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी या इंडी गठबंधन का सपना साकार होगा? एग्जिट पोल में तो भाजपा 400 पार जा रही है।

वहीं, कांग्रेस का दावा है कि विपक्ष को 295 सीटें मिलेंगी और विपक्षी गठबंधन अपनी सरकार बनाएगा। हालांकि, मंगलवार ही बताएगा कि आज किसका मंगल होगा? दोपहर 12 बजे तक रुझान आने शुरू होंगे। करीब 2 बजे से नतीजे आने शुरू हो जाएंगे। ईवीएम के वीवीपैट से मिलान, वीवीपैट पर्ची काउंटिंग और पोस्टल बैलट जोड़ने के बाद फाइनल रिजल्ट शाम 6 बजे तक घोषित होने की संभावना है।

पहले सेना, पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों और ऑफिसर्स के वोट काउंट होंगे

फिर चुनाव ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों, अधिकारियों और सुरक्षा कर्मियों के पोस्टल बैलट काउंट होंगे



पटना में भाजपा समर्थक मिठाई बनाने में जुटे।

### 75 दिन तक चला चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 16 मार्च से शुरू हुआ चुनाव प्रचार 75 दिन चला। 19 अप्रैल से 1 जून तक सात फेज में वोटिंग हुई। चुनाव की यह प्रोसेस कुल 43 दिन तक चली। आज यानी 4 जून को पिछले 80 दिनों का इंतजार खत्म होगा। इस बार कुल 8360 उम्मीदवारों ने चुनाव में अपनी किस्मत आजमाई है। इनमें 1333 नेशनल ⏩ शेष पेज 5 पर

### कहां और कैसे देखें चुनाव के नतीजे?

चुनाव नतीजे देखने के लिए चुनाव आयोगी वेबसाइट **eci.gov.in** पर जाकर देख सकते हैं। वेबसाइट पर जाकर आपको ऊपर दिख रहे ⏩ शेष पेज 5 पर

### एग्जिट पोल में भाजपा के 303 सीटों का आंकड़ा पार करने का अनुमान

लोकसभा चुनाव के नतीजे से पहले एग्जिट पोल्स में पीएम नरेंद्र मोदी तीसरी बार हैट्रिक लगाते नजर आ रहे हैं। एक पोल में तो एनडीए 400 के पार तक पहुंच रही है। 13 एग्जिट पोल के पोल ऑफ पोल्स में एनडीए को 365 और इंडी गठबंधन को 145 सीटों का अनुमान है। अन्य को 32 सीटें मिल सकती हैं। इस बार भाजपा 2019 में मिली 303 सीटों का आंकड़ा पार कर सकती है।

### कांग्रेस दफ्तर में भी जश्न की तैयारियां शुरू

इधर, लोकसभा चुनाव 2024 परिणाम को लेकर कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं और ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में टेंट और कुर्सियों को लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हालांकि, ⏩ शेष पेज 5 पर

### पोस्टल बैलेट 2 कैटेगरी में काउंट होंगे

चुनाव आयोग के मुताबिक 4 जून को काउंटिंग प्रोसेस सुबह 8 बजे शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। इसके बाद ईवीएम के वोट गिने जाएंगे। पोस्टल बैलट 2 कैटेगरी में काउंट होंगे। पहले सेना, पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों और ऑफिसर्स के वोट काउंट होंगे। सेकंड कैटेगरी में चुनाव ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों, ⏩ शेष पेज 5 पर

**दोनों पार्टियों की ये है तैयारी...** *जीत के बाद भाजपा का होगा बड़ा रोड शो*

भाजपा बड़े जश्न की तैयारी में है। भाजपा की बैठक में इसको लेकर चर्चा हुई। लोक कल्याण मार्ग से लेकर भाजपा ऑफिस तक भव्य रोड शो होगा। इसके बाद पीएम मोदी भाजपा मुख्यालय पहुंच कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। वहीं शपथ ग्रहण समारोह के लिए लोक कल्याण मार्ग, भारत मंडपम एक और जगह पर जोरदार जश्न होगा। जहां देशभर से आए हुए भाजपा कार्यकर्ता जुटेंगे और पीएम मोदी के साथ जीत के उत्सव में शामिल होंगे। ⏩ शेष पेज 5 पर

नतीजों से पहले खरगे का खुला पत्र

## संविधान का पालन करें, बिना किसी डर के देश की सेवा करें

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव परिणामों की पूर्व संध्या पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार शाम को सिविल सेवकों और सरकारी अधिकारियों को एक खुला पत्र लिखा, जिसमें उनसे 'संविधान का पालन करने, अपने कर्तव्यों का पालन करने और बिना किसी भय, पक्षपात या किसी के प्रति दुर्भावना के राष्ट्र की सेवा करने' के लिए कहा। खड़गे के पत्र में लिखा है, 'मैं आपको विपक्ष के नेता (राज्य सभा) और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष की हैसियत से लिख रहा हूं। 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव संपन्न हो चुके हैं और 4 जून को मतगणना होगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में लिखा, 'मैं भारत के चुनाव आयोग, केंद्रीय सशस्त्र बलों, विभिन्न ⏩ शेष पेज 5 पर

मेरठ में दर्दनाक हादसा

## कार में सवार 4 लोग जिंदा जले मरने वालों में बच्चा भी शामिल



कार से चीख पुकार के बाद भी लोग नहीं कर पाए मदद

एजेंसी ⏩ मेरठ

उप्र के मेरठ में रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। कावड़ पटरी मार्ग पर दिल्ली से हरिद्वार जा रहे सेंट्रो कार सवार चार लोग जिंदा जल गए। कार में जिस वक्त आग लगी सभी लोग चीखने और चिल्लाने लगे, लेकिन चाह कर भी कोई मदद नहीं कर पाया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और जिसने भी कार के अंदर अधजले शव देखे उसकी ही रूह कांप गई। ये दर्दनाक हादसा मेरठ के जानी थाना इलाके के भोला की झाल कावड़ पटरी मार्ग के पास हुआ।

हादसे के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली की तरफ ⏩ शेष पेज 5 पर

**खबर संक्षेप**

### सेंसेक्स: निवेशकों ने कमाए 13.7 लाख करोड़



**मुंबई।** लोकसभा चुनाव नतीजों से एक दिन पहले 3 जून को सेंसेक्स 2,777 पॉइंट की तेजी के साथ 76,738 और निफ्टी 808 पॉइंट चढ़कर 23,338 पर पहुंच गया। दोनों का ये ऑल टाइम हाई है। शेयर बाजार में आई इस तेजी के चलते निवेशकों की वेल्थ लगभग 13,78,630 करोड़ रुपए बढ़ गई है। हालांकि, बाद में बाजार अपने ऊपरी स्तरों से थोड़ा नीचे आया और सेंसेक्स 2,507 पॉइंट चढ़कर 76,468 के स्तर पर बंद हुआ।

### अमूल के बाद मदर डेयरी ने 2 रुपए बढ़ाए



**नई दिल्ली।** देश की दो सबसे बड़ी दुग्ध उत्पादक कंपनियों ने अपने उत्पादों के दाम बढ़ा दिए हैं। पहले अमूल ने दूध के दाम में दो रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की। इसके 12 घंटे बाद ही मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर बाजार में दूध की कीमतों बढ़ोतरी का ऐलान कर दिया। कंपनी ने दूध के दाम में दो रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। इसका कारण पिछले 15 महीनों में लागत में वृद्धि बताया गया है। सभी प्रकार के दूध की कीमतों में वृद्धि लागू हो गई है।

मतगणना के दौरान यूपी में चिंता

## भाजपा ने सपा-कांग्रेस पर दंगा कराने की कोशिश का आरोप लगाया, आयोग में दर्ज की शिकायत

एजेंसी ⏩ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में भाजपा ने मतगणना के दौरान समाजवादी पार्टी पर दंगा कराने की कोशिश का आरोप लगाया है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव आयोग से मिलकर इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा।

इसमें कहा गया है कि सपा अध्यक्ष की प्रेस कांफ्रेंस के बाद सपा के लोग कल मतगणना के दौरान जमावड़ा करके दंगा कर सकते हैं। भाजपा के



प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, केशव मौर्य, ब्रजेश पाठक, स्वतंत्र देव सिंह और जीपीएस राठौर शामिल थे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने चुनाव आयोग ⏩ शेष पेज 5 पर

### दंगाई तत्वों पर कड़ी कार्रवाई हो

यूपी डिप्टी सीएम ने कहा, लोगों को भड़काने की कोशिश करने के लिए उनके खिलाफ जांच होनी चाहिए। हमने मुख्य चुनाव अधिकारी से यह सुनिश्चित करने की अपील की है कि मतगणना शांतिपूर्ण तरीके से हो। उपद्रवी और दंगाई तत्वों पर कार्रवाई की जाए। हालांकि,भाजपा प्रतिनिधिमंडल की तरफ से सौंपे गए ज्ञापन में इस बात की जानकारी नहीं दी गई है कि आखिलेश यादव ने ऐसा क्या बयान दिया, जिससे उनके कार्यकर्ता उत्तेजित हो सकते हैं।

### उधर, छक्का मारते ही बल्लेबाज ने तोड़ा दम

**मुंबई।** मुंबई में एक अजीब घटना सामने आई। एक फार्म हाउस पर क्रिकेट खेलने के दौरान एक खिलाड़ी अचानक गिरा और उसकी मौत हो गई। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है। इसमें साफ देखा जा सकता है कि कैसे छक्का मारने के बाद खिलाड़ी खड़ा हुआ और फिर अचानक गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। यह घटना काशी मीरा के मीनाक्षी नगर की है। जानकारी के अनुसार काशी मीरा के मिनाक्षी नगर में एक प्राइवेट कंपनी की ओर से उसके फार्म हाउस में बने टर्फ में 2 जून की दोपहर को क्रिकेट मैच ⏩ शेष पेज 5 पर

## एक दिन की बारिश ने तोड़ा 133 साल का रिकॉर्ड



### बेंगलुरु में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत जहां पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी और हीटवेव से जूझ रहा है, वहीं दक्षिण भारत के कई इलाकों में बारिश हो रही है। बेंगलुरु में दो जून को 111 मिलीमीटर बारिश हुई, जिससे जून में एक दिन में सबसे अधिक बारिश का 133 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। मौसम विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

⏩ शेष पेज 5 पर

भारत के 6 खिलाड़ियों को पेरिस का टिकट

## पंघाल और जैस्मीन को ओलंपिक में मिला कोटा, मुक्केबाजी में जीते

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

खेल प्रेमियों के अच्छी खबर है। ओलंपिक के लिए दो और खिलाड़ियों ने कोटा हासिल कर लिया है। अमित पंघाल (51 किग्रा) और जैस्मीन लाम्बोरिया (महिला 57 किग्रा) ने रविवार को बैंकॉक में दूसरे विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के अंतिम दिन अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज करते हुए दो और कोटा स्थान हासिल किए। पिछले क्वालीफायर ⏩ शेष पेज 5 पर



### पंघाल ने लगातार दूसरे ओलंपिक में बनाई जगह

अमित पंघाल ने चीनी खिलाड़ी लियू चुआंग को 5-0 से हराया और लगातार दूसरे ओलंपिक में जगह बनाई। वहीं सचिन सिवाच (57 किग्रा) कोटा हासिल करने में असफल रहे और किर्गिस्तान के सेइतबेक उलु से 5-0 से हार गए।

चुनाव के बाद दिल्ली में पहली बार भाजपा नेतृत्व ने संभावित नतीजों को लेकर की राज्यवार समीक्षा

मतगणना के दिन काउंटिंग सेंटर पर पार्टी एजेंटों और पार्टी पदाधिकारियों की चौकसी पर भी की चर्चा

## नड्डा के घर पर जुटे भाजपा के दिग्गज, लोकसभा चुनाव के नतीजों से एक दिन पहले किया मंथन

हरिभूमि ब्यूरो ⏩ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के नतीजों से एक दिन पहले सोमवार को भाजपा ने मतगणना से जुड़े तमाम मुद्दों और परिणामों के बाद की रणनीति को लेकर गहन मंथन किया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के सरकारी आवास पर करीब ढाई घंटे चली बैठक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पार्टी के संगठन महासचिव बीएल संतोष, महासचिव विनोद तावड़े, तरुण चुग, अश्विनी वैष्णव, शिव प्रकाश, मनसुख मंडाविया एवं मनोहर लाल मौजूद रहे।

इस बैठक के बाद पार्टी महासचिव विनोद तावडे ने कहा की चुनाव की समीक्षा और वोटिंग को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने कहा की कल जो मतगणना होनी है, मतगणना



की रचना लगनी चाहिए प्रॉपर पार्टी की ओर से, काउंटिंग बूथ पर एजेंट सही समय पर पहुंचे, कितने नियुक्त हुए है, उन्हें कुछ दिक्कत है, या फिर वोटिंग को लेकर कोई शंका है, वहां पर पार्टी के पदाधिकारी विशेष ध्यान दें। ऐसी सारी चर्चा इस बैठक में की गई। सूत्रों के अनुसार चुनाव बाद हुई पार्टी की इस पहली बड़ी बैठक में एग्जिट पोल से इतर पार्टी नेताओं ने राज्यवार आंकलन करते हुए लोकसभा सीटों पर जीत के गणित को खंगाला। इसके साथ ही मतगणना के दिन मंगलवार को मतदान केंद्रों पर पार्टी एजेंटों की चौकसी से लेकर जीत होने पर दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मुख्यालय पर शाम को प्रधानमंत्री के सम्बोधन की तैयारियों पर चर्चा की गई। विपक्षी गठबंधन हार होने के बाद ईवीएम, चुनाव आयोग और धांधली जैसे आरोप लगाता है तो पार्टी प्रवक्ता तथ्यात्मक तरीके से उचित जवाब दें।

बैठक में कहा गया कि जिस प्रकार से विपक्षी दलों ने एग्जिट पोल सर्वे को ख़ारिज किया है, उसे देखते हुए यह लगभग तय है कि हार होने पर विपक्ष चुनाव नतीजों को लेकर गड़बड़ के आरोप मढ़ेगा। ऐसे में आरोपों की पोल तथ्यों के साथ डिबेट और मीडिया के सामने खोली जाए।

### दिल्ली के भाजपा मुख्यालय पर होगा दीवाली जैसा जश्न

गौरतलब है कि भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को चुनाव आयोग से जाकर कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर भारत की चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को कमजोर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। आयोग से वोटों की गिनती के दौरान "हिंसा और अशांति" के किसी भी प्रयास को रोकने का आग्रह किया था। भाजपा नेताओं ने जीत होने पर यादगार सेलिब्रेशन की योजना बनाई है। एनडीए को बहुमत मिलता है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह जीत की हैट्रिक होगी। इस सूरत में दिल्ली में राष्ट्रीय मुख्यालय पर दिवाली जैसा उत्सव होगा और हर बड़ी चुनावी जीत की तरह प्रधानमंत्री मोदी शाम को यहां देश की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए अपना सम्बोधन देंगे। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी तादाद में मुख्यालय में मौजूद रहेंगे।

## सरिता विहार: समय रहते आग प्रभावित डिब्बों से बाहर निकलने में सफल रहे यात्री

# ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में लगी आग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली





दक्षिण-पूर्व दिल्ली के सरिता विहार इलाके में सोमवार को ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है और यात्री समय रहते प्रभावित डिब्बों से बाहर निकलने में सफल रहे। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों का तत्काल पता नहीं चला।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारी ने बताया कि हमें अपराह्न चार बजकर 24 मिनट पर ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लगने की सूचना मिली। आग बुझाने के लिए दमकल के आठ वाहनों को मौके पर भेजा गया है और आग पर शाम पांच बजकर 43 मिनट पर काबू पा लिया गया। इससे पहले डीएफएस अधिकारियों ने बताया था कि चार डिब्बों में आग लगी है। पुलिस ने बताया कि शाम को करीब चार बजकर 40 मिनट पर आग लगने की सूचना पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को मिली। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस कर्मी तत्काल अपोलो अस्पताल के नजदीक स्थित घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पाया गया कि ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लगी है। ट्रेन रुकी हुई थी। उन्होंने बताया कि डी3, डी4 डिब्बे पूरी तरह जल गए हैं जबकि डी2 को आंशिक नुकसान पहुंचा है।

### कोई हताहत नहीं

अधिकारी ने बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ है क्योंकि समय रहते यात्री दूसरे डिब्बों में चले गए और फिर ट्रेन से उतर गए। पुलिस ने बताया कि रेलवे द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अस्पताल में आगः ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर की जमानत याचिका खारिज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के एक अस्पताल में 25 मई को आग से सात नवजात बच्चों की मौत के मामले में सोमवार को यहां की एक अदालत ने घटना के दौरान ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर की जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि कोई तार्किक कारण नहीं बताया गया कि आयुर्वेदिक डॉक्टर होने के बावजूद, आरोपी अस्पताल के सबसे महत्वपूर्ण वार्ड में काम क्यों कर रहा था। हादसे में पांच बच्चे घायल भी हो गए थे। अदालत ने डॉक्टर के इस बयान को भी अत्यधिक असंवेदनशील बताया कि शिशु आग के शिकार नहीं थे और उनकी मौत जलने से नहीं बल्कि दम घुटने से हुई थी। मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद अस्पताल में आग लगने के समय ड्यूटी पर तैनात डॉ. आकाश की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थीं। उन्हें और अस्पताल के मालिक डॉ. नवीन खिची को 30 मई को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। डॉ. आकाश के अस्पताल में प्रशिक्षु के रूप में काम करने के तर्क को खारिज करते हुए अदालत ने कहा कि जांच से पता चला है कि उन्होंने शिशुओं का इलाज किया और उन्हें दवाइयां दीं। अदालत ने कहा कि इस बात का कोई तार्किक कारण नहीं बताया गया है कि बीएएमएस डॉक्टर होने के बावजूद डॉ. आकाश एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति सीखने के लिए क्यों उत्सुक थे, और वह भी अस्पताल के सबसे महत्वपूर्ण वार्ड में काम करके। अदालत ने डॉक्टर के वकील की इस दलील को खारिज कर दिया कि बच्चों को बचाने के उनके प्रयासों के लिए उनकी सराहना की जानी चाहिए।

### आग लगने पर अस्पताल से भाग गया था डॉक्टर

अदालत ने कहा कि पुलिस जांच से पता चला है कि जब आग लगी तो वह अस्पताल से भाग गया था और पुलिस या अग्निशमन सेवाओं को बुलाने के बजाय उसने अस्पताल के मालिक को फोन किया और पूरी प्रक्रिया में लगभग आधे घंटे का समय बर्बाद हो गया, जिस दौरान नवजात शिशुओं की जान बचायी जा सकती थी। अदालत ने कहा कि डॉक्टर के कानूनी प्रक्रिया से भागने और गवाहों को प्रभावित करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। आदेश में कहा गया कि न्यायिक उदाहरणों के अनुसार, आरोपी को जमानत के लिए सत्र न्यायाधीश की उच्च अदालत में जाना होगा। अदालत ने कहा कि आरोपी की जमानत याचिका को खारिज किया जाता है।

## नोएडाः एसी में धमाके से लगी आग, गर्मी से एलपीजी सिलेंडर फटा

**नोएडा।** नोएडा में एक कंपनी की वातानुकूलन प्रणाली (एयर कंडीशनिंग सिस्टम) में शॉर्ट सर्किट से सोमवार को आग लग गई जिसे बुझाने के अभियान के दौरान इमारत की तीसरी मंजिल पर एक एलपीजी सिलेंडर में भी धमाका हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि इस घटना में किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है और दोनों जगह आग पर काबू पा लिया गया है। उन्होंने बताया कि सेक्टर 10 में परिधान बनाने वाली कंपनी 'केएम लीजिंग लिमिटेड' के भूतल और दूसरे तल पर आग लग गई। चौबे ने कहा कि सुबह 10 बजकर तीन मिनट पर सेक्टर 10 में, परिधान बनाने वाली और प्रिंटिंग कंपनी में आग लगने की सूचना मिली जिसके तुरंत बाद हमने दमकल की आठ गाड़ियों को मौके पर भेज दिया। जब आग लगभग बुझ गई थी, तभी इमारत की तीसरी मंजिल पर रखे एलपीजी सिलेंडर में धमाका हो गया, जिससे उस मंजिल पर आग फैल गई। उन्होंने बताया कि आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि फैक्ट्री बंद थी और सुबह जब उसका एयर कंडीशनर चालू किया गया तो शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। चौबे ने कहा कि तीसरी मंजिल पर एलपीजी सिलेंडर के होने की जानकारी समय पर नहीं दी गई। हमारे दमकलकर्मियों ने (निचली मंजिलों पर) आग बुझा दी थी लेकिन गर्मी के कारण तीसरी मंजिल पर एलपीजी सिलेंडर फट गया। अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

# आबकारी मामलाः बीआरएस नेता कविता की न्यायिक हिरासत बढ़ी




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक धनशोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत सोमवार को तीन जुलाई तक बढ़ा दी। कविता के खिलाफ पहले जारी एक पेशी वारंट की तामील करते हुए उन्हें अदालत में पेश किया गया और विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ा दी।

अदालत ने 29 मई को मामले में बीआरएस नेता के खिलाफ आरोपपत्र का संज्ञान लेते हुए वारंट जारी किया था। अदालत ने इस मामले में तीन सह-आरोपियों प्रिंस, दामोदर और अरविंद सिंह को जमानत दे दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के दौरान तीनों आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया था। हालांकि उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया था। कविता कथित घोटाले में ईडी और सीबीआई द्वारा दर्ज दो मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं। यह 'घोटाला' दिल्ली सरकार की 2021-22 के लिए आबकारी नीति बनाने और उसके कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से संबंधित है। इस आबकारी नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। ईडी ने कविता (46) को 15 मार्च को हैदराबाद में उनके बंजारा हिल्स स्थित आवास से गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने उन्हें तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था।

### ईडी से कारोबारी पिल्लई की अंतरिम जमानत अर्जी पर जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार हैदराबाद के कारोबारी अरुण रामचंद्रन पिल्लई की अंतरिम जमानत अर्जी पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। पिल्लई ने अर्जी दायर कर अदालत से चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत देने का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने ईडी को नोटिस जारी किया और उसे पिल्लई द्वारा जमा की गई मेडिकल रिपोर्ट को सत्यापित करने को कहा। अदालत ने जांच एजेंसी से अंतरिम जमानत अर्जी पर एक सत्यापन रिपोर्ट के साथ जवाब दाखिल करने को कहा और अगली सुनवाई 10 जून के लिए निर्धारित कर दी। पिल्लई को पिछले साल मार्च में ईडी ने गिरफ्तार किया था। उन्होंने कमर में दर्द की समस्या सहित चिकित्सा आधार पर आठ हफ्तों की अंतरिम जमानत का अनुरोध किया है।

### सौरभ भारद्वाज ने भीषण गर्मी के मद्देनजर रैन बसेरों का निरीक्षण किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली के नगर विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भीषण गर्मी के मद्देनजर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश के कई रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को भीषण गर्मी से निपटने के लिए सुविधाएं बढ़ाने का निर्देश दिया। भारद्वाज ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया, "रैन बसेरों का निरीक्षण करने के दौरान मैंने पाया कि वहां 'एयर कूलर' और ठंडे पानी की व्यवस्था है।" उन्होंने दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसईबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता को सभी रैन बसेरों की व्यवस्था की जांच करने और वहां सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। भारद्वाज ने कहा, "आज अपराह्न करीब तीन बजे कई रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। वैसे तो इन जगहों पर ठंडी हवा देने वाले कूलर और ठंडे पानी के लिए 'वाटर डिस्पेंसर' हैं लेकिन मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देश दिया कि विभाग सुनिश्चित करे कि सभी जगह ये सुविधा उपलब्ध रहे।" आम आदमी पार्टी (आप) ने बाद में एक बयान में कहा कि भारद्वाज ने इन स्थानों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए अकेले ही औचक निरीक्षण किया।

# डीयू ने सीईएस-2024-25 में प्रवेश के लिए की घोषणा

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने योग्यता संवर्धन योजना (सीईएस) के लिए शैक्षणिक सत्र जुलाई-दिसंबर 2024 के सेमेस्टर 1, 3 और 5 में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उम्मीदवार इस योजना के तहत विभिन्न विभागों एवं कॉलेजों द्वारा पेश किए जाने वाले पेपरों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

डीयू के इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ लोंग लर्निंग के निदेशक प्रो. संजय रॉय ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि एनईपी 2020 के अनुसार सीईएस में किसी भी आयु के शिक्षार्थियों को दिल्ली विश्वविद्यालय के विभागों और कॉलेजों द्वारा प्रस्तुत मौजूदा पाठ्यक्रमों के नियमित विद्यार्थियों के साथ नामांकित होने और अध्ययन करने का अवसर प्रदान किया जाता है। इस योजना का उद्देश्य उन लोगों के शैक्षिक सपनों को पूरा करना है जिन्हें किन्हीं कारणों से पहले ये अवसर नहीं मिल पाया। इसके तहत वे लोग नवीनतम तकनीक, ज्ञान और नवाचार का उपयोग करके अपने शैक्षणिक और व्यावसायिक कौशल को उन्नत कर सकते हैं। प्रो. रॉय ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो किसी विभाग या कॉलेज के निर्दिष्ट मौजूदा पेपर के लिए न्यूनतम पात्रता मानदंड और पूर्व-आवश्यकताएं, यदि कोई हों, को पूरा करता है, वह इसके लिए पंजीकरण कर सकता है। किसी भी पेपर के लिए प्रवेश हेतु चयन संबंधित विभागों और कॉलेजों में सीटों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कोर्स में सीईएस के तहत सीटों को अतिरिक्त माना जाएगा। विभागों और कॉलेजों द्वारा पेश किए जाने वाले उपलब्ध पेपरों की सूची, पात्रता मानदंड, पंजीकरण और शुल्क संरचना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक आवेदक विश्वविद्यालय के पोर्टल (www.admission.uod.du.ac.in) के साथ-साथ विश्वविद्यालय के नोडल समन्वय संस्थान, इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफलॉन्ग लर्निंग की वेबसाइट www.illl.du.ac.in पर सीईएस ई-ब्रोशर देख सकते हैं। प्रो. संजय रॉय ने बताया कि सीईएस 2024-25 के तहत विश्वविद्यालय के विभागों और कॉलेजों में अध्ययन करने के लिए, संभावित उम्मीदवार लिंक (https:// ces.du.ac.in/index.php/site/login) के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। अन्य प्रश्नों और स्पष्टीकरणों के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ लोंग लर्निंग को ces@illl.du.ac.in पर ईमेल कर सकते हैं।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राज पाल पुत्र** जयपाल **पताः** मकान 44 बी ब्लॉक जेजे कॉलोनी वजीरपुर दिल्ली, ने **FIR No. 25965/2019, U/s 411 IPC , थानाः पटेल नगर,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राज पाल,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राज पाल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 25965/2019, U/s 411 IPC थानाः पटेल नगर,** के उक्त अभियुक्त **राज पाल,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री उपासना सतीजा,
एलडी एसीसीएमएम वेस्ट, कमरा नंबर 145,
तीस हजारी कोर्ट

DP/6657/CD/2024-(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सनद अमन, पुत्रः मोहम्मद असलम, पताः 73/11, सोमपार्क, राजधानी पार्क के पास, मेट्रो स्टेशन मुंडका, दिल्ली** ने **FIR No. 0834/2021, U/s 380/511 IPC, पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सनद अमन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सनद अमन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 0834/2021, U/s 380/511 IPC, पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अभियुक्त **सनद अमन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.07.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिव्या अरोड़ा
महानगर दंडाधिकारी–04 (उत्तर–पश्चिम)
कमरा नं. 112, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5961/NW/2024



केनरा बैंक Canara Bank
A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

## रिकवरी सेक्शन, क्षेत्रीय कार्यालय

प्लॉट नं. 39, प्रथम तल, बोहरा हुंडई के पास, नीलम–बाटा रोड, फरीदाबाद
Contact no. 0129-2413997 email id: rofbdrec@canarabank.com

## 15 दिन की बिक्री सूचना

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना**

सर्वसाधारण को सामान्यतः और कर्जदार (ों) तथा गारंटर (ों) को विशेषतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि सिक्योर्ड क्रेडिटर के पास गिरवीकृत / चार्ज्ड नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका कब्जा सम्बन्धित केनरा बैंक शाखाओं के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को "जैसा है जहाँ है", "जैसा है जो है, और "जो भी है वहां है" पर बेचा जाएगा। ई–नीलामी की व्यवस्था निम्नलिखित विवरणों के सेवा प्रदाता द्वारा की जाएगी।

**ईएमडी की प्राप्ति की अन्तिम तिथि 18.06.2024 अप. 5.00 बजे (ऑफलाइन अथवा ऑनलाइन) है।**

**ई-नीलामी की तिथि 21.06.2024 अप. 12:30 बजे से अप. 1:30 बजे तक है।**

(बिक्री के समापन तक 5 मिनट अवधि प्रत्येक के असीमित विस्तार सहित)

| क्र. सं. | शाखा का नाम / कर्जदार (ों) / गारंटर (ों) का नाम और पता | सम्पत्ति/यों का संक्षिप्त वर्णन | विनिर्दिष्ट तिथि के अनुसार कुल देनदारियां | आरक्षित मूल्य (रु. में) | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (रु. में) | अकाउंट नं. का विवरण / आईएफएससी कोड / कब्जा का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री निशांत सिन्हा (प्राधिकृत अधिकारी), केनरा बैंक मथुरा रोड बल्लभगढ़ पता – ऋषि नगर बल्लभगढ़, फरीदाबाद -121004, हरियाणा संपर्क नं. फोन 7986665360 मेल आईडीः cb18220@canarabank.com या संपर्क : श्री प्रवीण कुमार थेवर (9722778828/9265562818). ईमेल आईडीः Praveen.thevar@auctiontiger.net और support@auctiontiger.net | देवी चरण शर्मा पुत्र श्री हीरा लाल द्वारा मालिकानाप्राप्त वर्णमाला सी डी ई जी एच आई और जे के एल एम एन ओ पी क्यू द्वारा चिन्हित वार्ड नं. 9, जगदीश कॉलोनी, बल्लभगढ़ में आवासीय सह दुकान सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से, माप 71 वर्ग गज (कुल क्षेत्रफल 407 वर्गगज में से उसका हिस्सा)। सीमाएं निम्नानुसार : उत्तर- राधा कृष्ण मंदिर वाली न्यू मार्केट, दक्षिण- धर्मशाला पंचमुखी महादेव मंदिर, पूर्व- कॉमन रास्ता, पश्चिम- कॉमन स्ट्रीट/गली। | 27.02.2019 के अनुसार कुल देनदारियां : रु. 6,83,658.33 जमा आगे का ब्याज और अन्य परिव्यय (वसूली घटाएं, यदि कोई हो) | रु. 37.34 लाख | रु. 3.74 लाख | 209272946 / CNRB0018220 / भौतिक कब्जा |
| | | **कर्जदार : श्री देवी चरण शर्मा** – त्रिलोक चंद शर्मा, पता म. नं. 825, सेक्टर-3, म. नं. 532, वार्ड नं. 1 फरीदाबाद। | | | | |
| 2. | श्री निशांत सिन्हा (प्राधिकृत अधिकारी), केनरा बैंक एनआईटी 5 शाखा, पता- 5आर/5 बीके चौक, एनआईटी 5, सूर्या हॉस्पिटल के पास, फरीदाबाद, हरियाणा। संपर्क नं. : 8743917344 मेल आईडीः cb18214@canarabank.com या संपर्कः श्री प्रवीण कुमार थेवर (9722778828/9265562818). ईमेल आईडीः Praveen.thevar@auctiontiger.net और support@auctiontiger.net | म. नं. 1/773, प्लॉट नं. बी-125, राजा गार्डन, ओल्ड फरीदाबाद, फरीदाबाद-121002 निहित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं निम्नानुसार : उत्तर को- बी-125 का शेष भाग, दक्षिण को- रोड, पूर्व को- रोड, पश्चिम को- प्लॉट नं. बी-126. | 15.11.2023 के अनुसार कुल देनदारियां : रु. 38,56,058.93 जमा आगे का ब्याज और अन्य परिव्यय (वसूली घटाएं, यदि कोई हो) | रु. 49.78 लाख | रु. 4.98 लाख | 209272946 / CNRB0018214 / सांकेतिक कब्जा |
| | | **कर्जदार : मै. महादेव न्यूमैटिक्स** – पता : प्लॉट नं. 9, गली नं. 1, कारखाना बाग, 16/2, मथुरा रोड, बड़खल मेट्रो स्टेशन के सामने, फरीदाबाद-121002, प्रोपराइटर : सुधा शर्मा, पत्नी कांती शर्मा, म. नं. 773, राजा गार्डन फरीदाबाद-121002. | | | | |
| 3. | श्री अमित कुमार यादव (प्राधिकृत अधिकारी), केनरा बैंक, फरीदाबाद सेक्टर 16 पता – एससीओ-11, सेक्टर-16 मोती महल के पास, फरीदाबाद -121002, हरियाणा, संपर्क नं. 9560092847 सेवा प्रदाता, या संपर्क : श्री प्रवीण कुमार थेवर (9722778828/9265562818). ईमेल आईडीः Praveen.thevar@auctiontiger.net और support@auctiontiger.net | श्री बीर सिंह पुत्र श्री राम सिंह के नाम म. नं. 652 का ईएमटी, ब्लॉक डी, आदर्श नगर, मालेमा रोड, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, माप ई 121 वर्ग गज। सीमाएं निम्नानुसार : उत्तर- रोड, दक्षिण- 651 का भाग (भाटी निवास), पूर्व- 651 का भाग (उदय वीर सिंह), पश्चिम- गली। | 27.07.2018 के अनुसार कुल देनदारियां : रु. 40,42,282/- जमा आगे का ब्याज और अन्य परिव्यय (वसूली घटाएं, यदि कोई हो) | रु. 38.25 लाख | रु. 3.83 लाख | 209272946 / CNRB0002847 / सांकेतिक कब्जा |
| | | **कर्जदार : मै. शर्मा रबर इंडस्ट्रीज** – प्रोपराइटर : श्रीमती बृज लता पत्नी श्री बीर सिंह, मकान नं. 652, गली नं. 6, 24 फीट रोड, ब्लॉक डी, मालेमा रोड, आदर्श नगर, बल्लभगढ़ फरीदाबाद। गारंटर : श्री बीर सिंह पुत्र श्री राम सिंह, निवासी म. नं. 652, गली नं. 6, 24 फीट रोड, ब्लॉक डी, मालेमा रोड, आदर्श नगर, बल्लभगढ़, फरीदाबाद। | | | | |

**अन्य नियम और शर्तें :**

ए) संपत्ति सभी मौजूदा और आगे के ऋणभारों के साथ बेची जा रही है, चाहे वे बैंक को ज्ञात हों या अज्ञात। प्राधिकृत अधिकारी/सिक्योर्ड क्रेडिटर किसी भी तरह से किसी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकायों के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। खरीदकर्ता को अपनी संतुष्टि के लिए संपत्ति से संबंधित सभी पहलुओं पर उचित परिश्रम करना चाहिए। सवालिया अचल प्रत्याभूत परिसम्पत्ति के आकार/क्षेत्रफल समेत प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के सम्बन्ध में टाइटल और अन्य विवरण की सटीकता सहित स्वयं को संतुष्ट करने के लिए और बोली जमा करवाने से पूर्व अपनी संतुष्टि के लिए सम्बद्ध अधिकारियों से कोई अन्य बकाया/देनदारियों/ऋणभारों के बारे में खुद को सुनिश्चित भी करने के लिए उनके स्वयं के हित में बोलीदाता को परामर्श दिया जाता है। खरीदकर्ता बाद में किसी स्तर पर इस संबंध में प्राधिकृत अधिकारी/सिक्योर्ड क्रेडिटर्स के विरूद्ध कोई दावा करने का हकदार नहीं होगा।

बी) किसी भी राशि के भुगतान में कोई चूक होने की स्थिति में, या यदि खरीदकर्ता/बोलीदाता की ओर से चूक के कारण बिक्री उपरोक्त समय सीमा के अंदर पूरी नहीं होती है, तो बैंक खरीदकर्ता/बोलीदाता द्वारा तब तक भुगतान की गई सभी धनराशि जब्त करने और प्रत्याभूत परिसंपत्ति (यों) को अपने पूर्ण विवेक पर फिर से बिक्री के लिए रखने का हकदार होगा। इसके अतिरिक्त, इस तरह के पुनः ब्रिक्री के कारण बैंक द्वारा किए गए सभी लागतों, खर्चों को चूककर्ता खरीदकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा और भुगतान किया जाएगा।

सी) संपत्ति को सभी मौजूदा और आगे के ऋणभारों के साथ बेचा जा रहा है, चाहे वे बैंक को ज्ञात हों या अज्ञात। प्राधिकृत अधिकारी/सिक्योर्ड क्रेडिटर किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकाया के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। खरीदकर्ता को अपनी संतुष्टि के लिए संपत्ति से संबंधित सभी पहलुओं पर उचित परिश्रम करना चाहिए। खरीदकर्ता बाद में किसी स्तर पर इस संबंध में प्राधिकृत अधिकारी/सिक्योर्ड क्रेडिटर्स के विरूद्ध कोई दावा करने का हकदार नहीं होगा।

डी) नीलामी/बोली केवल https://canarabank.auctiontiger.net. वेबसाइट के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली" के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट पढ़ें।

ई) प्राधिकृत अधिकारी के साथ पूर्व अनुमति सहित किसी भी समय अथवा ईएमडी जमा करने की तिथि अर्थात 18.06.2024 को या उससे पूर्व संपत्ति का निरीक्षण किया जा सकता है।

एफ) संपत्ति को उस कीमत पर बेचा जाएगा जो आरक्षित मूल्य से अधिक है और भाग लेने वाले बोलीदाता नीलामी प्रक्रिया के दौरान अपने प्रस्ताव में सुधार कर सकते हैं।

जी) आरक्षित मूल्य का 10% की ईएमडी राशि संबंधित केनरा बैंक शाखाओं के प्राधिकृत अधिकारी के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा की जानी है, अथवा आरटीजीएस/एनईएफटी/फंड ट्रांसफर के माध्यम से संबंधित केनरा बैंक शाखाओं के खाते में 18.06.2024 को अप. 05.00 बजे तक या इससे पूर्व जमा की जानी चाहिए।

एच) इच्छुक बोलीदाताओं के पास वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र और ई-मेल पता होना चाहिए। डिजिटल हस्ताक्षर के संबंध में विवरण के लिए कृपया सेवा प्रदाता मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड-ऑक्शन टाइगर से संपर्क करें, श्री प्रवीण कुमार थेवर (9722778828/9265562818). ईमेल आईडीः Praveen.thevar@auctiontiger.net और support@auctiontiger.net वेबसाइट https://canarabank.auctiontiger.net के माध्यम से सम्पर्क करें।

आई) ईएमडी राशि के भुगतान के बाद, इच्छुक बोलीदाताओं को 18.06.2024, अप. 05.00 बजे या उससे पहले केनरा बैंक, होडल/एसएमई 1 शाखाओं को निम्नलिखित दस्तावेजों/विवरणों की एक प्रति दस्ती तौर पर से या ई-मेल द्वारा जमा करवानी चाहिए।

i) ईएमडी राशि के लिए डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर। यदि आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से भुगतान किया जाता है, तो यूटीआर नंबर के साथ उसकी पावती रसीद।

ii) पैन कार्ड, आईडी प्रूफ और पता प्रमाण की छायाप्रतियां। यद्यपि, सफल बोलीदाता को बोली राशि के 25% की शेष राशि का भुगतान करते समय इन दस्तावेजों को मूल रूप में बैंक में प्रस्तुत करना होगा।

iii) बोलीदाता का नाम, सम्पर्क नं. पता, ई-मेल आईडी। iv) ईएमडी के ऑनलाइन रिफंड हेतु बोलीदाता का अकाउंट विवरण।

जे) असफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई ईएमडी उन्हें वापस कर दी जाएगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं लगेगा।

के) नीलामी उपरोक्त अनुसार आरक्षित मूल्य पर प्रारम्भ होगी। बोलीदाता रु. 1000/- और 10000/- के गुणकों में अपने प्रस्तावों में सुधार करेंगे। 'ऑनलाइन' नीलामी बंद होने पर जो बोलीदाता सबसे अधिक बोली (आरक्षित मूल्य से ऊपर) पेश करेगा, उसे सफल बोलीदाता घोषित किया जाएगा। सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा इसकी पुष्टि के अधीन, सफल बोलीदाता के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जाएगी।

एल) सफल बोलीदाता को सफल बोलीदाता घोषित होने पर तुरंत बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) जमा करना होगा और सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर शेष राशि जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा की गई जमा राशि को बिना किसी सूचना के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को आगे फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।

एम) रु. 50 (रुपए पचास) लाख और उससे अधिक की बिक्री राशि के लिए, सफल बोलीदाता को बिक्री आय पर 1% की दर से टीडीएस काटना होगा और टीडीएस प्रमाण पत्र की मूल रसीद बैंक को प्रस्तुत करनी होगी।

एन) परिवहन हेतु सभी परिव्यय, लागू अनुसार, स्टाम्प ड्यूटी/जीएसटी पंजीकरण शुल्क, इत्यादि केवल सफल बोलीदाता द्वारा ही वहन किए जाएंगे।

ओ) प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी के नियमों और शर्तों को स्थगित/रद्द या बदलने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

यदि ऐसे बोलीदाता हैं जिनके पास इंटरनेट तक पहुंच नहीं है, लेकिन वे ई-नीलामी में भाग लेने में रुचि रखते हैं, तो वे संबंधित सर्कल ऑफिस या संबंधित शाखा से संपर्क कर सकते हैं, जो एक सुविधा केंद्र के रूप में आवश्यक व्यवस्था करेंगे, अधिक विवरण के लिए संपर्क नंबरः फोनः 0129-2413997 ईमेल आईडीः rofbdrec@canarabank.com.

**विशेष निर्देश/चेतावनी**

बोलीदाताओं को अपने स्वयं के हित में अंतिम मिनटों/सेकंडों में बोली लगाने से बचना चाहिए। ऐसे मामलों में बोलीदाता या विक्रेता की ओर से किसी भी चूक/विफलता (इंटरनेट विफलता, बिजली विफलता, आदि) के लिए न तो केनरा बैंक और न ही सेवा प्रदाता जिम्मेदार होगा। ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिए, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्था/विकल्प जैसे बैक-अप, बिजली आपूर्ति और जो भी आवश्यक हो, करें ताकि वे ऐसी स्थिति से बच सकें और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना**

## खबर संक्षेप

### दिल्ली सरकार इस माह आंगनबाड़ी लाभार्थियों के घर पहुंचाएगी पूरक पोषक आहार

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने भीषण गर्मी में आंगनबाड़ी केंद्रों को 1 जून, 2024 से 30 जून, 2024 तक बंद करने के साथ सभी आंगनबाड़ी लाभार्थियों को डोरस्टेप डिलीवरी से उनके घर पर पूरक पोषण आहार पहुंचाने का आदेश दिया है। इस बात की जानकारी दिल्ली के महिला एवं बाल विकास मंत्री कैलाश गहलोत ने सोमवार को दी है। मंत्री गहलोत ने कहा कि आंगनबाड़ी बंद होने के दौरान पूरक पोषण खाद्य सामग्री के लिए लाभार्थियों को आंगनबाड़ी केंद्र जाने की ज़रूरत नहीं है। डोर स्टेप डिलीवरी के माध्यम से पोषण खाद्य सामग्री सीधे लाभार्थियों के घर तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के इस कदम का लाभ बच्चों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के साथ-साथ, 3-6 वर्ष की आयु के उन सभी बच्चों को भी होगा, जिन्हें आंगनबाड़ी केंद्रों पर आमतौर पर गर्म पका हुआ भोजन मिलता है।

### पेयजल आपूर्ति नहीं होने से नाराज लोगों ने किया सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली। दिल्ली में इन दिनों भीषण गर्मी के बीच पीने के पानी की समस्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में लोग धरने प्रदर्शन के सहारे सरकार पर अपना गुस्सा निकाल रहे है। विभिन्न क्षेत्रों में पानी की समस्या को लेकर लोग सड़कों पर आ रहे हैं। इसी कड़ी में पुरानी दिल्ली के सीता राम बाजार में भी लोगों ने पीने के पानी की विकट हो चुकी समस्या को लेकर केजरीवाल सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में स्थानीय लोगों के साथ साथ पूर्व निगम पार्षद भी मौजूद थे। स्थानीय निवासी सुलेमान ने कहा कि दिल्ली में फ्री पानी देने की वकालत करने वाले आप पार्टी के नेता अब चुप क्यों है, जबकि पीने का पानी मिल नहीं रही है। स्थानीय निवासी राजकुमार ने कहा कि सीता राम बाजार में कई दिनों से पीने के नी की भारी किल्लत हो रही है। पानी की आपूर्ति सही करने के लिए स्नीय विधायक से लेकर डीजेबी के अधिकारियों तक सब को शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

### केजरीवाल को तिहाड़ में ऐसी कोठरी में रखा गया है जहां कूलर तक नहीं : आतिशी

नई दिल्ली। तिहाड़ जेल में अरविंद केजरीवाल को प्रताड़ित करने में भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्हें तपती गर्मी में एक ऐसी कोठरी में रखा गया है जहां कूलर की व्यवस्था नहीं है। यह आरोप सोमवार को आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने प्रैसवार्ता में लगाए हैं। वहीं उन्होंने तिहाड़ प्रशासन पर अरविंद केजरीवाल का वजन नापने में सवाल खड़े किए हैं। प्रैसवार्ता में आतिशी ने कहा कि तेज गर्मी में कुख्यात अपराधियों के लिए भी कूलर उपलब्ध करवाने वाली भाजपा की तिहाड़ प्रशासन ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तपती कोठरी में डाला है और मेडिकल एग्जामिनेशन के दौरान अरविंद केजरीवाल का ग़लत वजन रिकॉर्ड करने के लिए भाजपा की तिहाड़ प्रशासन ने 3-3 मशीनें बदल दी।

## सुबह आठ बजे शुरू हो जाएगी मतों की गिनती : सीईओ

# राजधानी में कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के सातों निर्वाचन क्षेत्रों में मंगलवार सुबह आठ बजे से शुरू होने वाली 89.21 लाख से अधिक मतों की गिनती के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अधिकारियों ने मतगणना केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की है। दिल्ली निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि सात मतगणना केंद्रों पर कुल 7,000 कर्मी तैनात किए जाएंगे।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पी. कृष्णमूर्ति ने बताया कि हमने मंगलवार सुबह आठ बजे से शुरू होने वाली मतगणना के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली हैं। जरूरी सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जिसमें मतगणना केंद्र पर त्रिस्तरीय सुरक्षा इंतजाम शामिल हैं। मतगणना कर्मचारी प्रशिक्षित और तैयार हैं।




### कर्मचारी ईवीएम को स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक पहुंचाएंगे

सीईओ ने कहा कि कुल 7,000 कर्मी होंगे और प्रत्येक खंड में लगभग 1,000 कर्मचारी होंगे, जिनमें बहुत सारे सहायक कर्मचारी शामिल होंगे जो ईवीएम को स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक ले जाने और वापस लाने जैसे कार्यों में सहायता करेंगे।

### संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए यहां होगी मतगणना

| | |
|---|---|
| चांदनी चौक | - एसकेवी, भारत नगर |
| उत्तर-पूर्वी दिल्ली | - आईटीआई, नंदनगरी |
| पूर्वी दिल्ली | - राष्ट्रमंडल खेल गांव, खेल परिसर |
| नई दिल्ली | - अटल आदर्श बालिका विद्यालय, गोल मार्केट |
| उत्तर-पश्चिम दिल्ली | - डीटीयू, शाहबाद, दौलतपुर |
| पश्चिमी दिल्ली | - एनएसयूटी, द्वारका |
| दक्षिण दिल्ली | - जीजाबाई महिला आईटीआई, सिरी फोर्ट |

### चुनाव निकाय के कर्मचारी आगे चल रहे उम्मीदवारों के बारे में माइक से करेंगे घोषणा

सीईओ पी. कृष्णमूर्ति ने बताया कि रुझानों को साझा करने के लिए मतगणना केंद्रों के बाहर डिजिटल निगरानी उपकरण लगाए जाएंगे और चुनाव निकाय के कर्मचारी प्रारंभिक रुझानों में आगे चल रहे उम्मीदवारों के बारे में माइक से घोषणा भी करेंगे। कुल 89 लाख, 21 हजार, 495 मतों की गिनती के लिए लगभग 21 से 28 राउंड की मतगणना होगी। कुल 58.69 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में मतगणना जल्द पूरी होने की उम्मीद है, जहां केवल 8 लाख, 45 हजार, 285 मत डाले गए थे। उत्तर-पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में मतगणना में अधिक समय लग सकता है क्योंकि यहां सबसे अधिक 15 लाख, 49 हजार, 202 मत पड़े थे।

### दिल्ली पुलिस ने यातायात परामर्श जारी किया

दिल्ली पुलिस ने आम चुनाव की मतगणना के मद्देनजर मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में की जा रही यातायात व्यवस्था के संबंध में एक परामर्श जारी किया है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। आम चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में संपन्न हुए। मतों की गिनती चार जून को होगी। दिल्ली में सात स्थानों पर मतों की गिनती होगी। उत्तरपूर्व दिल्ली में यह आईटीआई नंद नगरी में होगी। परामर्श में कहा गया है कि वजीराबाद रोड (मंगल पांडे रोड) पर गगन सिनेमा टी-प्वाइंट से नंद नगरी फ्लाईओवर तक यातायात की आवाजाही सुबह पांच बजे से प्रतिबंधित रहेगी। इसमें कहा गया है कि यातायात को भोपुरा सीमा, ताहिरपुर टी-पॉइंट, गगन सिनेमा टी-पॉइंट से मोड़ दिया जाएगा। इसमें कहा गया है कि वजीराबाद रोड (मंगल पांडे रोड) सुबह 5 बजे से आम यातायात के लिए बंद रहेगा। पूर्वी दिल्ली में मतगणना राष्ट्रमंडल खेल गांव, अक्षरधाम में होगी। परामर्श में कहा गया है कि इसी तरह, सुबह 5 बजे से क्षेत्र में कुछ यातायात पाबंदी रहेगी। क्षेत्र में सुचारू यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने और निर्बाध यात्रा के लिए, यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा की पहले से योजना बनाएं और वैकल्पिक मार्ग अपनाएं। इसमें कहा गया है कि सराय काले खां/'एमजीएम' की ओर से राष्ट्रीय राजमार्ग-24 की ओर आने वाले यात्री अक्षरधाम फ्लाईओवर की ओर जाएंगे और अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए पुस्ता रोड/आईटीओ/विकास मार्ग पहुंचेंगे। परामर्श में कहा गया है कि आईटीओ/पुस्ता रोड की ओर से आने वाले यात्री अक्षरधाम मंदिर के सामने अक्षरधाम फ्लाईओवर तक आएंगे और दिल्ली की ओर अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर आएंगे। परामर्श में कहा गया है कि यात्रियों से अनुरोध है कि यदि संभव हो तो इन सड़कों से बचकर सहयोग करें और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक परिवहन का अधिकतम उपयोग करें। परामर्श में कहा गया है कि जो लोग आईएसबीटी/रेलवे स्टेशन/हवाई अड्डों की ओर जा रहे हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे पर्याप्त समय के साथ अपनी यात्रा की सावधानीपूर्वक योजना बनाएं।

## कार्यकर्ता काउंटिंग के दौरान शांत रहकर करें अपना कार्य : भाजपा

### हार की हताशा से निराश आप एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता उकसा कर विवाद उत्पन्न करने का करेंगे प्रयास

नई दिल्ली। हार की हताशा से निराश आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता काउंटिंग के दौरान आपको उकसा कर विवाद उत्पन्न करने का प्रयास करेंगे पर सभी कार्यकर्ता शांत रहकर अपना कार्य करें और कोई भी समस्या होने पर अपने रिलीवर अथवा चुनाव प्रभारी को सूचित कर अपना गिनती निरीक्षण कार्य जारी रखें। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में एवं दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र की बैठकों में भाग लिया और काउंटिंग ऐजेंट्स को मंगलवार, 4 जून को बरतने वाली सावधानियों से अवगत कराते हुए यह बातें कही। बता दें कि दिल्ली भाजपा द्वारा सोमवार को संसदीय स्तर पर काउंटिंग ऐजेंट्स एवं अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण बैठकों का आयोजन किया गया था। भाजपा से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वी दिल्ली



लोकसभा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा एवं लोकसभा प्रभारी डॉ अनिल गुप्ता ने भी जिला अध्यक्ष वीजेन्द्र धामा एवं संजय गोयल की उपस्थिति में बैठक को संबोधित किया। दक्षिणी दिल्ली जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित दक्षिण दिल्ली लोकसभा की बैठक को प्रभारी राजीव बब्बर, जिला अध्यक्ष राजकुमार चौटाला एवं रणवीर तंवर ने बैठक को संबोधित किया। चांदनी चौक लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल की काउंटिंग एजेंटों की बैठक वजीरपुर में हुई जिसमें लोकसभा प्रभारी राजेश भाटिया, जिला अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह एवं वीरेन्द्र गोयल उपस्थित थे। नई दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज की काउंटिंग एजेंटों की बैठक तुगलक लेन स्थिति कार्यालय में हुई जिसमें लोकसभा प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह एवं जिला अध्यक्ष सुनील कक्कड़ एवं राजीव राणा उपस्थित थे। उत्तर पश्चिम लोकसभा प्रत्याशी योगेन्द्र चंदोलिया की काउंटिंग एजेंटों की बैठक जिला कार्यालय में हुई जहां लोकसभा प्रभारी राज कुमार भाटिया, जिला अध्यक्ष सत्यनारायण गौतम एवं रामसिया सरण उपस्थित थे। पश्चिमी दिल्ली लोकसभा प्रभारी कमलजीत सहरावत की काउंटिंग एजेंटों की बैठक लोकसभा कार्यालय में संपन्न हुई जिसमें लोकसभा प्रभारी जयप्रकाश जे.पी. एवं जिला अध्यक्ष राजकुमार ग्रोवर एवं रमेश शोखंदा उपस्थित थे। उत्तर-पूर्वी लोकसभा प्रत्याशी मनोज तिवारी की काउंटिंग एजेंटों की बैठक वाईट कैशल में हुई जिसमें लोकसभा प्रभारी विष्णु मित्तल, जिला अध्यक्ष पूनम चौहान एवं मनोज त्यागी उपस्थित थे।

### दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों को प्रचंड बहुमत से जीत रही भाजपा : राजा इकबाल

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल की दिल्ली सरकार एवं आम आदमी पार्टी की निगम की सरकार हर मोर्चे पर असफल साबित हुई है और आप सरकार की नाकामयाबी की वजह से दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों को भाजपा प्रचंड बहुमत से जीत रही है। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष एवं पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सोमवार को केजरीवाल सरकार को घेरते हुए यह दावा किया है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली की जनता ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों में भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा झूठ की बुनियाद पर खड़ी की गई इमारत ज्यादा दिन नहीं चल सकी एवं दिल्ली की जनता का मोह आम आदमी पार्टी से उठ चुका है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि भाजपा दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है। हम उम्मीद करते हैं कि जल्द ही दिल्ली में भी डबल इंजन की सरकार आएगी एवं दिल्ली की जनता के रुके हुए कार्य एवं दिल्ली के विकास को भी गति मिल सकेगी।

### एआईसीसी कार्यालय में मनाया जाएगा जीत का जश्न: यादव

नई दिल्ली। एग्जिट पोल में लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन की हार की आशंका जताने के बावजूद कांग्रेस पार्टी जीत के प्रति आश्वस्त है और जश्न की तैयारी कर रही है। दिल्ली की सात में से महज तीन सीटों पर चुनाव लड़ने वाली दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव का कहना है कि एक्जिट पोल पर हमारे नेता राहुल गांधी ने साफ बयान दे दिया है। चार जुन को मतगणना में इंडिया गठबंधन की भारी जीत होने जा रही है। कांग्रेस के उम्मीदवार भारी मतों से जीतने जा रहे है। यादव ने बताया कि जीत का जश्न एआईसीसी कार्यालय 24 अकबर रोड में मनाया जाएगा, इसकी तैयारी की जा रही है। कांग्रेस नेताओं के अनुसार मतगणना शुरू होने के बाद सुबह से नेता, कार्यकर्ता और समर्थक एआईसीसी कार्यालय पहुंचेंगे। जानकारी अनुसार एआईसीसी कार्यालय के प्रांगण में सोमवार को ही टेंट का बढ़ा ढांचा खड़ा हो गया है और उसके अंदर कई तरह की तैयारियां की जा रही है। इंडिया गठबंधन के जीतते ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के देश व कार्यकर्ताओं को संबोधित करने की विशेष तैयारी की जा रही है। जीत के जश्न को यादगार बनाने के लिए कांग्रेस ने ढोल, ताशे, नगाड़े, मिठाई, बम-पटाखों आदि की भी व्यवस्था की है।

### देश में एग्जिट पोल बंद होने चाहिए : संजय सिंह

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने मतगणना से एक दिन पहले सोमवार को देश में एग्जिट पोल पर पूरी तरह से रोक लगाने की मांग करते हुए दावा किया कि यह कई बार गलत साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा एग्जिट पोल के जरिए देश की जनता को भ्रमित और मतगणना को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। सर्वे एजेंसियों ने खुद ही अपने एग्जिट पोल को अविश्वसनीय बना दिया है। मसलन, झारखंड में सीपीआईएम चुनाव नहीं लड़ रही है, लेकिन उसे 2-3 सीटें दी जा रही हैं, जबकि बिहार में 5 सीटों पर चुनाव लड़ रही एलजेपी को 6 सीटें दी जा रही हैं। उत्तराखंड में कुल 5 सीटें हैं लेकिन भाजपा को 6 सीटें दी जा रही हैं। इसी तरह, राजस्थान में कुल 25 सीटें हैं और नतीजे 33 सीटों के दिखाए जा रहे हैं।

## शक होने पर रिटर्निंग ऑफिसर को आपत्ति दर्ज कराएं काउंटिंग एजेंट : आप



नई दिल्ली। अगर काउंटिंग एजेंट को किसी भी तरह का कोई शक होता है तो उसे तुरंत अपनी शिकायत रिटर्निंग ऑफिसर के पास दर्ज करानी है। किसी भी हाल में काउंटिंग एजेंट को चुप नहीं रहना है। यह बातें सोमवार को आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद डॉ संदीप पाठक ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में काउंटिंग एजेंटों को ट्रेनिंग देने के दौरान कही। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव की वोटों की गिनती आज होगी। इसी को लेकर आम आदमी पार्टी मुख्यालय में काउंटिंग एजेंटों को ट्रेनिंग दी गई। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद डॉ संदीप पाठक ने सोमवार को काउंटिंग एजेंटों को ट्रेनिंग दी। ट्रेनिंग सेशन में आम आदमी पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार सोमनाथ भारती भी मौजूद रहे। राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने कहा कि कल होने वाली वोटों की गिनती को लेकर आज हमने पार्टी मुख्यालय में अपने काउंटिंग एजेंटों के लिए एक ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया। संदीप पाठक ने सभी काउंटिंग एजेंटों से कहा है कि उनको सुबह 6 बजे तक अपने-अपने मतगणना केंद्र पर पहुंच जाना है। जब तक एक-एक वोट की गिनती नहीं हो जाती तब तक किसी भी एजेंट को मतगणना केंद्र छोड़कर नहीं जाना है।

### ईवीएम मशीन की अच्छे तरीके से करनी है जांच : पाठक

संदीप पाठक ने आगे कहा कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार सबसे पहले पोस्टल बैलट की गिनती की जाएगी। यदि पोस्टल बैलट की गिनती को बाद में करने का प्रयास हो तो तुरंत अपनी आपत्ति दर्ज करानी है और सबसे पहले पोस्टल बैलट की गिनती करवाने पर जोर देना है। पोस्टल बैलट की पर्ची में कोई भी गड़बड़ी हो तो तुरंत आपत्ति दर्ज कराएं और उसे अवैध दर्ज कराएं। हर ईवीएम मशीन की जांच अच्छे तरीके से करनी है। एजेंट को यह भी चेक करना है कि बैलट यूनिट के बॉक्स की सील के साथ कोई छेड़खानी तो नहीं की गई है। उसका नंबर और डाटा, शीट से मेल खा रहा है या नहीं यह भी चेक करना है। ईवीएम मशीन में मतदान की तारीख और मतगणना की तारीख को चेक करना है और उसे अपनी शीट में लिख लेना है। ईवीएम मशीन में मतदान शुरू होने से लेकर मतदान खत्म होने तक का समय चेक करना है।

### 17 सी फार्म पर दी गई जानकारी का करना है मिलान : सोमनाथ

ट्रेनिंग में मौजूद लोकसभा प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने कहा कि काउंटिंग एजेंटों को यह सुनिश्चित करना है कि जो ईवीएम बॉक्स खुले हैं वह बॉक्स उसी बूथ के होने चाहिए। काउंटिंग एजेंट को कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपैट यूनिट का नंबर भी मिलाना है। कब वह बॉक्स आखिरी बार खुला था और कब आखिरी बार बंद किया गया है इन सारी चीजों को चेक करना है। 17 सी फार्म पर जो जानकारी दी गई है उसका मिलान करना है। किसी भी तरह की चूक नहीं होनी चाहिए। अगर आपकी ईवीएम के नंबर का मिलान नहीं हो रहा है तो तुरंत अपनी आपत्ति दर्ज कराएं।

मतगणना के दौरान अगर काउंटिंग एजेंट को किसी भी तरह का कोई शक होता है तो उसे तुरंत अपनी शिकायत रिटर्निंग ऑफिसर के पास दर्ज करानी है। किसी भी हाल में काउंटिंग एजेंट को चुप नहीं रहना है। काउंटिंग एजेंट को हर ईवीएम मशीन का नंबर और मशीन को खोलने का समय जरूर मैच करना है। उनको एक-एक वोट की गिनती पर कड़ी नजर बनाए रखनी है।

## एलजी ने किया आनंद का इस्तीफा स्वीकार, मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार में मंत्री राजकुमार आनंद के इस्तीफे को दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने स्वीकार कर लिया है। एलजी ने अब इस्तीफे पर अंतिम निर्णय के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास भेज दिया है। राजनिवास से मिली जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आनंद के इस्तीफे को मंजूरी के लिए 31 मई 2024 को एलजी की मंजूरी के लिए भेजा था। मुख्यमंत्री इस दौरान 21 दिन के लिए जेल से अंतरिम जमानत पर बाहर थे। बता दें कि आनंद ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल में जाने के बाद कई गंभीर आरोप लगाते हुए अपने पद व पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। लेकिन सीएम केजरीवाल के जेल में रहने के कारण लंबे समय तक मंजूरी नहीं मिली थी। बाद में केजरीवाल को 21 दिन के लिए जेल से अंतरिम जमानत मिली और उन्होंने वापस जेल जाने से दो पूर्व 31 मई 2024 को आनंद के इस्तीफे को मंजूरी देते हुए एलजी के पास भेजा। सूत्रों की मानें तो केजरीवाल ने अंतरिम जमानत के 21 दिनों में केवल आनंद के इस्तीफे को ही मंजूरी है। केजरीवाल ने दिल्ली नगर निगम के महापौर के चुनाव को मंजूरी नहीं दी है, जिससे अब मेयर के चुनाव लंबित होते जा रहे है। सनद रहे कि आनंद ने पद व आप पार्टी से इस्तीफा देने के बाद बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ली और नई दिल्ली लोकसभा सीट से सांसद का चुनाव भी लड़ा। चुनाव के नतीजे मंगलवार को आने है। आनंद के इस्तीफा देने के बाद उनके अंतर्गत एससी, एसटी कल्याण, समाज कल्याण, सहकारिता और गुरुद्वारा चुनाव जैसे मंत्रालय पूरी तरह से पंगु हो गए थे। क्योंकि नियमों के अनुसार अगर कोई मंत्री पद से इस्तीफा दे देता है तो मंत्री के सभी मंत्रालय मुख्यमंत्री के अधीन आ जाते है। लेकिन दिल्ली सरकार में समस्या यह रही कि खुद सीएम केजरीवाल जेल में बंद थे। ऐसे में आनंद के सभी मंत्रालय पूरी तरह निरूर्कीय हो गए थे।

## मानसून को देखते हुए निकाली जा रही है गाद : एमसीडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मानसून को देखते हुए गाद निकालने का कार्य जारी है। दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि एमसीडी सफलतापूर्वक गाद निकालने और नालों की सफाई का काम कर रही है और मानसून की शुरुआत से पहले अपने अधिकार क्षेत्र के सभी नालों की सफाई के लक्ष्य को पूरा करने के लिए लगातार काम कर रही है। गाद निकालने की वर्तमान कार्य योजना के अनुसार 713 नालों (4 फीट और उससे अधिक) से करीब 1 लाख, 27 हजार 736.03 मीट्रिक टन गाद निकालने का प्रस्ताव है। निगम प्रशासन के अनुसार गाद दो चरणों में हटाई जा रही है। पहले चरण में 78179.85 मीट्रिक टन और दूसरे चरण में 49556.12 मीट्रिक टन हटाई जाएगी। जानकारी के अनुसार पहले चरण में 62999.43 मीट्रिक टन (3 जून 2024 तक जो कि चरण-एक का 80.51 प्रतिशत है) हटाई गई है।

## मंत्री भारद्वाज ने किया रैन बसेरों का औचक निरीक्षण

# सभी रैन बसेरों में की जाए ठंडे पानी और एयर कूलर की व्यवस्था: सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के शहरी विकास मंत्री एवं दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब विभाग के वाइस चेयरमैन सौरभ भारद्वाज ने गर्मी और हीट वेव के चलते डूसिब के सीईओ को निर्देश दिए हैं कि वह युद्ध स्तर पर दिल्ली के सभी रैन बसेरों में निरीक्षण करें और जहां कहीं भी व्यवस्था में कोई भी कमी पाई जाए, उसे तुरंत प्रभाव से दुरुस्त किया जाए। जहां कहीं भी पानी की व्यवस्था में कोई कमी नजर आए तुरंत ठंडे पानी की व्यवस्था की जाए और जहां कहीं भी हवा देने वाले वाटर एयर कूलर की समस्या नजर आए, तुरंत उस समस्या को दूर कर हवा देने वाले वाटर एयर कूलरों का इंतजाम किया जाए।



गौरतलब कि सोमवार वार को दिल्ली के शहरी विकास मंत्री एवं डूसिब विभाग के वाइस चेयरमैन सौरभ भारद्वाज ने बढ़ती गर्मी और हीट वेव के चलते दिल्ली के कई रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। लगभग दोपहर 3 बजे के आसपास शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने यह औचक निरीक्षण किया। इस औचक निरीक्षण के जरिए मंत्री सौरभ भारद्वाज रैन बसेरों में गर्मी और हीट वेव से बचने के पुख्ता इंतजामों की जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि रैन बसेरे में गर्मी से बचने के पर्याप्त साधन है या नहीं, लोगों के पीने के लिए पर्याप्त पानी है या नहीं तथा गर्मी से राहत देने वाले अन्य साधनों की पर्याप्त उपलब्धता है या नहीं। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने यह औचक निरीक्षण बिना किसी को बताए अकेले अचानक किया, ताकि परिस्थितियों की सत्यता का पता लगाया जा सके। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जिन रैन बसेरों में उन्होंने औचक निरीक्षण किया, वहां पर जांच के दौरान उन्होंने पर्याप्त मात्रा में लोगों के लिए पीने का ठंडा पानी देने वाले वाटर डिस्पेंसर और ठंडी हवा के लिए वाटर एयर कूलर के पर्याप्त इंतजाम दिखे। उन्होंने बताया कि दिल्ली में बहुत सारे अलग-अलग जगह पर रैन बसेरे बने हुए हैं, तो एहतियात बरतते हुए उन्होंने डूसिब विभाग के सीईओ को निर्देश जारी किए हैं, कि वह युद्ध स्तर पर दिल्ली के सभी रैन बसेरों में निरीक्षण करें और जहां कहीं भी व्यवस्था में कोई भी कमी पाई जाए, उसे तुरंत प्रभाव से दुरुस्त किया जाए।

### भीषण गर्मी में भी दिल्ली मेट्रो करवा रही है कूल कूल यात्रा

नई दिल्ली। दिल्ली एनसीआर में इन दिनों भीषण गर्मी और झुलसा देने वाली लु चल रही है। पारा 46-50 डिग्री तक पहुंच चुका है। ऐसे में सार्वजनिक परिवहन साधनों में गर्मी के बीच यात्रा करना बेबसी और मजबूरी से ज्यादा कुछ नहीं कहा जा सकता। लेकिन दिल्ली एनसीआर में दिल्ली मेट्रो रेल सार्वजनिक परिवहन के रूप में यात्रियों को इस भीषण गर्मी में भी ठंडी ठंडी कूल कूल यात्रा करवा रही है। बाहर 46-50 डिग्री का तापमान टॉर्चर और मेट्रो के अंदर 24 डिग्री की ठंडक, शीतलता प्रदान करते हुए यात्रा करने से ज्यादा सुखद क्या हो सकता है। यह सब डीएमआरसी के 5000 एसी यूनिट व वातावरण के अनुकूल लगे सिस्टम की बदौलत हो रहा है। इस बारे में डीएमआरसी कॉर्पोरेट संचार के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि दिल्ली में इस भीषण गर्मी के दौरान दिल्ली मेट्रो अपने पूरे नेटवर्क में ठंडी सुखद सेवाएं दे रही है। डीएमआरसी रोजाना करीब 1.40 लाख किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 4200 से अधिक ट्रेन सेवाएं दे रहा है।

### डीजेबी का दावा जल शोधन एक हजार एमजीडी के पार पहुंचा, जल्द सुधरेगी आपूर्ति

नई दिल्ली। एक तरफ जहां दिल्ली में इन दिनों पीने की पानी की भीषण किल्लत जारी है, वहीं दूसरी तरफ दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) का दावा है कि सभी शोधन संयंत्रों में जल शोधन की मात्रा बढ़कर 1 हजार एमजीडी को पार कर चुकी है। जाहिर है ऐसे में दिल्ली में पेयजल संकट नहीं होना चाहिए, लेकिन जगह जगह लोग पानी के लिए सड़कों पर उतर रहे हैं। डीजेबी के समर एक्शन प्लान के आला अधिकारी ने बताया कि सोमवार को सभी 9 जल शोधन संयंत्र अपनी तय क्षमता 956 एमजीडी से ज्यादा 1002.62 एमजीडी पानी का शोधन किया गया। अधिकारी ने बताया कि वजीराबाद में यमुना बैराज का जलस्तर 671.3 है। डीजेबी ने यमुना बैराज से 155 एमजीडी पानी का शोधन किया। जबकि शेष अन्य तरीके से लिए गए कच्चे पानी का शोधन कर पीने लायक बनाया गया है। अधिकारी की माने तो पीने के पानी की मांग बढ़ने के कारण कहीं कहीं कमी दर्ज हो रहे है, जिसे टैंकरों द्वारा पूरा करने में डीजेबी कोई कमी नहीं छोड़ रहा है। उम्मीद है कि बहुत जल्द आपूर्ति सामान्य हो जाएगी। अधिकारी ने गंदे पानी की आपूर्ति को भी सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह व्यापक स्तर पर संभव ही नहीं है। क्योंकि डीजेबी व्यापक स्तर पर घरों से पानी के नमूने उठाने से लेकर आधुनिक लेबों में जांच तक करने का पूरा सिस्टम है।


## खबर संक्षेप

### रिलेटिव बनकर महिला से 48 हजार रुपए ठगे




**गुरुग्राम**। साइबर वेस्ट, पालम विहार एरिया में जालसाज ने महिला का रिलेटिव बनकर गंभीर परेशानी बताकर महिला से 48 हजार 500 रुपए ठग लिए। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। नीतू गुप्ता ने कहा कि उसके पास कॉल आई। जिसमें बताया कि वह उसके रिश्ते में चाचा लगता है। उसकी हालत बहुत खराब चल रही है। नीतू उसके हालात सुनकर दुखी हो गई और उसके कहने पर 48 हजार 500 रुपए ट्रांसफर कर दिए।

### दलितों के घर में घुसकर मारपीट, गिरफ्तार



**गुरुग्राम**। भोंडसी थाना पुलिस ने बहलपा गांव में दलितों के घर में घुस कर मारपीट करने के आरोप में आठ को काबू कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से डंडे भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने आरोपियों को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। दबंगों ने फैसले का दवाब बनाने के लिए दलित के घर में घुसकर मारपीट की वारदात को अंजाम दिया था। रविवार को भोंडसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बहलपा गांव में दबंगों ने एक दलित के घर में घुसकर मारपीट की थी।

### ट्रैफिक नियम तोड़ने पर 431 के काटे चालान



**फरीदाबाद**। यातायात पुलिस ने ओवर स्पीड वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 173 वाहन चालकों के चालान काटकर जुर्माना लगाया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 431 वाहन चालकों के चालान किए गए है। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के बारे में नागरिकों को लगातार जागरूक किया जा रहा है । फिर भी कुछ वाहन चालक नियमों की अनदेखी करते हुए यातायात नियमों का पालन नहीं करते, जिससे उन्हें सबक सिखाया जाता है।

### निशुल्क सिलाई सिखाने का काम किया शुरू



**फरीदाबाद**। शक्ति फाउंडेशन के प्रयास से गांव एतमादपुर में महिलाओं को निशुल्क सिलाई सिखा कर आत्मनिर्भर बनाने की शुरुआत की । फाउंडेशन के वरिष्ठ अधिकारी आशु अरोड़ा ने बताया कि यह महिलाएं सिलाई सीखकर कपड़ा निर्यात कारखाने में नौकरी पाकर अपने आप में आत्मनिर्भर बना सकेंगी। सीखने के दौरान वेस्ट फैब्रिक से थैले बनाएंगी। जिसको विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुफ्त में कालोनियों, सब्जी मंडी व बाजार तक पहुंचाया जाएगा। यह कपड़ा दिल्ली एनसीआर की कुछ गारमेंट की कम्पनियों से लिया जाएगा।

### अश्लील मैसेज और कॉल करने पर केस दर्ज




**गाजियाबाद**। गाजियाबाद के निवाड़ी थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण एक बदमाश द्वारा महिला को वाट्सएप पर अश्लील मैसेज और वीडियो कॉल कर बदनाम किया जा रहा। आरोप है कि पीड़िता ने इसकी शिकायत थाना और चौकी पुलिस से की, लेकिन पुलिस ने सुनवाई नहीं की। उच्चाधिकारियों के आदेश पर निवाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई है। महिला के मुताबिक इंस्टाग्राम पर आईडी से उसका नंबर लेकर काफी दिनों से उसे परेशान किया जा रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

---

ईसीआई जीओवी पर देख सकते हैं चुनाव परिणाम

# ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली पर अपलोड होंगे परिणाम, वोटर हेल्पलाइन एप पर भी देख सकेंगे

*जिला मुख्यालय पर मतगणना केंद्रों पर मीडिया के लिए मीडिया सेंटर बनाए हैं।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार ईसीआई.जीओवी.इन पर लोकसभा चुनाव-2024 के मतगणना का परिणाम आमजन देख सकेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि आनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली पर साथ साथ अपलोड करके वोटर हेल्पलाइन एप पर भी उपलब्ध कराई जाएगी।



#### मतगणना केंद्रों के आसपास केवल प्राधिकृत व्यक्ति-कर्मचारी ही जा सकेंगे

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चार जून लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतगणना होगी। मतों की गिनती का कार्य सुबह 7 बजे से शुरू हो जाएगा। इस दौरान मतगणना केंद्रों में और उसके आसपास केवल प्राधिकृत व्यक्ति अधिकारी या कर्मचारी ही जा सकेंगे। आमजन व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं को मतगणना क्षेत्र के आसपास भीड़ करने की जरूरत नहीं है, बल्कि घर बैठे ही परिणाम जान सकते हैं। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग को हिदायतों के अनुरूप मतगणना के लिए जिला मुख्यालय पर बनाए गए मतगणना केंद्रों पर मीडिया के लिए मीडिया सेंटर बनाए गए हैं। ताकि मीडिया से जुड़े कर्मी वहां से परिणाम की नवीनतम जानकारी हासिल कर सकें। उन्होंने बताया कि मतगणना केंद्रों में केवल भारत निर्वाचन आयोग से अधिकृत मीडिया के लोग ही प्रवेश करेंगे। मतगणना केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू की जा चुकी है। कड़ी सुरक्षा के बीच मतों की गणना का कार्य किया जाएगा। इस बारे में सभी संबंधित एआरओ को जरूरी निर्देश दिए जा चुके हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि अत्यधिक गर्मी के चलते लोकसभा चुनाव के परिणाम घर बैठे आसानी से देखे जा सकते हैं।

इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट रिजल्ट ईसीआई.जीओवी.इन या वोटर हेल्पलाइन एप का इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग ने भी हीट वेव के नियमों की पालन के लिए गर्मी के मौसम के मद्देनजर आम जनता को घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है।

---

पुलिस बल तैनात, लोगों से वैकल्पिक मार्गों के उपयोग की अपील की

# मतगणना को लेकर गुरुग्राम पुलिस के थ्री लेयर सुरक्षा प्रबंध, 8 नाके लगाए

गुरुग्राम में मतगणना केंद्र के चारों तरफ सुरक्षा व पुलिस प्रबंध किए गए हैं। वहीं आसपास के क्षेत्र पर गुरुग्राम पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

लोकसभा चुनाव-2024 के लिए मतदान के बाद अब मतगणना को लेकर गुरुग्राम पुलिस ने व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं।

मतगणना केंद्र में प्रवेश के लिए पुलिस ने फ्रिस्किंग निरीक्षण सहित सुरक्षा की थ्री लेयर सुरक्षा का प्रबंध किया है। मतगणना केन्द्र के चारों तरफ सुरक्षा व पुलिस प्रबंध किए गए हैं। वहीं आसपास के क्षेत्र पर गुरुग्राम पुलिस की पैनी नजर रहेगी। गुरुग्राम पुलिस किसी भी परिस्थिति से कुशलता पूर्वक निपटने के लिए सभी संसाधनों सहित तैनात/तैयार रहेगी।



**पुलिस कमिश्नर ने लिया सुरक्षा प्रबंधों का जायजा**

पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा ने लोकसभा-2024 के चुनावों की मतगणना से पूर्व गुरुग्राम पुलिस द्वारा किए गए सुरक्षा प्रबन्धों का जायजा लिया। वहीं सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए रिहर्सल की गई और सुरक्षा-व्यवस्था सम्बन्धी उचित आदेश, दिशा-निर्देश भी दिए। इस रिहर्सल में डीसी निशान्त यादव गुरुग्राम सहित गुरुग्राम के सभी पुलिस उपायुक्त व सहायक पुलिस आयुक्त शामिल हुए।

#### गुरुग्राम के राजकीय महिला कॉलेज में होगी मतगणना

लोकसभा चुनाव-2024 के लिए गुरुग्राम में 25 मई को सम्पन्न हुए मतदान के मतों की मतगणना 4 जून को होनी निश्चित हुई है। गुरुग्राम में यह मतगणना राजकीय महाविद्यालय महरौली रोड़, सेक्टर-14, गुरुग्राम में होगी। जिला गुरुग्राम की चारों विधान सभा क्षेत्रों (पटौदी, बादशाहपुर, गुरुग्राम व सोहना) व डाक मतपत्रों के मतों की मतगणना भी इसी कॉलेज में 5 स्थानों पर (अलग-अलग ब्लॉक में) की जाएगी। इन स्थानों पर गुरुग्राम पुलिस द्वारा उचित बल में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस ने मतगणना स्थल पर कानून-व्यवस्था, सुरक्षा-व्यवस्था व शान्ति बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबन्ध किए हैं।

#### कॉलेज के सभी गेट रहेंगे बंद

मतगणना केन्द्र (महाविद्यालय) के सभी गेट सुरक्षा के कारणों से बन्द रहेंगे। सभी अधिकारी, कर्मचारी, कैंडिडेट, एजेंट आदि के प्रवेश सिर्फ मुख्य द्वार से करने की अनुमति होगी। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार कॉउंटिंग सुपरवाइजर, असिस्टेंट कॉउंटिंग सुपरवाइजर, ऑब्जर्वर, माइक्रो ऑब्जर्वर, चुनाव आयोग द्वारा अधिकृत व्यक्ति, चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारी व अधिकृत मीडियाकर्मी आदि, इन सभी को उनके फोटो वाले पहचान-पत्र की जाँच करने उपरान्त ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। मतगणना केन्द्र पर आने वाले इलेक्शन कमिशन के अधिकारी/कर्मचारी, पुलिस कर्मचारी, अन्य कर्मचारी, अधिकारीगण, उम्मीदवार, एजेन्ट आदि सम्मिलित होंगे। इन सभी के वाहनों की पार्किंग के लिए महाविद्यालय के अन्दर व आईटीआई में उचित प्रबंध किए गए हैं।

#### डीसीपी को सुरक्षा की जिम्मेदारी

पुलिस कमिश्नर के निर्देशानुसार मतगणना केंद्र पर पुलिस उपायुक्त पद के अधिकारी को सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। मतगणना केन्द्र की तरफ जाने वाले रास्तों पर व आस-पास कुल 8 पुलिस नाके लगाए गए हैं। प्रत्येक मतगणना केंद्रों व आसपास समुचित संख्या में महिला पुलिस बल तैनात किया गया है। सुरक्षाकर्मी सहित किसी भी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित रहेगा। मतगणना समाप्त होने उपरान्त भी ईवीएम की सुरक्षा हेतू सुरक्षा गार्ड तैनात रहेगी। मतगणना का परिणाम आने उपरान्त यदि कोई विजय जलूस निकालना चाहता है तो उसके लिए व्यापक पुलिस सुरक्षा प्रबंध किया गया है। मतगणना केन्द्र की तरफ जाने वाले सभी मार्गों की बजाए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करने की अपील की गई है। जिससे मतगणना केंद्र वाले मार्गों पर यातायात जाम व भीड़भाड़ की स्थिति न बने।

---

दिग्गजों ने पढ़ाया संयम और धैर्य का पाठ

# मतगणना के दौरान मौके पर समय से पहुंचने व आखिर तक डटे रहने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

भाजपा के रणनीतिकारों ने अपने सभी मतगणना एजेंट के साथ मतगणना स्थल पर करणीय बिंदुओं के साथ एक सफल रणनीति बनाने के लिए एकत्र हुए।

बैठक के दौरान सभी मतगणना एजेंटों को सुबह 7 बजे से पूर्व की फॉर्म में एकत्र होकर अपने-अपने पहचान पत्र के साथ आवंटित मतगणना पंडाल में टेबल पर पहुंचने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। पूर्व महापौर आशु वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं से संयम और धैर्य के साथ डटे रहकर काम करने का आग्रह किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने अपने सभी कार्यकर्ताओं को नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के एग्जिट पोल और गाजियाबाद लोकसभा के सांसद के रूप में अतुल अग्रवाल गर्ग को सभी कार्यकर्ताओं की ओर से अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

संजीव शर्मा ने कहा कि हमारा कार्यकर्ता जीत के संकल्प के साथ अपने टेबल पर बैठकर मतगणना की प्रक्रिया में अपना सहयोग देगा वहीं दूसरी तरफ हार के डर से विपक्षी दल के कार्यकर्ता मिनट मिनट में अपने हर का ठीकरा फोड़ते नजर आएंगे। मगर यह न भूले कि जनादेश का अपमान करने वालों को जनता माफ करने वाली नहीं है। भाजपा के कार्यकर्ता को आखिरी राउंड और आखिरी मशीन की गिनती पूरी होने तक अपनी उपस्थिति को अपनी टेबल पर बनाए रखना है।

#### बैठक में मुख्य रूप से बड़े नेता रहे मौजूद

इस महत्वपूर्ण बैठक में भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा की अध्यक्षता के साथ, लोकसभा के प्रत्याशी अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही पूर्व महापौर आशु वर्मा, जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, पूर्व अध्यक्ष अजय शर्मा,पूर्व अध्यक्ष महेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विजय मोहन, मुरादनगर विधानसभा विधायक अजीत पाल त्यागी लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर धौलाना विधायक पूर्व विधायक धर्मेश तोमर वरिष्ठ नेता राजेंद्र त्यागी, ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी, महामंत्री पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, राजेश त्यागी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी सहित सैकड़ों प्रमुख कार्यकर्ता उपास्थित रहे।

---

विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए

# स्कूली बच्चों के लिए 24 जून तक साई धाम में समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सेक्टर 86 स्थित साई धाम में सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इन इंडिया के तत्वावधान में समर कैंप का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल, पूर्व आईएएस धर्मबीर व उनकी पत्नी प्रो. केया शामिल हुए। शिरडी साई बाबा स्कूल के छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। 3 से 24




जून तक इस समर कैंप में शिरडी साई बाबा स्कूल के छात्रों के साथ साथ सरकारी कन्या विद्यालय, सरकारी मॉर्डन स्कूल सराय ख्वाजा, सरकारी मॉर्डन स्कूल ओल्ड फरीदाबाद के छात्र-छात्राएं भी शामिल होंगे।

---

भीषण गर्मी में 5 लाख लोग होंगे प्रभावित

# फरीदाबाद में 3 जून से 36 घंटे नहीं होगा पानी सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भयंकर गर्मी के बीच लोग पानी के लिए जूझ रहे हैं और धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। ऐसे समय में शहर में तीन जून से 36 घंटे के लिए पानी सप्लाई बंद करने का शेड्यूल जारी किया गया है।

मोठूका में लगे रेनीवेल से पानी सप्लाई बंद करने के कारण दिक्कत बढ़ेगी। मुंबई-वडोदरा लिंक रोड निर्माण कार्य के कारण पानी सप्लाई बंद रखने का फैसला लिया गया है। शहर के लोगों ने नाराजगी जताई है कि गर्मी के मौसम में पानी सप्लाई बंद करने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई। अधिकारियों ने कहा है कि किसी को पानी संबंधी समस्या आती है तो वह अपने क्षेत्र के एसडीओ व जेई से संपर्क कर सकते हैं।



#### गर्मी में बढ़ेगी मुसीबत

रेनीवेल की वाटर सप्लाई पाइपलाइन नं. 1 से 3 जून की सुबह 9 बजे से पानी की सप्लाई बंद की जाएगी, जो चार जून रात 9 बजे तक बंद रहेगी। सेक्टर-64 के निकट लिंक रोड निर्माण के चलते यह समस्या आई। पानी लाइन शिफ्ट की जाएगी और साथ ही पानी सप्लाई का कनेक्शन किया जाएगा। इस वजह से पानी सप्लाई को बंद करने का निर्णय लिया गया है।

---

आरआरटीएस कॉरिडोर पर विकसित किया जा रहा वर्षाजल संचयन तंत्र

लाखों क्यूबिक मीटर ग्राउंड वाटर रिचार्ज होने की है अपेक्षा

# दिल्ली से मेरठ तक बनाए जाएंगे 900 से ज्यादा वर्षाजल संचयन पिट्स, 75% से अधिक काम हो चुका है पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

दिल्ली से मेरठ के बीच बन रहे देश के पहले आरआरटीएस कॉरिडोर पर वैश्विक पर्यावरण लक्ष्यों के अनुरूप वर्षा जल संचयन के लिए प्रभावी तंत्र तैयार किया जा रहा है।

इसके तहत दिल्ली के सराय काले खां से लेकर मेरठ के मोदीपुरम तक के एलिवेटेड वायडक्ट, स्टेशनों व डिपो में 900 से ज्यादा वर्षाजल संचयन पिट्स बनाए जा रहे हैं। इनमें से लगभग 75 प्रतिशत से ज्यादा का काम पूरा हो चुका है और बाकी का कार्य प्रगति पर है। इन पिट्स के जरिए लाखों क्यूबिक मीटर ग्राउंड वाटर रिचार्ज होने की अपेक्षा है। प्रवक्ता




पुनीत वत्स ने बताया कि कॉरिडोर के एलिवेटेड हिस्से में बनाए जा रहे ये वर्षा जल संचयन पिट्स एलिवेटेड वायाडक्ट स्पैन पर इस तरीके से बनाए जाते हैं, जिससे वर्षा-जल का अपने वास्तविक रूप में संग्रहण किया जा सके।

वहीं स्टेशनों पर प्रत्येक प्रवेश-निकास द्वारों के पास 2-2 वर्षा जल संचयन पिट्स विकसित किए जा रहे हैं। इस कॉरिडोर पर ट्रेनों के रखरखाव और संचालन के लिए दो डिपो होंगे। एक डिपो दुहाई, गाजियाबाद में बनकर तैयार हो चुका है व दूसरा मोदीपुरम मेरठ में निर्मित किया जा रहा है। दुहाई डिपो में 20 से ज्यादा वर्षा जल संचयन पिट्स बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि आरआरटीएस कॉरिडोर पर 34 किमी के सेक्शन में साहिबाबाद से मोदी नगर नॉर्थ तक नमो भारत ट्रेनों का संचालन जनता के लिए शुरू हो चुका है। इस सेक्शन में वर्षा जल संचयन पिट्स तैयार हो चुके हैं ।

---

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **समीर दास निदेशक एवं अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**, पताः सी–141, दूसरी मंजिल, प्रीत विहार, दिल्ली–110092 और 2, पार्क साईड रोड़ कोलकाता, पश्चिम बंगाल ने **CT. Case No. 17951/2016, U/s 138 NI Act,** थानाः तुगलक रोड़, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **समीर दास निदेशक एवं अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **समीर दास निदेशक एवं अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CT. Case No. 17951/2016, U/s 138 NI Act,** थानाः तुगलक रोड़, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **समीर दास निदेशक एवं अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईशा सिंह
महानगर दंडाधिकारी–03
कमरा नंबर 18
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/6605/NDD/2024
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजा @ वीरा, पुत्रः विनोद, पताः म.नं. 108, गली नं. 16, चौधरी डेयरी के पास, संत नगर, बुराड़ी, दिल्ली** ने **FIR No. 631/2021, U/s 25/54/59 Arms Act, पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजा @ वीरा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजा @ वीरा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 631/2021, U/s 25/54/59 Arms Act, पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अभियुक्त **राजा @ वीरा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.08.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिव्या अरोड़ा
महानगर दंडाधिकारी–04 (उत्तर–पश्चिम)
कमरा नं. 112, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5946/NW/2024

## खबर संक्षेप

### जनता ने सांसद का सर्टिफिकेट दे दिया



**अयोध्या।** मतगणना के पहले इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने कहा है कि नौ चुनाव में जीत चुका हूं, इतना समर्थन इतना लगाव, इतना प्यार, इतनी दुआएं, इतनी प्रार्थनाएं पहली बार इस चुनाव में मुझे मिली हैं। जनता ने अपनी तरफ से मुझे सांसद का सर्टिफिकेट दे दिया है। ये पुरुषोत्तम भगवान राम की नगरी है। इस चुनाव पर सिर्फ हिंदुस्तान ही नहीं दुनिया के लोगों की निगाहें हैं। यहां के लोग इतिहास बनाएंगे। भाजपा का सफाया होगा। सफाई की शुरुआत अयोध्या से होगी। मैं जनता की उम्मीदों पर खरा उतरूंगा।

### पिता और छोटे भाई ने शूटर से करवाई हत्या



**सहरसा।** बिहार के सहरसा में जमीन के लालच में छोटे भाई ने अपने पिता के साथ मिलकर बड़े भाई की हत्या कर दी। जो एक सरकारी स्कूल में टीचर था। 3 लाख रुपए की सुपारी देकर इस वारदात को अंजाम दिलाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की। इसके बाद मृतक का छोटा भाई अमर रंजन और शूटर मिंटू सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है।

### हर्ष फायरिंग करने वाले की हत्या, 3 गिरफ्तार



**कैमूर।** बिहार में कैमूर के चांद थाना क्षेत्र के महदाइच गांव में रविवार की रात एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक महदाइच निवासी नामवर मौर्या का 32 वर्षीय पुत्र शमशेर बहादुर सिंह था। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। ग्रामीणों ने बताया कि महदाइच के शत्रुध्न राम की बेटी की बारात यूपी के चंदौली जिला के सहाबगंज थाना क्षेत्र के धन्नी बेलावरपुर गांव से आई थी। बारात में नाच हो रही थी। इसी दौरान गोली चली और शत्रुध्न राम के साले का बेटा 21 वर्षीय सरोज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने शमशेर को पीट पीटकर मार डाला।

योगी सरकार का बड़ा फैसला

# लू से मौत पर परिवार को चार लाख रुपए की आर्थिक मदद देगी सरकार, तहसीलदार-एसडीएम को देनी होगी सूचना

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बड़ा फैसला लेते हुए प्रदेश में लू से मरने वाले व्यक्ति के परिवार को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। इसे पाने के लिए मृतक का पोस्टमार्टम कराना जरूरी है, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि मौत लू लगने के कारण हुई है।

लू से किसी व्यक्ति की मौत होने के बाद उसकी सूचना तहसीलदार, एसडीएम को देनी होगी। राजस्व विभाग द्वारा पीएम की रिपोर्ट कलेक्टर को भेजी जाएगी। उसी के आधार पर संबंधित को मुआवजा दिया जाएगा। सीएम योगी ने कहा है कि भीषण गर्मी को लेकर राहत कार्यों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**खास बातें**

- लापरवाही बर्दाश्त नहीं
- लू से संबंधित रिपोर्ट हर हफ्ते सीएमओ भेजनी होगी
- मौसम पूर्वानुमान का दैनिक बुलेटिन जारी करें
- पशुधन की हरे चारे-चोकर और पानी व्यवस्था हो



**24 घंटों में दिया जाए मुआवजा**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में लू को लेकर उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश दिए हैं कि संवेदनशील जिलों पर विशेष निगरानी रखी जाए और 24 घंटे में पीड़ितों को मुआवजा दिलाने का प्रबंध किया जाए। सीएम ने अधिकारियों से कहा है कि लू को लेकर जनहानि और पशुहानि न हो, इसकी निगरानी की जाए। लू से संबंधित हर हफ्ते रिपोर्ट तैयार कर सीएम कार्यालय में भेंजे।

**लू से बचाव के पुख्ता प्रबंध करें**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि भीषण गर्मी-लू का प्रकोप बढ़ने की वजह से आमजन, पशुधन और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर पुख्ता प्रबंध किए जाएं। राहत आयुक्त कार्यालय मौसम पूर्वानुमान का दैनिक बुलेटिन जारी करें। गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं हो। अतिरिक्त बिजली खरीदने की व्यवस्था करें। ट्रांसफार्मर जलने, तार गिरने, ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण हो। अधिकारी फोन उठाएं, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाए। वरिष्ठ अधिकारी तत्काल स्वयं मौके पर पहुंचे।

**लखनऊ में बीते 24 घंटे में लू से 4 लोगों की मौत**

*भीषण गर्मी से लखनऊ में बीते 24 घंटे में 35 वाहिनी पीएसी बटालियन के सिपाही शिवमुनि यादव समेत चार लोगों की मौत हो गई। वह मूल रूप से बलिया रसड़ा के रहने वाले थे। वहीं, रविवार को 39 शवों का पोस्टमार्टम किया गया। इसमें से 10 अज्ञात थे, जबकि 20 शव अभी पोस्टमार्टम हाउस में रखे हैं। उधर, अलीगंज के नयापुरा में रहने वाले सफाई कर्मी अमर सिंह पुरनिया क्रॉसिंग पर अचेत मिले। पुलिस उन्हें अस्पताल ले गई जहां, डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सआदतगंज में रहने वाले सरोज निगम की मौत घर पर कुर्सी पर बैठे-बैठे हो गई। उदयगंज के रहने वाले ज्ञान प्रकाश तिवारी का शव भी घर के अंदर ही मिला। इन सभी की मौत की वजह गर्मी बताई जा रही है।*

अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार और डीजीपी प्रशांत कुमार ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में कहा

# यूपी में 81 केंद्रों पर मतगणना के दौरान होगी त्रिस्तरीय सुरक्षा, विजय जुलूस पर भी रोक

यूपी में लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर त्रिस्तरीय सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। सभी जिलों में धारा 144 लागू है और अनावश्यक भीड़ लगाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कोई भी विजय जुलूस नहीं निकाला जाएगा।


एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लोकतंत्र के महापर्व में मंगलवार 4 जून को बड़ा दिन होने वाला है। देश की 543 लोकसभा सीटों पर हुए मतदान के नतीजे सामने आ जाएंगे। मंगलवार सुबह 8 बजे से वोट की गिनती चालू हो जाएगी। इसको लेकर सुरक्षा व्यस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

राज्य के 75 जिलों में 81 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। यूपी के अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार और डीजीपी प्रशांत कुमार ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस करते हुए काउंटिंग संबंधित जानकारी दी।

अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने बताया 81 जगह पर सुबह 8 बजे से काउंटिंग होगी। मतगणना पर सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी। सभी जिलों में धारा 144 लागू है और अनावश्यक भीड़ लगाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कोई भी विजय जुलूस नहीं निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सात चरणों में मतदान हिंसामुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से हुआ है। यह प्रशासन के निष्पक्ष तरीके से भी काम करने का प्रमाण है।

**सभी जिलों में धारा 144 लागू है** | **सीसीटीवी से की जाएगी निगरानी** | **सीआरपीएफ के जिम्मे आंतरिक सुरक्षा**



**बाहरी घेरे में स्थानीय पुलिसकर्मी तैनात**

डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि केंद्रीय चुनाव अयोग के निर्देशानुसार, सुरक्षाकर्मियो की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि मतगणना के सबसे अंदरूनी घेरे की सुरक्षा केंद्रीय सुरक्षा बलों (सीआरपीएफ) द्वारा की जाएगी, वहां सभी की चेकिंग होगी। मध्यम घेरे की सुरक्षा पीएसी द्वारा की जाएगी और बाहरी घेरे की सुरक्षा के लिए लोकल पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के सात चरणों में मतदान हिंसामुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से हुआ है। यह प्रशासन के निष्पक्ष तरीके से भी काम करने का प्रमाण है। स्थानीय पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। महिला कर्मी ही बंद एरिया में महिलाओं की चेकिंग करेंगी।

**सोशल मीडिया टीम कर रही निगरानी**

डीजीपी ने बताया कि सोशल मीडिया पर किसी तरह की अफवाह न फैले, इसके लिए सोशल मीडिया टीम निगरानी कर रही है। इस बार चुनाव में कहीं भी कोई घटना नहीं हुई, यह पुलिस फोर्स की निष्पक्षता को भी बताता है। हमारे पास पुख्ता प्रमाण है कि कुछ लोग ज्यादा से ज्यादा लोगों को काउंटिंग सेंटर पर पहुंचने की अपील कर रहे हैं। ऐसे लोगों पर हमारी नजर है, कोई भी ऐसे लोगों के बहकावे में न आएं। कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर नजर रखी जा रही है। 2022 के चुनाव में भी कुछ लोगों ने शांति व्यवस्था को बाधित करने की कोशिश की थी, ऐसे लोगों पर हुई कार्रवाई को सभी ने देखा था।

**राज्य की 80 सीटों पर 851 प्रत्याशी मैदान में**

बता दें कि यूपी की 80 लोकसभा सीटों पर 851 प्रत्याशी (771 पुरुष एवं 80 महिला) चुनाव मैदान में हैं। सबसे ज्यादा 28 प्रत्याशी घोसी लोकसभा क्षेत्र में हैं, जबकि सबसे कम 4 प्रत्याशी कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में हैं। आगरा, मेरठ, आजमगढ़, देवरिया, सीतापुर, कुशीनगर जनपदों में मतगणना 2-2 केंद्रों पर होगी। 8 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना 3 जिलों में, 37 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना 2 जिलों में और 35 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना 1 जिले में होगी। वहीं पोस्टल बैलेट की मतगणना आरओ मुख्यालय जनपद के मतगणना स्थल में होगी।

**कार्यकर्ता मुस्तैद रहें: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष**

लोकसभा चुनाव संपन्न होने के साथ ही भाजपा अब मतगणना की तैयारियों की समीक्षा में जुट गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में इस संबंध में पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में हुई बैठक हुई। इसमें पार्टी कार्यकर्ताओं को मतगणना के दिन मुस्तैद रहकर मतों की गिनती पर पैनी नजर रखने को कहा गया है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष के अलावा महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक स्वतंत्र देव सिंह और सह संयोजक जेपीएस राठौर ने चुनाव प्रबंधन में जुड़े कार्यालय के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठक की।

एग्जिट पोल पर भड़के अखिलेश

# एजेंसियां भाजपा का बूथ मैनेजमेंट संभाल रहीं

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



लोकसभा चुनाव-2024 के एग्जिट पोल सामने आने के बाद पहली बार प्रेस कांफ्रेन्स में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने मतगणना में धांधली कराए जाने की आशंका जताते हुए कहा कि हो सकता है भाजपा कॉउंटिंग धीमी करवा दे और रात में बत्ती गुल करवा दे। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल करने वाली कंपनियों से यह सवाल पूछा जाना चाहिए कि क्या वे भाजपा के बूथ मैनेजमेंट का काम नहीं करती रही हैं?

अखिलेश यादव ने आरोपों की झड़ी लगाते हुए कहा कि चुनाव खत्म होने के बाद बहुत सारे एग्जिट पोल तरह-तरह की जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इंडिया गठबंधन यूपी में सबसे ज्यादा सीटें जीतेगा। उन्होंने कहा कि हमारे आतंरिक सर्वे में इंडिया गठबंधन को आ रही सीटों का नंबर बहुत बड़ा है।

लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा ने अपने फायदे के लिए जनता पर महंगाई थोप दी। नोटबंदी से जनता को परेशान किया।

जीएसटी से व्यापारी को बर्बाद किया। 35 साल की सबसे बड़ी बेरोजगारी में जनता को धकेल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने सिर्फ अपने साथियों का कर्जा माफ किया। उन्होंने कहा कि कमीशन खाकर जनता की तंदुरुस्ती से भी खेल किया गया।

**युवा बेरोजगारी का शिकार हुआ**

यादव ने कहा कि आज युवा बेरोजगारी का शिकार है। चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में कैमरे के आगे धांधलेबाजी की गई। इसलिए देश की जनता गांधीजी का अनुसरण करते हुए 'करो या मरो' की तर्ज पर आंदोलित हो गई है। अपने और अपने देश के भविष्य को बचाने के लिए नया स्वतंत्रता आंदोलन लड़ने को तैयार बैठी है। जनता स्वतंत्रता सेनानियों की तरह बलिदान करने को तैयार है क्योंकि भाजपा के राज में उसका जीवन दूभर हो गया है। देश नकारात्मक ताकतों से आजाद होने जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की जीत देश और देश की जनता की जीत साबित होगी।

**हम तपती धूप में फील्ड में थे**

एग्जिट पोल में भाजपा की बंपर जीत के अनुमानों पर सपा मुखिया ने कहा कि हम तपती धूप में फील्ड में थे। लोगों ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रतिकूल मौसम की मार सहकर मतदान किया। कहीं ऐसा नहीं दिखा, उनके टेंट खाली थे। एग्जिट पोल वाली संस्थाएं भाजपा के लिए बूथ मैनेजमेंट का भी काम करती हैं। वे माहौल बना रहे हैं। विपक्ष के लोगों को डराना चाहते हैं। लेकिन इस बार जनता भी तैयार है। उन्हें अपने मतदान की रक्षा करनी है।

## पेज एक का शेष

### वे सबूत दें, 150 लोगों ...

ने कहा कि सोमवार की शाम तक सबूत पेश करें। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि हमने 64.2 करोड़ मतदाताओं का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। यह सभी जी-7 देशों के मतदाताओं का 1.5 गुना और यूरोपीय संघ के 27 देशों के मतदाताओं का 2.5 गुना है। इस चुनाव के दौरान लगभग 10,000 करोड़ रु. की जब्ती का रिकॉर्ड बनाया। यह 2019 में जब्त किए गए मूल्य का लगभग 3 गुना है। सबके हेलिकाप्टर चेक हुए। कोई मंत्री, सीएम कोई नहीं बचा। उन्होंने कहा कि कश्मीर में चुनाव पर हमसे पूछा जाता था कि वादी में चुनाव कब कराएंगे। हम कहते है अब कराएंगे।

### सबसे पहले होगी पोस्टल...

चालू रहने के बावजूद जारी रह सकती है। एक बार ईवीएम की गिनती पूरी हो जाने के बाद वीवीपैट पर्चियों की गिनती भी शुरू हो सकती। सबसे पहले होगी प्रेस वार्ता के दौरान राजीव कुमार ने मीडिया को बताया कि सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू होगी। उसके आधे घंटे बाद ही हम ईवीएम की गिनती शुरू कर देंगे।

### एग्जिट पोल और चुनाव...

दिया है कि, सरकार किसे चलाना आता है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को जवाब देना होगा कि, वे लगातार अनेक राज्यों में चुनाव हारे हैं और कई जीते हैं। चुनावी प्रक्रिया और लोकतंत्र पर प्रहार देशवासी नहीं सहेंगे। चुनाव में हार-जीत के लिए परिपक्व की भूमिका कैसे निभाई जानी चाहिए उन्हें भाजपा से सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा लंबे वक्त तक विपक्ष में रही है, हमने सबसे ज्यादा चुनाव हारे हैं लेकिन कभी भी इस प्रकार से आचरण नहीं किया है।त्रिवेदी ने कहा कि चुनाव व्यवस्थित तरीके से सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। विपक्ष ने मोदी और भाजपा के खिलाफ अपशब्द कहे, वह सब कुछ स्वीकार है लेकिन लोकतंत्र और राष्ट्र की गरिमा को धूमिल किया जाना अस्वीकार है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए का एक ही मूल मंत्र विकास रहा है। विपक्ष का एक ही मूल मंत्र रहा, भ्रम और भ्रम के आधार पर भय। त्रिवेदी ने कहा कि जो विषय चुनावी प्रक्रिया को लेकर उठाए गए, चुनाव आयोग ने उसका युक्ति संगत और तकनीकी उत्तर दिया है। विपक्षी दलों की सभी मांगें आयोग ने मानी हैं। चुनाव की पराजय की निश्चतता ने विपक्ष के मन में विक्षिप्तता भर दी है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों को लगता है कि वे गलत नहीं हो सकते हैं। उन्होंने सवाल किया कि कौन सी ऐसी अज्ञात शक्तियां थीं, जिन्होंने भारत के अंदर अराजकता पैदा करने का कोई मौका नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि मीडिया में ऐसी खबरें भी सामने आई थीं, जिसमें कहा गया था कि देश के अंदर और बाहर से मोदी सरकार को नहीं आने देने का संकल्प लिया था। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि वे कांग्रेस से पूछना चाहते हैं कि, क्या पिछले साल तेलंगाना और कर्नाटक में चुनाव आयोग ने सही काम किया और केवल मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में गलत काम किया था। उन्होंने सवाल किया, क्या 2018 में राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अच्छा काम किया था, लेकिन 2023 में गड़बड़ हो गया।

### कहां और कैसे देखें ...

जनरल इलेक्शन 2024 पर क्लिक करना होगा। इसके साथ-साथ चुनाव आयोग से जुड़ा वोटर हेल्पलाइन एप, आईओएस और एंड्रॉइड मोबाइल एप पर डाउनलोड कर आसानी से नतीजे देख सकते हैं।

### जीत के बाद भाजपा ...

बैठक में राजनाथ सिंह, अमित शाह, बीएल संतोष, मनोहर लाल खट्टर के अलावा और भी कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। इस आयोजन में भाजपा के तमाम नेता अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। साथ ही इंडोर स्टेडियम में भी जीत का जश्न मनाया जाएगा क्योंकि दिल्ली में भीषण गर्मी पड़ रही है। इसलिए भाजपा ने इस बात को भी ध्यान में रखा है।

### कांग्रेस दफ्तर में ...

एआईसीसी के इस प्रांगण में जीत का जश्न मनेगा या हार का सन्नाटा छाएगा, ये कुछ घंटे बाद साफ हो जाएगा।

### 75 दिन तक चला...

पार्टी से, 532 स्टेट पार्टी से, 2580 गैर मान्यता प्राप्त पार्टी से और 3915 निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। 2019 में 7928 और 2014 में 8205 ने चुनाव लड़ा था। 751 पार्टियों ने अपने उम्मीदवार उतारे थे। 2019 में ये आकंड़ा 677 और 2014 में 464 था। 543 सीटों पर सबसे ज्यादा बसपा के 487, भाजपा के 440, कांग्रेस के 327 और सीपीआई-एम के 52 उम्मीदवार मैदान में थे।

### पोस्टल बैलट 2...

अधिकारियों और सुरक्षा कर्मियों के पोस्टल बैलट काउंट होंगे। इन सभी पोस्टल बैलट वोट को सबसे आखिर में ईवीएम के वोट के साथ जोड़ा जाएगा। आंध्र प्रदेश और ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए भी काउंटिंग 4 जून को सुबह आठ बजे शुरू होगी। विधानसभा बाय इलेक्शन के लिए गिनती इसी दिन होगी।

### संविधान का पालन करें...

राज्यों की पुलिस, सिविल सेवकों, जिला कलेक्टरों, स्वयंसेवकों और आप में से हर एक को बधाई देना चाहता हूँ जो इस विशाल और ऐतिहासिक कार्य के क्रियान्वयन में शामिल थे।'कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में कहा कि हमारे प्रेरणास्रोत और भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने सिविल सेवकों को "भारत का स्टील फ्रेम" कहा था। भारत के लोग अच्छी तरह जानते हैं कि यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ही है जिसने भारत के संविधान के आधार पर कई संस्थाओं की स्थापना की, उनकी ठोस नींव रखी और उनकी स्वतंत्रता के लिए तंत्र तैयार किए। उन्होंने कहा कि संस्थाओं की स्वतंत्रता सर्वोपरि है, क्योंकि प्रत्येक सिविल सेवक संविधान की शपथ लेता है कि वह "अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक और कर्तव्यनिष्ठा से निर्वहन करेगा तथा संविधान और कानून के अनुसार सभी प्रकार के लोगों के साथ बिना किसी भय या पक्षपात, स्नेह या द्वेष के सही व्यवहार करेगा"। इस भावना से हम प्रत्येक ब्यूरोक्रैट और अधिकारी से – पदानुक्रम के ऊपर से नीचे तक, संविधान की भावना के अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की अपेक्षा करते हैं, जो जो की बिना किसी दबाव, धमकी, या सत्ताधारी पार्टी/गठबंधन या विपक्षी पार्टी/गठबंधन से किसी भी प्रकार के दबाव के हो।

### कार में सवार चार...

से सेंट्रो कार संख्या डीएल 4सी एपी 4792 हरिद्वार की तरफ जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चलती कार में अचानक से आग की लपटे उठने लगी। कोई कुछ समझ पाता कि कार रुक गई और आग का गोला बन गई। कार में सवार लोग चीख रहे थे, लेकिन पास ही खड़े लोग मजबूर थे कि आखिर आग में फंसे लोगों को कैसे बचाएं। बस कुछ ही देर में कार से आराही आवाजें हमेशा के लिए खामोश हो गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में एक बच्चा और महिला भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि कार में सीएनजी लगी हुई थी। दमकल विभाग के गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाई, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### भाजपा ने सपा-कांग्रेस...

के अधिकारियों से मुलाकात के बाद कहा कि हमने राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी से अपील की है कि वे प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए राज्य में दंगे भड़काने की कोशिश करने के लिए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के खिलाफ कार्रवाई करें।

### उधर, छक्का मारते ...

का आयोजन किया गया था। इस दौरान कंपनी के युवक एक दूसरे के खिलाफ क्रिकेट मैच खेल रहे थे। क्रिकेट मैच के दौरान ही बैटिंग कर रहे 42 साल के राम गणेश तेवार ने छक्का जड़ दिया। इसके कुछ ही सेकंड बाद वह अचानक से जमीन पर गिर पड़ा।

### बेंगलुरु में भारी बारिश...

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 4 जून को भी देश के कई इलाकों में हीटवेव चलने का अनुमान जताया है। साथ ही मौसम विभाग का अनुमान है कि जल्द ही उत्तर भारत के लोगों को भीषण गर्मी और हीटवेव से राहत मिलने जा रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), बेंगलुरु के वैज्ञानिक एन. पुवियारसन ने पुष्टि की कि बेंगलुरु में दो जून को पिछले 133 वर्षों में इस महीने में एक दिन की सबसे अधिक बारिश हुई। उन्होंने यह भी कहा कि अकेले एक जून और दो जून को हुई 140.7 मिलीमीटर वर्षा जून के मासिक औसत से अधिक थी। उन्होंने कहा कि जून में सबसे अधिक एक दिन की बारिश 16 जून, 1891 को दर्ज की गई थी।

**कुछ जिलों में 'यलो अलर्ट':** भारी बारिश के कारण बेंगलुरु में कई स्थानों पर जनजीवन प्रभावित हुआ। जयनगर के निवासियों ने गिरे हुए पेड़ों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। रविवार रात ट्रिनिटी मेट्रो स्टेशन के पास मेट्रो ट्रैक पर एक पेड़ गिर गया, जिससे सेवा प्रभावित हुई। गिरे हुए पेड़ों के अलावा सड़कों पर जलभराव से लोगों को असुविधा हुई।

### अमित पंघाल, जैस्मीन...

से निशांत देव (71 किग्रा) सहित तीन कोटा स्थानों के साथ, देश ने पेरिस 2024 में छह मुक्केबाजी बर्थ पक्की कर लीं। निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने एशियाई खेलों में तीन स्थान हासिल किए थे। बैंकॉक क्वालीफायर के लिए 60 किग्रा में रिजर्व जैस्मीन को तीन किग्रा वजन कम करके 57 किग्रा में फिट होने के लिए कहा गया था, क्योंकि परवीन हुड्डा ने लगभग दो सप्ताह पहले अपने ठिकाने की जानकारी न होने के कारण कोटा खो दिया था। दुबली-पतली जैस्मिन ने माली की मरीन कैमारा को 5-0 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया और शानदार तरीके से कोटा हासिल किया।

कहर बन टूटे मई के आखिरी 12 दिन

# दोगुनी हुई लू के मरीजों की संख्या, अब तक 5 की मौत

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड में पड़ रही भीषण गर्मी ने शहर से गांव तक के लोगों को बेहाल कर रखा है। जिलों से राज्य मुख्यालय को भेजी गयी रिपोर्ट से पता चला है कि मई के आखिरी करीब 12 दिनों में हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या बढ़कर दोगुनी हो गई। आंकड़ों के अनुसार, विगत एक मार्च से 19 मई तक राज्य में जहां प्रतिदिन औसतन 17.33 मरीज मिले थे, वहीं 20 से 30 मई के बीच प्रतिदिन औसतन 35.4 मरीज मिले हैं। एनपीसीसीएचएच को जिलों से भेजी गयी रिपोर्ट के अनुसार 20 से 30 मई के बीच राज्य में 5 लोगों की मौत हुई, इसमें पलामू के हुसैनाबाद में 4, जबकि जमशेदपुर में एक मौत हुई है। पलामू में एक मौत पहले हो चुकी है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के इंटीग्रेटेड हेल्थ इन्फॉर्मेशन प्लेटफॉर्म के अनुसार, 1 मार्च से 30 मई तक झारखंड में हीट स्ट्रोक के कुल 2095 मरीज मिले हैं। इनमें 708 मरीज केवल 20 मई से 30 मई के बीच मिले हैं। इस आंकड़े में रिम्स के साथ-साथ चतरा, गिरिडीह, गोड्डा और रामगढ़ के आंकड़े शामिल नहीं हैं।

डिप्टी सीएम विजय सिन्हा का दावा

# नहीं बचेंगे भ्रष्टाचारी और माफिया लोगों पर कानून की दबिश

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार सरकार ने राज्य में भ्रष्टाचारियों और माफिया तत्वों पर कार्रवाई का एक्शन प्लान तैयार कर लिया है। डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि 10 तारीख से पहले बहुत कुछ दिखाई पड़ेगा। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। सिन्हा ने कहा कि बहुत हो चुका भ्रष्टाचारियों और माफिया तत्वों का कारनामा। अब सरकार ने तैयारी कर ली है। सरकार किसी कीमत पर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने भी साफ शब्दों में कहा है कि अराजकता लाने वाले, भ्रष्टाचार को पोषित करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। राजद के लोग जो सत्ता में आकर गड़बड़ी किए हैं उस पर कानून की दबिश अब बढ़ जाएगी।

**सीएम नीतीश भी दृढ़ संकल्पित**

सिन्हा ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार कानून का राज स्थापित करने के लिए पूर्ण रूप से दृढ़ संकल्पित हैं और हम लोग पूरी तरह से उनके साथ हैं। भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितता पर रोक लगाने को लेकर नीतीश एक्शन में हैं। हम लोगों ने माफिया तत्वों और भ्रष्टचार करने वालों पर अंकुश लगाने के लिए तैयारी कर ली है। 10 तारीख से पहले बहुत कुछ दिखाई भी पड़ेगा।

हरिभूमि
# सहेली

विश्व पर्यावरण दिवस, 5 जून
विशेष



आवरण कथा / डॉ. मोनिका शर्मा

स्त्रियों की नैसर्गिक संवेदनशीलता, निर्मित करने, संवारने में यकीन करती है। वे कभी नहीं चाहतीं कि हम प्रकृति के साथ ऐसा कुछ करें कि विनाश की ओर बढ़ें। जनजीवन में हाहाकार मचे। इसीलिए स्त्रियां पर्यावरण को लेकर विशेष रूप से जागरूक हैं। वे बड़े ही नहीं छोटे-छोटे काम करके भी पर्यावरण संरक्षित करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। पर्यावरण संरक्षण में स्त्रियों की भूमिका पर एक नजर।

## पर्यावरण बचाने के भाव को सींचता स्त्रीमन

सामाजिक-पारिवारिक संबंध हों या पर्यावरण और प्रकृति के रंग, महिलाएं सब कुछ सहेजना जानती हैं। डेली रुटीन में पर्यावरण को बचाने के लिए बहुत से छोटे-छोटे कदम उठाने का काम महिलाएं बहुत सहजता से करती हैं। स्वच्छता, किफायत और भविष्य के लिए कुछ बचाए रखने का भाव स्त्रियों में ही सबसे ज्यादा होता है। मितव्ययिता और प्रकृति से मिले संसाधनों का दोहन ना करने की यही सोच आज पर्यावरण संरक्षण के लिए भी जरूरी है। प्रकृति के इंद्रधनुषी रंगों को कायम रखने का भाव हमारी परंपरागत जीवनशैली का भी हिस्सा रही है। महिलाओं ने इन परंपराओं को मन से सींचा है। प्रकृति की हरियल आभा को सहेजते हुए, पर्यावरण को बचाने में सदा से अहम भूमिका निभाई है। घर से लेकर जन-आंदोलनों के जरिए जागरूकता लाने तक, महिलाएं हर मोर्चे पर डटी रही हैं।

### बदलाव की धुरी घर

विश्व पर्यावरण दिवस, दुनिया भर में प्रकृति की रक्षा के प्रति संवेदनाएं सींचने का विशेष दिन है। यह दिन पर्यावरण संरक्षण की सोच से जुड़ने और जागरूकता लाने की कोशिशों को बल देने का संदेश लिए है। असल में ग्लोबल लेवल पर अवेयरनेस लाने के प्रयासों के साथ ही एंवॉयर्नमेंट को बचाने के लिए घरेलू मोर्चे पर भी प्रयास आवश्यक हैं। हमारे देश में तो तुलसी, पीपल सींचने की परंपरा रही है। पेड़ काटने को पाप और पेड़-पौधे रोपने को पुण्य के भाव से जोड़कर देखा गया है। बहुत से रीति-रिवाजों के निर्वहन और व्रत-उत्सव के पूजन में भी विशेष पेड़-पौधों की उपासना की जाती है। ऐसी सभी बातें महिलाओं से गहराई से जुड़ी हैं, जिसके चलते स्त्रियां प्रकृति के प्रति भी सरोकार और संवेदना भरा मन रखती हैं। हरियाली को पोसने का भाव-चाव हो या प्रकृति के रंगों को सहेजने के मायने समझना, महिलाएं मन से सब कुछ करती आई हैं। बिजली-पानी बचाने, छोटे से छोटे आंगन में भी हरियाली उगा लेने, आंगन में उतरी



चिड़ियां को दाना डालने और कम से कम संसाधनों में भी गुजारा कर लेने वाली महिलाओं का व्यवहार और सोच बुनियादी रूप से पृथ्वी और पर्यावरण को बचाने वाली ही रही है। पर्यावरण को बचाने के लिए स्त्रीमन के इस सरोकारी भाव से सभी को सीख लेनी चाहिए। लाइट-पंखे बंद करना, पानी व्यर्थ ना बहाना, प्लास्टिक के इस्तेमाल में कमी लाना, जूठन न छोड़ना जैसे इंसानी बर्ताव से जुड़े कई पहलू पर्यावरण को बचाने में सहायक हैं। ध्यान रहे कि ऐसी गलतियों के लिए घर की महिलाएं ही सबसे अधिक रोकती-टोकती हैं। हर सदस्य छोटी-छोटी बातों का खयाल रखें तो देश-दुनिया का हर घर प्रकृति को सहेजने से जुड़े बड़े बदलाव लाने की धुरी बन सकता है।



### किफायती सोच की धनी

महिलाएं धन ही नहीं, अन्न-जल के मामले में भी किफायत बरतना नहीं भूलतीं। मुफ्त में मिले प्राकृतिक संसाधन हों या खरीदे गए सामान, फिजूलखर्ची पर फिक्रमंद होना उनकी आदत है। ध्यान रहे कि भविष्य की चिंता करने की सोच ही संसाधनों की बर्बादी से रोकती है। बेवजह की खपत कुदरत के रंग छीनने का सबब ही बनती है। स्त्रियों का मन आज के आराम भर के लिए नहीं बल्कि आने वाले कल के लिए भी बहुत कुछ सहेज लेना चाहता है। पर्यावरण को बचाने के लिए भी हमें यही तो करना है। भावी पीढ़ियों के लिए इस धरती से मिली जल, जंगल, जमीन और पशु-पक्षियों की अनमोल थाती को सहेजना है।

संसाधनों के दोहन को न रोका तो धरती की गोद सूनी हो जाएगी। चिड़ियों की चहक खो जाएगी। नदी, तालाब सूख जाएंगे। गौरतलब है कि साल 2024 के लिए वर्ल्ड एंवॉयर्नमेंट-डे की थीम भी धरती की गोद से गुम होती हरियाली से ही जुड़ी है। इस साल पर्यावरण को सहेजने के अभियान का विषय 'हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि की मरम्मत और मरुस्थलीकरण और सूखे को दूर करने पर केंद्रित है। यह थीम बदलते इकोसिस्टम के कारण दुनिया भर की कम्युनिटीज को प्रभावित करने वाली कई चुनौतियों को सामने रखती है। रेगिस्तान में बदलती धरती की गोद के सूनेपन को स्त्रियों से बेहतर कौन समझ सकता है। पीड़ा को समझने और परवाह के भाव को जीने वाला मन ही प्रकृति के उजड़ते आंगन का दर्द समझ सकता है। जरूरी है कि हर इंसान प्रकृति के इस दर्द को समझे। ❁

### पर्यावरण सहेजने की मुखर आवाज



गौरा देवी



चिलकापल्ली अनसूयाम्मा

**भारत के** सामाजिक-पारिवारिक सिस्टम में स्त्रियों का मन साझे जीवन के भाव को गहराई से समझता है। यही वजह है कि प्रकृति के साझे रंगों को सहेजने के लिए स्त्रियां मुखर रही हैं। छोटे से घर की बालकनी में हरियाली पोसने वाली महिलाएं, पेड़-पौधे लगाने में ही नहीं, बचाने में भी अहम भूमिका निभाने वाली रही हैं। कितनी ही महिलाएं प्रकृति और पर्यावरण को बचाने से जुड़े जन-आंदोलनों की अहम कड़ी भी रहीं। 'पर्यावरण का गांधी' के नाम से चर्चित सुंदरलाल बहुगुणा का साथ देने में महिलाएं ही सबसे आगे रहीं। उधर गौरा देवी के नेतृत्व में पेड़ों को बचाने से जुड़ी वैश्विक मुहिम को ईको फेमिनिस्ट मूवमेंट भी कहा जाता है। आज भी बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता, पर्यावरण बचाने वाले आंदोलनों का हिस्सा हैं। तेलंगाना की चिलकापल्ली अनसूयाम्मा को 22 गांवों में करीब बीस लाख पेड़ लगाने के लिए यूनेस्को द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। राजस्थान के पिपलांत्री गांव की पर्यावरण सहेजने और बेटी बचाने की मुहिम तो दुनियाभर में चर्चित है। इस गांव में बेटी के जन्म पर ग्रामीण 111 पेड़ लगाकर खुशियां मनाते हैं। बेटियों का स्वागत और धरती का श्रृंगार करने की यह रीत सचमुच अनोखी है।

भागीदारी / सरस्वती रमेश



## संकट में धरती मां आना होगा कारगर भूमिका में

यह सच है कि हम धरती की कोख से नहीं जन्मे हैं, लेकिन धरती हमारी मां है। क्योंकि हमारा पालन-पोषण धरती की गोद में होता है, उसके उपकार से होता है। इसकी मिट्टी में उपजे अन्न और फल-फूल से हमारा पेट भरता है। धरती के वृक्षों की हवाओं से हम सांस लेते हैं। धरती पर बहती नदियों, प्रपातों से हमें जल मिलता है, ऐसे ही ना जाने कितने अनगिनत जीवन रक्षक चीजों का लाभ हमें धरती से मिलता है। हम सब पर उपकार करने वाली धरती मां पर मौजूद प्राकृतिक संसाधनों जैसे-जंगल, पहाड़, नदियां, मिट्टी, हवा, पानी सब पर अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है। सुंदर प्राकृतिक संसाधनों के विनाश को देखकर धरती पीड़ा में है। धरती की यह पीड़ा हम महिलाएं बहुत ही गहराई से समझ और महसूस कर सकती हैं। इसलिए पीड़ा को दूर करने की जिम्मेदारी उठाने के लिए हमें आगे आना चाहिए।

**आना होगा आगे:** आज जब फ्लाईओवर, बिल्डिंग और सड़कें बनाने के लिए अंधाधुंध पेड़ काटे जा रहे हैं, तब इन्हें बचाने के लिए हम महिलाओं को ही आगे आना होगा। आज की नारी तो अपने पर्यावरण संरक्षण के प्रति कहीं ज्यादा जागरूक और सुशिक्षित है। अनेक महिलाएं यहां तक कि किशोर लड़कियां आज पर्यावरण को बचाने के लिए मुहिम चला रही हैं। हमें भी अपने आस-पास विकास के नाम पर काटे जाने वाले पेड़ों को कटने से रोकना चाहिए।



**मिलकर कदम बढ़ाना होगा:** जिस तरह से एक स्त्री अपने घर-परिवार और रिश्तों को बड़े संतुलित तरीके से संभालती और संवारती है, इसी तरह वह चाहे तो अपने आस-पास के पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए भी कोशिश कर सकती है। सोसायटी की महिलाएं मिलकर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक बनाते हुए इसे बचाने के प्रयासों में सबकी भागीदारी सुनिश्चित कर सकती हैं। इस अभियान में सबसे जरूरी है, अपने आस-पास के पर्यावरण को साफ और हरा-भरा रखना। इसके लिए आप-पास की महिलाएं एकजुट होकर सबसे पहले अपने सोसायटी को व्यवस्थित करने का बीड़ा उठाएं। गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डालना। सोसायटी की खाली जगह पर पेड़-पौधे लगाना। उनकी देखभाल करना जैसे कार्यों से बदलाव लाए जा सकते हैं। इस काम में यदि परिवार का भी साथ मिले तो निश्चित ही महिलाओं का मनोबल बढ़ेगा।

**करना होगा सबको जागरूक:** आज हमारा पर्यावरण संकट में है। प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के खतरनाक प्रभाव अब दिखने लगे हैं। इन दिनों उत्तर भारत में तापमान 50 डिग्री को छू रहा है। इंसान के साथ ही पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। धरती पर आई इस पर्यावरणीय आपदा को दूर करने में हम स्त्रियों को भी अहम भूमिका निभानी होगी। भले ही हमारे कदम छोटे-छोटे हों, लेकिन हमारी कोशिश समुचित और निरंतर होनी चाहिए। विश्व की महान हस्तियां मानती हैं कि सृष्टि में कोई भी बड़ा परिवर्तन महिलाओं के बिना संभव नहीं है। उनकी सहभागिता से सफलता मिलती है। तो आइए, हम नारी शक्ति मिलकर अपनी धरती को बचाएं। ❁

सलाह / विनीता

## बच्चों को भी बनाएं पर्यावरण के प्रति जागरूक

घर बच्चों की प्रथम पाठशाला है और मां प्रथम शिक्षिका। ऐसे में मां की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह आरंभ से ही अपने बच्चों को ऐसी शिक्षा दे कि उनके मन में प्रकृति के प्रति प्रेम रहे, वे पर्यावरण के संरक्षण को लेकर जागरूक बनें। इसके लिए मांओं को इन बातों का ध्यान रखना होगा-

**ऊर्जा के संसाधनों का ना हो दुरुपयोग:** मांएं अपने बच्चों को समझाएं कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हमें पानी, बिजली जैसे ऊर्जा के संसाधनों का सीमित उपयोग करना चाहिए। जब वे कमरे से बाहर निकलें तो पंखा, एसी, कूलर, लाइट और टीवी जैसे सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के स्विच ऑफ कर दें। ब्रश करते समय बेवजह नल खुला न छोड़ें। स्कूल से लौटने के बाद अगर वाटर बॉटल में पानी बचा हो तो उसे फेंकने के बजाय गमलों में डाल दें। बच्चों को यह भी बताएं कि अपनी कॉपी के पन्ने फाड़कर, पेंसिल को अनावश्यक रूप से छील कर बर्बाद ना करें। ये दोनों चीजें पेड़ों से बनती हैं, इससे पेड़ों की संख्या कम होगी।



**प्रकृति से करें प्यार:** मांएं अपने बच्चों को पौधे लगाने और उनकी देखभाल के लिए भी प्रेरित करें। उन्हें कोई गमला और फूलों के बीज लाकर दें। फिर उन्हें गमले में बीज लगाकर नियमित रूप से उसमें पानी देने को बोलें। जब बच्चा रोजाना पौधे की देखभाल करेगा, तो उसके मन में पेड़-पौधों के प्रति स्वाभाविक रूप से लगाव जागेगा। पौधे हमें सांस लेने के लिए शुद्ध ऑक्सीजन देते हैं, आप बच्चों को यह भी बताएं ताकि वे पेड़-पौधों का महत्व समझें।

**स्वच्छता का रखें ध्यान:** बच्चों को बताएं कि वे कूड़ा फेंकने के लिए हमेशा डस्टबिन का उपयोग करें। घर के बाहर भी फलों के छिलके, चॉकलेट, बिस्किट, वेफर्स आदि के पैकेट नजर आएं तो उन्हें समेट कर घर ले आएं और अपने डस्टबिन में डाल दें, बाद में सारा कूड़ा उपयुक्त जगह फेंक आएं। इससे सोसाइटी या कॉलोनी में प्रदूषण नहीं रहेगा। ❁

केयर / विधि



हेल्थ के साथ ही स्किन पर भी पॉल्यूशन बुरा प्रभाव डालता है। इससे मुंहासे, ड्रायनेस और झुर्रियां हो सकती हैं। जानिए, स्किन प्रोटेक्शन के इफेक्टिव तरीकों के बारे में।

## पॉल्यूशन के साइड इफेक्ट्स स्किन प्रोटेक्शन के ईजी टिप्स


प्रदूषण के संपर्क में आते ही स्किन नमी खोने लगती है, जिससे स्किन बेजान लगने लगती है। साथ ही स्किन सेल्स में घटने वाली कोलेजन की मात्रा से चेहरे पर पिगमेंटेशन का खतरा भी बढ़ता है। धूप और पॉल्यूशन से त्वचा की रंगत टैन होने लगती है और ड्रायनेस बढ़ने लगती है। इससे चेहरे और गर्दन की स्किन डार्क होने लगती है। बिना किसी प्रोटेक्शन के धूप और प्रदूषक तत्वों के संपर्क में आने से त्वचा में मेलानिन का प्रभाव बढ़ने लगता है और चेहरे पर फाइन लाइंस बनने लगती हैं। पर्यावरण में फैली गंदगी के संपर्क में आते ही स्किन पोर्स धूल, प्रदूषक तत्वों और ऑयल से भर जाते हैं। इससे चेहरे पर पिंपल्स होने की समस्या होने लगती है।

### बचने के उपाय

स्किन को प्रदूषण के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए आप यहां बताए जा रहे उपाय आजमा सकती हैं।

**स्किन को करें एक्सफोलिएट:** घर से बाहर निकलते ही प्रदूषण, स्किन की ऊपरी लेयर को अपनी चपेट में ले लेता है। इससे चेहरे पर संक्रमण और एक्स्ट्रा ऑयल जमा होने लगता है जो एक्ने, ब्लैक और व्हाइट हेड्स का कारण बनते हैं। ऐसे में स्किन को नियमित रूप से एक्सफोलिएट करने से बहुत फायदा मिलता है। ऐसा करने से आपकी स्किन पर मौजूद डेड सेल्स को हटाने में मदद मिलती है और स्किन पर मौजूद प्रदूषण के कण साफ होते हैं।

**रेग्युलर करें क्लींजिंग:** स्किन को नियमित रूप से साफ रखने से प्रदूषण के साइड इफेक्ट्स से बचा जा सकता है। इसके लिए माइल्ड फेसवॉश से चेहरे पर 15 से 20 मिनट तक मसाज करें और फिर चेहरे को धो दें। इससे फेस स्किन की डीप क्लींजिंग होगी। साथ ही त्वचा में मौजूद डस्ट पार्टिकल भी हटेंगे। इसके अलावा रुटीन से दिन में दो बार चेहरे को वॉश जरूर करें। उसके बाद चेहरे को नर्म तौलिए या रुमाल से साफ करें। ऐसा करने से फाइन लाइंस दिखने का रिस्क कम होता है।





**एंटी पॉल्यूशन फेस मास्क:** एंटी पॉल्यूशन फेस मास्क के प्रयोग से चेहरे पर मौजूद डस्ट और डर्ट पूरी तरह से क्लीन होने लगती है। इसके अलावा फेस स्किन, क्लीन और सॉफ्ट होती है। स्किन नरिशमेंट के लिए वीक में दो बार फेस मास्क को चेहरे पर लगाएं। इससे स्किन की रफनेस और टैनिंग दूर होने लगती है। डीप क्लींजिंग के बाद फेस स्किन को सॉफ्ट बनाने के लिए फेस मास्क को 10 से 15 मिनट तक चेहरे पर लगाए रखें।

**यूज करें सनस्क्रीन:** चेहरे को सन रेज से होने वाले डैमेज और पॉल्यूशन से बचाने के लिए सनब्लॉक क्रीम या एसपीएफ अवश्य लगाएं। स्किन नेचर के हिसाब से एसपीएफ का चुनाव करें। इसके अलावा सनस्क्रीन स्किन को एजिंग के प्रभाव से भी बचाने में कारगर साबित होती है।

**फेस को करें प्रोटेक्ट:** स्किन को सन रेज डैमेज और पॉल्यूशन से बचाने के लिए हैट, कैप, छाता या स्कार्फ से ढंक कर ही घर से बाहर निकलें। इससे चेहरा सूरज की किरणों से प्रभाव से बचेगा, साथ ही चेहरे और गर्दन पर होने वाली टैनिंग की समस्या भी नहीं होगी। ❁

(ब्यूटी एक्सपर्ट पूजा गोयल से बातचीत पर आधारित)

### डाइट में शामिल करें एंटी-ऑक्सीडेंट रिच फूड्स

अपनी डाइट में एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर फूड्स को शामिल करने से आपको बहुत फायदा मिलता है। विटामिन-सी, विटामिन-ई और ओमेगा-3 की पर्याप्त मात्रा वाले फूड्स जैसे संतरा, बादाम, अलसी आदि को भी डाइट में शामिल करें। इनमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, स्किन प्रोटेक्शन करने के साथ ही प्रदूषण के प्रभावों को रोकने में भी मदद करेंगे।

गर्मी के दिनों में आइसक्रीम, कुल्फी या फालूदा तो आप खाती ही होंगी। लेकिन आप चाहें तो घर में ही हेल्दी, टेस्टी और कूल फ्रूट पॉप्सिकल्स बनाकर इनका मजा ले सकती हैं। इनमें से कुछ के बारे में यहां बता रहे हैं।



## कूल-हेल्दी-टेस्टी फ्रूट पॉप्सिकल्स

सीजनल डिशेज / शिखर चंद जैन

गर्मी के मौसम में अकसर हमारा मन रंग-बिरंगी आइसक्रीम, कुल्फी और सॉफ्टी खाने का करता है। लेकिन हम सब जानते हैं कि इनमें हानिकारक फैट्स, शुगर, आर्टिफिशियल कलर और स्वीटनर्स का इस्तेमाल किया जाता है। इनमें कैलोरी भी बहुत होती है। इसलिए अपनी हेल्थ के मद्देनजर आप इनके बजाय नेचुरल, टेस्टी, हेल्दी और कूल फ्रूट पॉप्सिकल्स बनाकर खाएं और खिलाएं।



**चिल्ड एवेकैडो पॉप्सिकल्स:** एक बाउल में एवेकैडो को अच्छी तरह मैश कर ले। इसमें थोड़ा शहद, थोड़ा नीबू का रस और आधा कप नारियल पानी डालें। अच्छी तरह ब्लेंड करें। आप चाहें तो इसमें चॉप की हुई पाइनएप्पल स्लाइस भी डाल सकती हैं। इस मिक्सचर को मोल्ड में डालकर फ्रिजर में जमने के लिए रख दें। कुछ देर बाद चिल्ड एवेकैडो पॉप्सिकल का मजा लें।

**मैंगो मस्ती पॉप्सिकल्स:** गर्मी के दिनों में आम को सबसे फेवरेट फल माना जाता है। रत्नागिरी आम हों या हापुस आम, इनकी मिठास के क्या कहने! अगर आप इनसे पॉप्सिकल्स बना लें तो खाने का मजा दोगुना हो जाएगा। इसे बनाने के लिए पके आम का पल्प ब्लेंड कर लें। इसमें स्वाद के मुताबिक चीनी मिलाएं और फिर इसे मोल्ड में भरकर जमने के लिए फ्रिज में रख दें। कुछ घंटे बाद अपने पसंदीदा आम का मजा मैंगो पॉप्सिकल्स के रूप में लें।

**ब्लैक ग्रेप पॉप्सिकल्स:** ब्लैक ग्रेप्स यानी काले अंगूरों में तमाम विटामिन और मिनरल्स होते हैं। इनका भरपूर लाभ उठाने और साथ ही आइसक्रीम जैसा मजा लेने के लिए आप ब्लैक ग्रेप पॉप्सिकल बना सकती हैं। इसे बनाने के लिए अंगूरों को ब्लेंड करते हुए इनमें चीनी और जरा सा नीबू का रस मिलाएं, फिर आइसक्रीम मोल्ड में डालकर जमने के लिए रख दें। आप चाहें तो टेस्ट को ट्विस्ट देंने के लिए पुदीने की पत्तियां भी इसमें मिला सकती हैं। कुछ ही देर में टेस्टी ब्लैक ग्रेप पॉप्सिकल्स रेडी हो जाएगा।

**वाटरमेलन पॉप्सिकल्स:** गर्मियों में तरबूज यानी वाटरमेलन भी खूब पसंद किया जाता है। इसका पॉप्सिकल बनाने के लिए इसके छोटे-छोटे टुकड़े काटें। अब थोड़ी सी चीनी, थोड़ा सा काला नमक और थोड़ा सा नीबू का रस मिलाकर इसे ब्लेंड कर लें। आप चाहें तो स्वाद बढ़ाने के लिए थोड़ी सी पुदीने की पत्तियां डाल सकती हैं। अब इन्हें मोल्ड में डालकर जमा लें और थोड़ी देर बाद इनका आनंद लें।



**कीवी पॉप्सिकल्स:** कीवी से टेस्टी पॉप्सिकल्स बनाने के लिए इनका गूदा निकाल लें। इसे ब्लेंड करते समय थोड़ा नारियल पानी और पहले से भीगे हुए चीया सीड्स भी मिला लें। इससे इनकी पौष्टिकता बढ़ जाएगी। आप चाहें तो इसमें सोया मिल्क भी मिला सकती हैं। अब इसे आइसक्रीम मोल्ड्स में भरकर फ्रीजर में रख दें। कुछ देर में टेस्टी कीवी पॉप्सिकल्स रेडी हो जाएंगे। ❁



# मध्यभारत प्रांत के राजगढ़ और इटारसी में जारी संघ शिक्षा वर्गों एवं बनखेड़ी में घोष वर्ग का समापन

# 'हर भारतवासी में राष्ट्रभक्ति और उत्तम चरित्र निर्माण के लिए हुई है राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजगढ़ और इटारसी में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिक्षा वर्गों और बनखेड़ी में आयोजित घोष वर्ग का रविवार को समापन हो गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने 20 दिन में प्राप्त प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया। राजगढ़ के जीरापुर में वर्ग के समापन समारोह को प्रान्त के संघचालक अशोक पांडेय ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हर भारतवासी में राष्ट्रभक्ति एवं चरित्र निर्माण के लिए हुई है।

प्रान्त संघ चालक पांडेय ने कहा कि जब डॉ. हेडगेवारजी ने संघ की स्थापना की, तब स्वतंत्रता का आंदोलन चल रहा था। उस समय उन्होंने अध्ययन, चिंतन किया और अंततः विचार किया कि देश को भले ही स्वतंत्रता प्राप्त हो जाए, लेकिन जब तक हममें यह विचार नहीं होगा कि हम पराधीन क्यों हुए। तब तक स्वतंत्रता स्थाई नहीं होगी। उन्होंने चिंतन के बाद पाया कि हम सामाजिक दृष्टि से एक नहीं थे, आपस में फूट थी, भेदभाव था, देश में एकता नहीं थी। इसलिए हमारी आजादी का अपहरण हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भागवत भूषण संत प्रेमनारायण गेहूखेड़ी वाले एवं वर्ग के सर्वाधिकारी सुनील पाठक उपस्थित थे।



### संघ कार्य ही राष्ट्र कार्य है

इटारसी में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग के समापन समारोह में अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. दिनेश जैन ने कहा कि हिन्दू होने के नाते भारत की आधारभूत परिवार व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने समता, संचलन, दंड संचालन, दंडयुद्ध, नियुद्ध, पदविन्यास एवं गीत का प्रदर्शन किया। इस वर्ग में संघ दृष्टि के 16 जिलों, 80 खंडों और 12 मंडलों से 316 स्वयंसेवक शामिल हुए। इस अवसर पर घनश्याम रघुवंशी, विभाग संघचालक धन्नालाल दोंगने, नर्मदापुरम जिला संघ चालक पावन अग्रवाल और कार्यक्रम के अतिथि मोहन खंडेलवाल भी मंच पर उपस्थिति रहे।

### संघ का उद्देश्य हमेशा पवित्र रहाः पाण्डेय

पांडेय ने कहा कि संघ का उद्देश्य हमेशा पवित्र एवं ईश्वरीय कार्य रहा है। लोगों के चरित्र का निर्माण करने में संघ ने समाज में अपनी भूमिका अदा की है। स्वतंत्रता आंदोलन में संघ के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। बंटवारे की त्रासदी में संघ ने कई राहत सेवा की। उन्होंने कहा कि समाज में संघ के विचार को फैलाया है। सेवा कार्य, समरसता का कार्य संघ के मूल में प्रारंभ से रहा है। चीन, पाकिस्तान से हुए युद्ध में स्वयंसेवकों ने सेना की मदद की। आज भी सम्पूर्ण देश में संघ द्वारा 1 लाख 50 हजार से अधिक सेवा कार्य चलाए जा रहे हैं।

### योग, व्यायाम, पदविन्यास का किया प्रदर्शन

मुख्य अतिथि पूज्य संत प्रेमनारायण गेहूंखेड़ीवाले ने कहा कि हमारे भारत का भविष्य युवाओं के हाथों में है। युवा ही इस देश के भविष्य निर्माता है, इसलिए युवाओं में परिवार का भाव नितांत आवश्यक है। परिवार भाव एवं कुटुंब प्रबोधन से ही राष्ट्रप्रेम का भाव जागृत होगा। जिससे हमारा भारत पुनः विश्वगुरु बनेगा। आज के परिवेश में हम देख रहे हैं कि जिस प्रकार परिवार टूट रहे हैं और युवाओं के मन में परिवार भाव कम हो रहा है। वह हम सबके लिए चिंता का विषय है।

### आज संघ समाज के केंद्र में हैः सेठी

बनखेड़ी के सरस्वती विद्यालय में आयोजित मध्यभारत प्रांत के 15 दिवसीय घोष वर्ग का समापन भी रविवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रांत के सह संघचालक राजेश सेठी ने स्वयंसेवकों और नगर के गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि अभी स्वतंत्रता का अमृतकाल चल रहा है और ईश्वरीय संयोग है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी अपने सौ वर्ष पूर्ण कर रहा है। आज संघ का विस्तार इतना व्यापक है कि अब संघ समाज के केंद्र में है। संघ दो विषयों को लेकर संभ्रम दूर करने कार्य कर रहा है। प्रथम, राष्ट्रीय चेतना का स्तर बढ़ाना है, ताकि देश का एक प्रत्येक व्यक्ति का भाव जगे। द्वितीय, वैचारिक तंत्र का परिवर्तन होना।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **रोहित मान @मोन्टी अलीपुरिया**, पुत्रः सुखबीर सिंह, पताः मकान नं. 791, दुलिया कॉलोनी, अलीपुर, दिल्ली ने **FIR No. 36/2024, U/s 307/387/120B/34 IPC & 25/27 ARMS ACT**, थानाः बुद्ध विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित मान @मोन्टी अलीपुरिया** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित मान @मोन्टी अलीपुरिया**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 36/2024, U/s 307/387/120B/34 IPC & 25/27 ARMS ACT**, थानाः बुद्ध विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रोहित मान @मोन्टी अलीपुरिया**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 08.08.2024 को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री दिव्या अरोड़ा**
**महानगर दंडाधिकारी–उ.प.–04**
**कमरा नंबर 112, पहली मंजिल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/6557/RD/2024**
**(Court Matter)**


## आचार संहिता हटने के बाद 6 जून से शुरू होंगे विकास कार्य

# टेंडर प्रक्रिया में बदलाव की तैयारी, कोई भी विभाग टेंडर में मैन्युअल डॉक्यूमेंट नहीं लेगा

### *सड़क, बिजली और पानी के प्रोजेक्ट के लिए जारी होंगे 25 हजार करोड़ रुपए से अधिक के टेंडर, हाई पावर कमेटी ने लिया फैसला*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र सरकार विकास कार्य के लिए होने वाले टेंडर की प्रक्रिया में बदलाव करने की तैयारी कर रही है। अब नए सिरे से टेंडर डालने वाले ठेकेदारों को डिजिटल डॉक्यूमेंट ही देना पड़ेगा।

हार्ड कॉपी अमान्य कर दी जाएगी। इसलिए टेंडर के वक्त ही उन्हें डिजिटल डॉक्यूमेंट देने होंगे। पिछले दिनों मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हाई पावर कमेटी ने फैसला लिया था, इसके बाद सभी विभागों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। कोई भी विभाग टेंडर में मैन्युअल डॉक्यूमेंट नहीं लेगा।

बताते हैं कि ई-टेंडर से जारी होने वाले वर्क आर्डर को लेकर शिकायतें मिलती रहती हैं। ई फॉरमैट में डॉक्यूमेंट देने से हेराफेरी और गड़बड़ियों पर रोक लगा सकेगी। इसके साथ ही टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी। इसके साथ ही साथ डिजिटलाइजेशन के तहत इन व्यवस्थाओं को अपने से विभागों पर गड़बड़ी के आरोप भी नहीं लगेंगे। अब तक आरोप लगते थे कि ऑनलाइन टेंडर भरने के बाद भी मैन्युअल डॉक्यूमेंट जमा करके खानापूर्ति कर ली जाती है। इससे कई बार अपात्र ठेकेदारों को टेंडर मिल जाता है। अब ऐसा नहीं हो पाएगा।




### विकास कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट सौंपी

*मप्र में 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद आदर्श आचार संहिता हट जाएगी। इसके बाद प्रदेश में विकास कार्य की रफ्तार बढ़ जाएगी। शुरुआत में 4 महीने के लिए 25 हजार करोड़ रुपए से अधिक के टेंडर जारी किए जाएंगे। इसमें सड़क, बिजली और पानी के प्रोजेक्ट शामिल होंगे। इसे लेकर संबंधित विभागों ने प्रदेश भर में फोरलेन, सिक्स लेन और टू लेन सड़क बनाने के प्रस्ताव पर चर्चा विभागों ने शुरू कर दी है। अभी पिछले महीने ही विकास कार्यों को लेकर चर्चा के बाद मुख्य सचिव वीरा राणा ने सभी अधिकारियों से विकास कार्यों के प्रस्ताव मांगें थे। इसके बाद पीडब्ल्यूडी, पंचायत विकास, नगरीय प्रशासन, ग्रामीण विकास विभाग ने विस्तृत रिपोर्ट सौंप दी है। आचार संहिता हटते ही जून में ही टेंडर जारी का वर्क आर्डर ठेकेदारों को दे दिए जाएंगे। उधर, बारिश से पहले सड़कों से लेकर अन्य जरूरी कार्यों को कराने की चुनौती विभागों के पास है। ऐसे में जल्दी ही इस संबंध में कार्य शुरू हो जाएंगे।*

### सभी क्षतिग्रस्त सड़कों का पेंचवर्क 30 जून तक करना होगा

इस वर्ष आचार संहिता के कारण पेंचवर्क तक स्वीकृत नहीं हो पाए थे। अब चूंकि आचार संहिता समाप्त होने के बाद निर्माण विभागों के पास महज 25 दिन का समय है। संभावना जताई जा रही है कि हर हाल में 30 जून या उससे पहले पेंचवर्क आदि कार्य करना पड़ेगा। इसके बाद बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। बारिश से पहले ही सड़कों की मरम्मत और सुधार कार्य करने की चुनौती विभागीय अधिकारियों व ठेकेदारों के सामने होगी। भुगतान के लिए सरकार बजट भी जुलाई में पेश करेगी। इससे सरकार के खजाने में फंड की कमी नहीं रहेगी।

### बिजली कंपनी को मेंटनेंस राशि मिलेगी

बजट स्वीकृत होने के बाद बिजली विभाग को मेंटेनेंस के साथ ही साथ सब्सिडी की रकम भी मिल जाएगी। फिलहाल बिजली कंपनियां बारिश से पहले मेंटेनेंस करा रही हैं। आचार संहिता लागू होने की वजह से नए प्रोजेक्ट्स पर अनुमति नहीं मिली थी। पर पहले से चल रहे प्रोजेक्ट का बजट फंड जारी कर दिया जाएगा।

### ई-टेंडरिंग में गड़बड़ी के बाद प्रक्रिया में हुआ था बदलाव

मप्र में वर्ष 2018 में ई-टेंडर फर्जीवाड़ा सामने आया था। लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन, नगरीय विकास और पीएचई विभाग में हजारों करोड़ों रुपए के टेंडर जारी करने में गड़बड़ी सामने आई थी। इसमें बाद ईओडब्ल्यू और अन्य एजेंसियों ने भी जांच की, इसके बाद ई-टेंडरिंग की प्रक्रिया में कई तरह के बदलाव किए गए। बताते हैं कि उस वक्त कई अधिकारियों के नाम सामने आए, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट ने सबूत के अभाव में केस खारिज कर दिया।

# बुधवारी बाजार में सिलेंडर में ब्लास्ट होने से कई दुकानों में लगी भीषण आग

### दमकल कर्मियों ने पाया आग पर काबू, दुकानदारों को हुआ काफी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा के बुधवारी बाजार में बीती रात उस वक्त अफरा-तफरी की स्थिती निर्मित हो गई, जब एक सिलेंडर में ब्लास्ट होने से कई दुकानों में आग लग गई। आगजनी की इस घटना में कई दुकानदारों को काफी नुकसान हुआ है।



कोरबा के बुधवारी बाजार में बीती रात भीषण आग लग गई। गैस सिलेंडर के ब्लास्ट होने से आग लगने की बात कही जा रही है। आग लगते ही एक के बाद एक कई दुकानें आग की चपेट में आ गई,जिससे चारों तरफ अफरा-तफरी की स्थिती निर्मित हो गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घंटो मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है,कि बाजार में मौजूद समोसे के ठेले में रखे हुए सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ जिसके बाद आग का फैलाव होने लगा। रात करीब दस बजे सामने आई घटना के बाद आग को बुझाते-बुझाते 12 बज गए।

स्थानीय भगवत प्रसाद राठौर ने बताया कि शंकर होटल वाला समोसा भजिया का दुकान लगता है जो रात को दुकान बंद कर अपने घर चला गया था, इस दौरान अचानक सिलेंडर फट गया और आसपास दो दुकानों में आग लग गई। इसकी सूचना सीएसईबी चौकी पुलिस और दमकल वाहन को दी गई, जहां घंटों मशक्कद के बाद आग पर काबू पाया गया। आगजनी की इस घटना में कई दुकानदारों को काफी नुकसान हुआ है। काफी सारा सामान जलकर खाक हो गया है। हालांकि हादसे का सुखद पहलु यह रहा,कि इसमें किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

## हाईटेंशन तार की चपेट में आने से हुई घटना

# खदान में केबल चोरी करने घुसे चोर की करंट लगने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा की कुसमुंडा कोल परियोजना में एक व्यक्ति की जली हुई लाश पाई गई है। खदान के भीतर मौजूद कोल स्टॉक के पास लगे ट्रांसफॉर्मर के नीचे शव देखा गया है। मृतक के कपड़े और शारीरिक बनावट के आधार पर उसकी पहचान ग्राम जेपली निवासी कपूरदास के रूप में की गई है। लाश मिलने की जानकारी मिलते ही कुसमुडा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। पूछताछ के दौरान बात पता चली है, कि मृतक मौके पर केबल चोरी करने पहुंचा हुआ था, जहां ट्रांसफार्मर में लगे हाईटेंशन तार की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। कुसमुंडा थाना प्रभारी रूपक शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते हैं पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कार्रवाई शुरू की जहां मृतक का पहचान कर उसके परिजनों की इसकी सूचना दी गई।

### तीन दिनों से लापता था मृतक

बताया जा रहा है कि मृतक हरदी बाजार क्षेत्र का रहने वाला है पिछले तीन दिनों से लापता था, इसकी गुमशुदगी हरदी बाजार थाने में दर्ज कराया गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि 24 वर्षीय कपुरदास हरदी बाजार क्षेत्र का रहने वाला है और पिछले दो दिनों से लापता था, उसकी काफी खोजबीन की गई जहां रिश्तेदारों को और आसपास गांव में जाकर काफी खोजा गया नहीं मिलने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस की माने तो लाश दो दिन पुरानी है जिसका पंचनामा कार्रवाई करते हुए परिजनों का बयान दर्ज किया गया। आगे की कार्रवाई की जारी है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है,जिसके कारण मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा।

## श्रद्धालुओं से भरी पिकअप और ट्रक में टक्कर, 25 लोग घायल

**बिलासपुर**। रतनपुर थाना क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप और ट्रक के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। इस दौरान पिकअप पलट गई और उसमें सवार नौ महिलाएं और तीन बच्चे सहित 25 लोग घायल हो गए। सभी लोग मरहीमाता मंदिर के दर्शन करने जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार, पिकअप में सवार होकर 30 श्रद्धालु मरहीमाता मंदिर जा रहे थे। रतनपुर-बेलगहना के बीच रानीबछाली मोड़ के पास सामने से आ रही ट्रक से टक्कर हो गई। जिससे पिकअप पलट गई और उसमें सवार सभी श्रद्धालुओं घायल हो गए। हादसे में घायल सभी लोगों को इलाज के लिए रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, लेकिन घायलों की स्थिति गंभीर होने के कारण 20 लोगों को बिलासपुर के सिम्स रेफर कर दिया गया। सभी घायल बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम कया के रहने वाले हैं। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल लोगों में नौ साल की दीपिका, 15 आदित्य और देवेंद्र समेत मोहित, शिवानी, रोहित, सतरूपा, नेहा और अन्य लोग शामिल हैं। गौरतलब है कवर्धा जिले में पिकअप के खाई में गिरने से 19 लोगों की मौत हो गई थी।

### मध्यस्थता से आसानी से विवादों का हो जाता है निबटाराः पटेल

**भोपाल**। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि मध्यस्थता वह प्रक्रिया है, जिसमें हर कोई विजेता होता है, क्योंकि मध्यस्थता में विवाद का निपटारा किसी आदेश से नहीं होता। व्यवस्थित चर्चा के जरिए दो पक्ष समझौते पर पहुंचते हैं। मध्यस्थता सबके लिए किफायती, जल्द और उत्तरदायी न्याय का सुलभ, सुगम एवं प्रभावी तरीका है। उन्होंने कहा कि विवाद को उत्पन्न करने वाली परिस्थितियों के समाधान के लिए समाज और सरकार को मिलकर कार्य करना होगा। राज्यपाल पटेल रविवार को ई-मीडिएशन राईटिंग्स संस्था के वर्षगांठ समारोह को संबोधित कर रहे थे। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस जेके महेश्वरी ने कहा कि मध्यस्थता से विवादों के समाधान के लिए समाज का पुनर्जागरण करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता से पारिवारिक विवाद के आधे मामले समाप्त हो सकते हैं।


## भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय
### खानपुर कलां, (सोनीपत), हरियाणा

{हरियाणा विधायिका के 2006 के अधिनियम 31 द्वारा स्थापित और यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 2 (एफ) और 12बी के तहत यूजीसी द्वारा मान्यताप्राप्त एक राज्य विश्वविद्यालय}
बी++ एनएएसी प्रमाणित

## प्रवेश सूचना (2024-2025)

विश्वविद्यालय शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 के दौरान विश्वविद्यालय अध्यापन विभाग (यूटीडीएस), बीपीएस इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग (बीपीएसआईएचएल), क्षेत्रीय केन्द्रों खरल (जींद) एवं कृष्ण नगर (रेवाड़ी) और सेंटर फॉर सोसाइटी यूनिवर्सिटी इंटरफेस एंड रिसर्च (सीएसयूआईआर) द्वारा प्रस्तावित निम्नलिखित प्रोग्राम्स में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

**पोस्ट-ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**
1. अंग्रेजी में मास्टर ऑफ आर्ट्स
2. सामाजिक कार्य में मास्टर ऑफ आर्ट्स
3. अर्थशास्त्र में मास्टर ऑफ आर्ट्स
4. इतिहास और पुरातत्व में मास्टर ऑफ आर्ट्स
5. राजनीति विज्ञान में मास्टर ऑफ आर्ट्स
6. शिक्षा में मास्टर ऑफ आर्ट्स
7. संस्कृत में मास्टर ऑफ आर्ट्स
8. हिंदी में मास्टर ऑफ आर्ट्स
9. मनोविज्ञान में मास्टर ऑफ आर्ट्स
10. मास्टर ऑफ लॉ
11. मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
12. मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एलईएडी)
13. मास्टर ऑफ कॉमर्स
14. मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट
15. सीएसई (नेटवर्क सिक्योरिटी) में मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी
16. इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी
17. फैशन टेक्नोलॉजी-फंक्शनल गारमेंट्स में मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी
18. कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी
19. इंफॉरमेशन कम्यूनिकेशन टेक्नोलॉजी में मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी
20. गणित में मास्टर ऑफ साइंस
21. भौतिकी में मास्टर ऑफ साइंस
22. रसायन विज्ञान में मास्टर ऑफ साइंस
23. भूगोल में मास्टर ऑफ साइंस
24. फूड एंड न्यूट्रीशन में मास्टर ऑफ साइंस
25. पर्यावरण विज्ञान में मास्टर ऑफ साइंस
26. मास्टर ऑफ फिजिकल एजूकेशन एंड स्पोर्ट्स
27. मास्टर ऑफ एजूकेशन एम. एड

**पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम्स**
1. फ्रेंच में विदेशी भाषा अध्यापन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा
2. जर्मन में विदेशी भाषा अध्यापन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा
3. रशियन में विदेशी भाषा अध्यापन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा

**डिप्लोमा प्रोग्राम्स**
1. फ्रेंच में विदेशी भाषा अध्यापन में डिप्लोमा
2. जर्मन में विदेशी भाषा अध्यापन में डिप्लोमा
3. रशियन में विदेशी भाषा अध्यापन में डिप्लोमा
4. सहकारी प्रबंधन में डिप्लोमा ऑफ प्रोफिशियंसी

**सर्टिफिकेट ऑफ प्रोफिशियंसी (सीओपी)**
1. माइक्रो फाइनेंस प्रैक्टिसेज एंड वीमेन में सर्टिफिकेट ऑफ प्रोफिशियंसी
2. फॉक मेडिसन में सर्टिफिकेट ऑफ प्रोफिशियंसी
3. सहकारी प्रबंधन में सर्टिफिकेट ऑफ प्रोफिशियंसी

**एनईपी-2020 के तहत अंडर-ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**
1. अंग्रेजी में बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
2. अर्थशास्त्र में बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
3. बैचलर ऑफ कॉमर्स (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स) (इंटरडिसिप्लीनेरी)
4. बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स) (इंटरडिसिप्लीनेरी)
5. बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स) (इंटरडिसिप्लीनेरी)
6. बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) (इंटरडिसिप्लीनेरी)
7. बैचलर ऑफ लाइफ साइंस (ऑनर्स) (इंटरडिसिप्लीनेरी)
8. बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) (इंटरडिसिप्लीनेरी)
9. बैचलर ऑफ होम साइंस (ऑनर्स) (इंटरडिसिप्लीनेरी)
10. बैचलर ऑफ फिजिकल एजूकेशन एंड स्पोर्ट्स (ऑनर्स)
11. पत्रकारिता और जनसंचार में कला स्नातक (ऑनर्स) (इंटरडिसिप्लीनेरी)

**अंडर-ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**
1. बी.ए-एल.एल.बी
2. बी.बी.ए-एल.एल.बी
3. बी.एड
4. बी. फार्मेसी
5. बी. फार्मेसी (लेटरल एंट्री) (एचएसबीटीई द्वारा आयोजित कॉमन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से)
6. बी.ए.एम.एस (नीट (यूजी) 2024 में प्राप्त रैंक के आधार पर या सरकार के निर्देशानुसार केन्द्रीकृत काउंसलिंग के माध्यम से)
7. मोबाइल कम्यूनिकेशन में बी. वोक.
8. फैशन टेक्नोलॉजी एंड अपेरल डिजाइनिंग में बी. वोक.
9. कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में बी.टेक.**
10. सूचना प्रौद्योगिकी में बी.टेक.**
11. इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में बी.टेक.**
12. फैशन टेक्नोलॉजी में बी.टेक.**

** [एचएसटीईएस द्वारा आयोजित कैंपस काउंसलिंग के जेईई (मेन्स) ऑनलाइन के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा]

**खरल (जींद) में क्षेत्रीय केंद्र**
**एनईपी-2020 के तहत अंडर-ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**
1. बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) (इंटरडिसिप्लीनेरी)
2. बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) (इंटरडिसिप्लीनेरी)
3. बैचलर ऑफ कॉमर्स ऑनर्स
4. संस्कृत में बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स)

**पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**
1. अंग्रेजी में मास्टर ऑफ आर्ट्स
2. राजनीति विज्ञान में मास्टर ऑफ आर्ट्स

**कृष्ण नगर (रेवाड़ी) में क्षेत्रीय केंद्र**
**एनईपी- 2020 के तहत अंडर-ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**
1. बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) (इंटरडिसिप्लीनेरी),
2. बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) (इंटरडिसिप्लीनेरी)
3. बैचलर ऑफ कॉमर्स ऑनर्स

**पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**
1. अंग्रेजी में मास्टर ऑफ आर्ट्स
2. राजनीति विज्ञान में मास्टर ऑफ आर्ट्स

**महत्वपूर्ण सूचना :-**
1. यूजी/पीजी प्रोग्राम्स के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 04.06.2024 से 27.06.2024 तक प्रारम्भ होगा।
2. सम्बन्धित गवर्निंग बॉडी द्वारा संचालित किए जा रहे प्रोग्राम्स को छोड़कर सभी यूजी/पीजी प्रोग्राम्स में प्रवेश क्वालीफाइंग प्रोग्राम की मैरिट के आधार पर होंगे। इसके अतिरिक्त, एलएलएम प्रोग्राम में प्रवेश 06.07.2024 (शनिवार) को आयोजित की जानी निर्धारित प्रवेश परीक्षा पर किया जाएगा।
3. ऑनलाइन प्रवेश आवेदन जमा करने के लिए प्रोसेसिंग चार्जेज सामान्य श्रेणी के लिए रु. 500/- और केवल हरियाणा के एससी/बीसी/पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए रु. 125/- है। विवरणिका विश्वविद्यालय वेबसाइट www.bpsmv.ac.in से निःशुल्क डाउनलोड की जा सकती है।
4. ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र वेबसाइट www.bpsmv.ac.in पर भरे जा सकते हैं।
5. प्रवेश हेल्पलाइन/इंक्वायरी नंबर 9729144411, 9812840565 अथवा helpadmission@bpswomenuniversity.ac.in

**आएं और बेहतर भविष्य के लिए हमें ज्वाइन करें**

संवाद विज्ञा. सं.-1239/11/63/2025/26438/सी/88/7 दि. 03.06.24 रजिस्ट्रार

## चिंतन

# जनादेश का सभी दल करें सम्मान

आज चुनाव परिणाम आने वाला है। 18वीं लोकसभा के लिए आज जो भी परिणाम आए, लोकतंत्र नया रिकार्ड बनाएगा। जैसा अधिकांश एग्जिट पोल्स में दावा किया गया है, अगर उसी अनुरूप नतीजे आए तो केंद्र में भाजपा नीत राजग की सरकार बनेगी। भाजपा को तीसरी बार अकेले पूर्ण बहुमत मिलेगा, राजग नया इतिहास रचेगा। मोदी 3:0 शुरू होगा। अगर एग्जिट पोल्स के अनुमान गलत साबित होते हैं और केंद्र में कांग्रेस नीत गठबंधन की सरकार बनती है, तो भी नया कीर्तिमान होगा। वर्ष 2014 की तरह दस वर्ष बाद सत्ता बदल जाएगी। कांग्रेस मजबूत होगी, राहुल गांधी की नेता के तौर पर स्वीकार्यता बढ़ेगी। माना जाएगा कि कांग्रेस के वादे और राहुल गांधी की दो पदयात्रा का लाभ जनादेश के रूप में इंडी गठबंधन को मिला है। नतीजे जो भी हो, लेकिन मतगणना से ठीक एक दिन पहले जिस तरह भारतीय शेयर बाजार झूमा है, सेंसेक्स तीन प्रतिशत बढ़त के साथ 2500 अंक चढ़ा है, निफ्टी में 733 अंक का उछाल आया है, उससे लगता है कि बाजार को एग्जिट पोल्स के अनुमान पर भरोसा है और बाजार मानकर चल रहा है कि चुनाव में सफलता भाजपा को ही मिलेगी। केंद्र में बहुमत की मजबूत सरकार बनेगी। सेंसेक्स और निफ्टी में एक फरवरी, 2021 के बाद एक दिन की सबसे बड़ी तेजी है। उस समय बजट पेश करने के बाद दोनों सूचकांक करीब पांच प्रतिशत मजबूत हुए थे। यह दिलचस्प है कि 20 मई, 2019 को 'एग्जिट पोल' के बाद भी सेंसेक्स और निफ्टी तीन प्रतिशत से अधिक मजबूत हुए थे। उस 'एग्जिट पोल' में भी आम चुनाव में भाजपा नीत राजग सरकार की बड़ी जीत का अनुमान जताया गया था। शनिवार को आये एग्जिट पोल के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता संभाल सकते हैं। भाजपा नीत राजग सरकार के भारी बहुमत के साथ लोकसभा चुनाव जीतने का अनुमान है। भाजपा की अगुवाई वाली सरकार एक बार फिर बनने की उम्मीदों से शेयर बाजार में सोमवार को निवेशकों की संपत्ति में एक ही कारोबारी सत्र में 13.78 लाख करोड़ रुपये की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई। केंद्रीय चुनाव आयोग ने सफल आयोजन के लिए नागरिकों का आभार जताया है। आयोग ने सबक भी लिया है कि इस बार चुनाव कराने का इतना लंबा शेडयूल रखना ठीक नहीं था। अत्यधिक गर्मी के चलते मतदान में कमी दर्ज की गई, तो कई मतदान कर्मियों की जान चली गई। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने वादा किया है कि अगला आम चुनाव अप्रैल तक करा लिया जाएगा। आयोग ने कांग्रेस की डाक मतपत्रों की गिनती ईवीएम से पहले करा लेने की मांग भी मानकर चुनाव को अधिक पारदर्शी व विश्वसनीय बनाने का प्रयास किया है। विपक्ष की मांग मानने से आयोग पर सवाल नहीं उठेंगे। इस चुनाव में अगर नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में आएंगे तो वे देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकार्ड की बराबरी कर लेंगे। यदि वर्ष 2004 की तरह ही कुछ ऐसे चौंकाने वाले नतीजे सामने आएंगे, जिसकी उम्मीद विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन कर रहा है, तो मोदी नेहरू के रिकार्ड की बराबरी करने से चूक जाएंगे। राष्ट्रीय क्षितिज पर कमजोर होते जा रहे विपक्ष के लिए इस चुनाव में सब कुछ दांव पर लगा हुआ है। बहुमत नहीं मिला तो कांग्रेस एक दल के रूप में अपना अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष करेगी, नेता के तौर पर राहुल गांधी के दिन और कठिन होंगे। सबसे चिंता की बात है कि इस बार चुनाव प्रचार के दौरान धर्म व जाति के आधार पर ध्रुवीकरण देखने को मिला है, प्रगतिशील लोकतंत्र के लिए यह स्थिति ठीक नहीं है। धर्म व जाति विभाजनकारी तत्व हैं। इस वर्ष का चुनाव 'सबसे अधिक ध्रुवीकरण वाले चुनावों में एक' है। आज चुनाव नतीजे जो भी आए, सभी दल उसका सम्मान करें, मतदाताओं का अपमान न करें।

## फैसला आज

प्रभात झा



# बहुमत का नया रिकार्ड बनाएंगे नरेन्द्र भाई मोदी

भारतीय राजनीति में आजादी के बाद सर्वाधिक समय प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू रहे। वे लगभग साढ़े सत्तरह साल तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। उसके बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू की बेटी इंदिरा गांधी भी पंद्रह साल तीन सौ पचास दिन प्रधानमंत्री रहीं। भारतीय जनसंघ की स्थापना से भाजपा के अब तक के इतिहास में प्रधानमंत्री के पद पर पहले तेरह दिन, दूसरी बार तेरह महीने और तीसरी बार साढ़े चार वर्ष के करीब स्व. अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री रहे। अपने जीवन में जब वे कानपुर में स्नातकोत्तर और लॉ की पढ़ाई करने गए, तो उसके बाद वे संडीला जो उत्तरप्रदेश में एक स्थान है, वहां कुछ समय के लिए प्रचारक के रूप में रहे। यह कहने में कोई संकोच नहीं कि अटल जी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयंसेवक एवं कुछ समय प्रचारक रहे, ऐसे राजनेता भारत के प्रधानमंत्री बने। उनके कार्यकाल में बात इतनी सी रही कि वे पूर्ण बहुमत वाली भाजपा के प्रधानमंत्री नहीं रहे। नरेन्द्र मोदी भारतीय राजनीति में पच्चीस वर्ष बाद ऐसे प्रधानमंत्री बने जो अपनी पार्टी भाजपा के पूर्ण बहुमत के आधार पर पहले प्रधानमंत्री बने। साथ ही उन्हें एनडीए का समर्थन था।

4 जून 2024 को आम चुनाव 2024 का परिणाम आएगा। 18वीं लोकसभा का गठन होगा। अब तक आए सभी चैनलों के चुनाव पूर्व अनुमान यह साफ संकेत दे रहे हैं कि भाजपा पूर्ण बहुमत से तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है और नरेन्द्र भाई मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। अगर गणित लगाएंगे तो वे जनसंघ से भाजपा में रहे प्रधानमंत्री अटल जी के कार्यकाल से तो काफी आगे सन 2014 और 2019 के साथ-साथ अब सन 2024 में भी रहेंगे। अटल जी और नरेन्द्र भाई मोदी में जो समानता है कि अटल जी भी संघ के स्वयं सेवक और कुछ समय तक प्रचारक रहे। वहीं नरेन्द्र भाई मोदी तो वार्षों तक संघ के प्रचारक रहे और प्रचारक के नाते भाजपा के संगठन महामंत्री भी रहे। नरेन्द्र भाई मोदी के मुख्यमंत्री काल को जोड़ लिया जाए तो भारतीय राजनीति में तेरह वर्ष मुख्यमंत्री और दस वर्ष तक प्रधानमंत्री रहने वाले भारत के पहले राजनीतिज्ञ मोदी ही हैं। साथ ही जैसा कि गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी कह रहे हैं, कि सन 2029 में भी नरेन्द्र भाई मोदी ही प्रधानमंत्री रहेंगे, तो यहां यह कहने में कोई संकोच नहीं कि वे भारतीय राजनीति के पहले ऐसे प्रधानमंत्री बन जाएंगे, जो भारत में प्रधानमंत्री पद पर रहने के सारे रिकार्ड तोड़ देंगे। जैसे क्रिकेट की दुनिया में सचिन तेंदुलकर ने इतना बड़ा रिकार्ड बना दिया कि अभी तक विश्व में उसे कोई तोड़ नहीं पाया। ऐसे ही विश्व के लोकतांत्रिक देश के इतिहास में 4 जून 2024 को तो इतिहास रच ही जाएगा। साथ ही वर्ष 2029 में भाजपा और विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय ही नहीं मान्यता और स्वीकार्यता प्राप्त व्यक्तित्व नरेन्द्र भाई मोदी हो जाएंगे। लगातार तीसरी बार बहुमत से अधिक संख्या और हर बार संख्या में बढ़ोत्तरी कर न केवल भाजपा की साख बढ़ी है, बल्कि नरेन्द्र भाई मोदी ने यह सिद्ध किया है कि राजनीति भी एक साधना है, तपस्या है और यदि उन्होंने तपस्वी बनकर प्रधानसेवक की भूमिका निभाते हुए कहा कि मेरे लिए सिर्फ ग्यान (जीवाईएएन) अर्थात 'जी' से गरीब 'वाई' से यूथ 'ए' से अन्नदाता और 'एन' से नारी शक्ति ही सब कुछ है। न में जाति में विश्वास करता हूं और इन चारों के विकास के लिए और विश्व में भारत को विकसित भारत बनाने के लिए अपना जीवन का एक-एक पल लगा रहा हूं। सच भी है कि अगर वे चुनाव के समय ध्यान में भी गए तो भारत 'ग्यान' के विकास को और मजबूती के साथ ही भारत विश्व में नम्बर एक कैसे बने, इसलिए गए थे। उनकी कल्पना और दूरदृष्टि का भारत ही नहीं, विश्व भी कायल है। यही कारण है कि नरेन्द्र भाई मोदी विरोधियों की चिंता किए बगैर भारत माता को वैभव पर पहुंचाने में रात-दिन लगे रहते हैं।



(लेखक भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)




## चुनाव परिणाम

प्रो. नीलम महाजन सिंह

# आज नया कीर्तिमान रचेगा लोकतंत्र

**वर्ष 2014 में भाजपा को जनता ने पूर्ण बहुमत दिया। भाजपा नीत राजग बेशक एक गठबंधन है, लेकिन भाजपा को अकेले पूर्ण बहुमत मिल रही है। वर्ष 2019 में भी भाजपा को पूर्ण बहुमत के साथ वर्ष 2014 से अधिक सीटें मिलीं। अब वर्ष 2024 में भी एक बार फिर पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। अब तक आए एग्जिट पोल्स के मुताबिक, भाजपा अकेले पूर्ण बहुमत हासिल करने जा रही है। भारतीय राजनीति में तीन खास परिवर्तन हुए हैं। पहला, अब फिर से पूर्ण बहुमत का दौर शुरू हुआ है। दूसरा, चुनाव दर चुनाव भाजपा की सीटें बढ़ी हैं। तीसरा, नरेन्द्र मोदी ऐसा भारतीय राजनेता बनकर उभरे हैं, जिनकी चुनाव दर चुनाव लोकप्रियता बढ़ी है।**

भारतीय राजनीति कई चरणों से गुजरी है। आजादी के बाद तीन दशकों तक प्रचंड बहुमत का दौर रहा। देश ने आपातकाल देखा, कांग्रेस के खिलाफ बहुमत देखा, जनता पार्टी की पहली गैरकांग्रेस सरकार देखी, जो अपने ही विरोधाभास की भेंट चढ़ गई, फिर कांग्रेस की प्रचंड बहुमत से वापसी हुई। इसके बाद राजनीति के अपराधीकरण का दौर भी चला, फिर नब्बे के दशक में गठबंधन की राजनीति का श्रीगणेश हुआ। इसमें कई राजनीतिक प्रयोग हुए। पीवी नरसिम्हाराव का अल्पमत पर प्रभावी राजनीतिक चरण भी आया। गठबंधन सरकार में ही वीपी सिंह, चंद्रशेखर, एचडी देवगौड़ा, आईके गुजराल, अटल बिहारी वाजपेयी और डा. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री बने। वैकल्पिक राजनीति के मतबूत होते जाने से ही कांग्रेस का जनाधार खिसकता गया। आज कांग्रेस जहां है, उसके लिए जिम्मेदार भी कांग्रेस की पारिवारिक शैली की राजनीति ही रही है। वर्ष 2014 से गठबंधन के बल पर बनने वाली सरकार के युग का अंत माना जा सकता है। भाजपा को जनता ने पूर्ण बहुमत दिया। भाजपा नीत राजग बेशक एक गठबंधन है, लेकिन भाजपा को अकेले पूर्ण बहुमत मिल रही है। वर्ष 2019 में भी भाजपा को पूर्ण बहुमत के साथ वर्ष 2014 से अधिक सीटें मिलीं। सरकार फिर भाजपा नीत राजग की ही बनी। अब वर्ष 2024 में भी एक बार फिर पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। अब तक आए एग्जिट पोल्स के मुताबिक, भाजपा अकेले पूर्ण बहुमत हासिल करने जा रही है। राजग को 2019 से अधिक सीटें मिलेंगी। इस तरह देखें तो भारतीय राजनीति में तीन खास परिवर्तन हुए हैं। पहला, अब फिर से पूर्ण बहुमत का दौर शुरू हुआ है। बेशक सरकार का मुखौटा गठबंधन का हो। दूसरा, चुनाव दर चुनाव सत्ताधारी भाजपा की सीटें बढ़ी हैं, जबकि माना जाता है कि सत्ताधारी दल को एंटीइन्कम्बेंसी के चलते सीटें घटने का खतरा रहता है। भाजपा ने इस स्थापित मिथ को तोड़ा है। इसका कारण है कि भाजपा ने मास राजनीति के सभी रूपक को मजबूत किया है, कास्ट की बजाय क्लास की राजनीति को प्रमुखता दी है, नया लाभार्थी क्लास गढ़ा है। संस्कृति, सोशल ट्रांसफार्मेशन से लेकर विकास तक का विनिंग कॉकटेल तैयार किया है। तीसरा, नरेन्द्र मोदी ऐसा भारतीय राजनेता बनकर उभरे हैं, जिनकी चुनाव दर चुनाव लोकप्रियता बढ़ी है। वे भाजपा के जिताऊ चेहरा हैं। अटल बिहारी वाजपेयी लोकप्रिय राजनेता होने के बावजूद वर्ष 2004 में वापसी नहीं कर पाए थे, जबकि उन्होंने पोखरण 2.0 भी किया था और उनके कार्यकाल में कारगिल विजय हुई थी। मोदी ने भाजपा को नई धार दी है, मोदी की भाजपा वाजपेयी की भाजपा से अलग है। भाजपा की तीसरी बार पूर्ण बहुमत से जीत के साथ भारतीय राजनीति में बहुमत के दौर की फिर से वापसी हो गई है। सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा के नतीजे भी पूर्ण बहुमत के आए हैं। पूर्व के कई विधानसभा चुनाव में भी पूर्ण बहुमत मिला है। केंद्रीय राजनीति में पूर्ण बहुमत के दौर की वापसी सियासत में हो रहे महत्वपूर्ण परिवर्तन को परिलक्षित करती है। लोकतंत्र



परिपक्व हो रहा है, मतदाता सजग हो रहे हैं।


सभी एग्ज़िट पोल का विश्लेषण करें तो 18वीं लोकसभा के लिए भविष्यवाणी साफ है कि भाजपा को दो तिहाई बहुमत मिलेगा और नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे। यह भारत के राजनीतिक इतिहास में एक विशेष क्षण होगा। भाजपा व एनडीए को बढ़त का मुख्य कारक यह है कि कोई भी ठोस विपक्षी दल नहीं है। जो विपक्षी गठबंधन है, उसके पास कोई मुद्दा या एजेंडा भी नहीं है। यह चुनावी मौसम के गठबंधन हैं। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनावों के पूर्वानुमानों पर राजनीतिक विश्लेषण अलग-अलग हैं, लेकिन इस आम चुनाव में 543 में से 343 से अधिक सीटें भाजपा को मिलेंगी। भाजपा नीत राजग सरकार का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। जनता विपक्षी गठबंधन आई.एन.डी.आई.ए. की तुलना में, बीजेपी-एनडीए पर अधिक भरोसा कर रही है, क्योंकि इंडिया आम आदमी के लिए एक व्यवहार्य वैकल्पिक नेता, नीतियाँ व एजेंडा प्रदान करने में विफल रहा। आज 4 जून को जब आम चुनाव के नतीजे आएंगे, हम तथ्यात्मक रूप से यह भविष्यवाणी कर सकते हैं कि भाजपा- एनडीए की वापसी होगी। भाजपा को न तो कोई खास असंतोष का सामना करना पड़ रहा है और न ही विकल्प की कोई मज़बूत मांग है। चुनाव विश्लेषक प्रशांत किशोर ने भी इसी तरह का आंकलन किया है। चुनाव प्रचार के दौरान विपक्षी दलों द्वारा किए गए हमले व्यक्ति केंद्रित रहे। जन से जुड़े वास्तविक मुद्दे विपक्ष के वादों से गायब थे। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने यह आरोप लगाया है कि नरेन्द्र मोदी ने नफ़रत भरे शब्दों से प्रधानमंत्री कार्यालय की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। डॉ. मनमोहन सिंह का, केवल मोदी के लिए, ऐसा कहना एक व्यक्तिपरक बयान है। दरअसल, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, तेजस्वी यादव और लालू यादव द्वारा, कांग्रेस के लिए किया गया अभियान भी उतना ही नफ़रत भरा था। नरेंद्र मोदी पर विपक्षी पार्टियों के समूह ने जमकर हमला किया था। सच तो यह है कि सार्वजनिक चर्चा काफ़ी हद तक ख़राब हो गई है, इसलिए यह किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं कहा जा सकता। भाजपा का 'अबकी बार 400 पार का नारा' एक चतुर सियासी चाल है। पार्टी ने मतदाताओं में उत्साह पैदा करने के लिए 400+ का नारा दिया। पार्टी को पता है कि उसे इससे कम सीटें मिलेंगी, तो भी उसकी सरकार बन जाएगी, पर 400 पार का नारा देकर विपक्ष को अपने इस नैरेटिव में उलझा दिया। भाजपा ने विमर्श को इस बात पर मोड़ दिया कि भाजपा 400 पार करेगी या नहीं।

नई सरकार को किन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ? मोदी सरकार 3:0 में किसानों से बातचीत करनी होगी। कृषि क्षेत्र, रोज़गार सृजन, एफडीआई में तेजी लाने, स्वास्थ्य सेवा, पाक व चीन से सीमा विवाद का हल, विदेश नीति में और धार, समावेशी विकास के लिए आर्थिक , वैश्वीकरण में भारत की मजबूत भूमिका, राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, नया परिसीमन, जनगणना, डिजिटल इकोनॉमी, हरित विकास, ग्रीन एनर्जी और महिलाओं की सुरक्षा आदि ऐसे अहम क्षेत्र हैं जिन पर नई सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है। समान नागरिक संहिता पर आवाम का ध्यान होगा। भाजपा के ये कोर मुद्दे हैं, जो अभी तक पूरे नहीं हुए हैं। अयोध्या में राम मंदिर बन रहा है, जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान हट चुके हैं, 35 ए को खत्म कर दिया गया है। इस चुनाव में भाजपा हिंदुत्व की बहस को सनातन से विस्तार दिया है। न संविधान को खतरा है, न आरक्षण व न लोकतंत्र को। भारत की वैश्विक शांति में भूमिका बढ़ेगी। विश्व में जितनी अधिक शांति होगी, विकास उतना अधिक होगा। मोदी सरकर को सर्व-धर्म प्रभुता की ओर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। आज परिणाम जो भी हो, नया इतिहास बनेगा।

(लेखक वरिष्ठ टीवी पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## समत्वं योग उच्यते



संकलित

**दर्शन**

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

## जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे?




संकलित

**प्रेरणा**

एक मछलीमार कांटा डाले तालाब के किनारे बैठा था। काफी समय बाद भी कोई मछली कांटे में नहीं फंसी, ना ही कोई हलचल हुई तो वह सोचने लगा... कहीं ऐसा तो नहीं कि मैने कांटा गलत जगह डाला है, यहां कोई मछली ही न हो! उसने तालाब में झांका तो देखा कि उसके कांटे के आसपास तो बहुत-सी मछलियाँथीं। उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि इतनी मछलियां होने के बाद भी कोई मछली फंसी क्यों नहीं! एक राहगीर ने जब यह नजारा देखा तो उससे कहा: लगता है भैया, यहां पर मछली मारने बहुत दिनों बाद आए हो! अब इस तालाब की मछलियां कांटे में नहीं फंसती। मछलीमार ने हैरत से पूछा: क्यों, ऐसा क्या है यहां? राहगीर बोला: पिछले दिनों तालाब के किनारे एक बहुत बड़े संत ठहरे थे। उन्होने यहां मौन की महत्ता पर प्रवचन दिया था। उनकी वाणी में इतना तेज था कि जब वे प्रवचन देते तो सारी मछलियां भी बड़े ध्यान से सुनतीं। यह उनके प्रवचनों का ही असर है कि उसके बाद जब भी कोई इन्हें फंसाने के लिए कांटा डालकर बैठता है तो ये मौन धारण कर लेती हैं। जब मछली मुंह खोलेगी ही नहीं तो कांटे में फंसेगी कैसे? इसलिए बेहतर यहीं होगा कि आप कहीं और जाकर कांटा डालो। क्योंकि यह एक ही अनेक भयंकर परिस्थितियां पैदा करने के लिए पर्याप्त है। संत ने कितनी सही बात कही कि जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे? अगर इन्द्रिय पर संयम करना चाहते हैं तो.. इस जिह्वा पर नियंत्रण कर लेवें बाकी सब इन्द्रियां स्वयं नियंत्रित रहेंगी। यह बात हमें भी अपने जीवन में उतार लेनी चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### दुग्ध क्षेत्र में सुधार की जरूरत

एक जून को विश्व दुग्ध दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन ने वर्ष 2001 में विश्व दुग्ध दिवस मनाने की शुरुआत की थी। इसका मुख्य उद्देश्य दुग्ध डेयरियों को नई पहचान देना और दूध कैसे लाभकारी है, इसके प्रति जागरूकता फैलाना भी है। इस दिवस को दुनिया के बहुत से देशों में मनाया जाता है। डेयरी स्वरोजगार का साधन भी माना जा सकता है। मौजूदा समय में हमारे देश में भी इससे लाखों लोगों की रोजी-रोटी चल रही है। सरकारें भी इसके लिए विशेष योजनाएं अमल में ला रही हैं। हमारे देश में बहुत सी दुग्ध कंपनियां या डेयरियां हैं जो गांवों में दुधारू पशुपालकों के लिए वरदान हैं। इसके बावजूद डेयरी क्षेत्र में अभी काफी कुछ किया जाना बाकी है। - **रंजन गुप्ता**, राजिम

## करंट अफेयर

# ट्रंप 'टिकटॉक' से जुड़े, कुछ घंटों में 11 लाख फॉलोअर

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवारी की दौड़ में सबसे आगे डोनाल्ड ट्रंप लोकप्रिय वीडियो एप 'टिकटॉक' से जुड़ गए है जिस पर उन्होंने व्हाइट हाउस में रहने के दौरान प्रतिबंध लगाने की कोशिश की थी। वह टिकटॉक से ऐसे समय में जुड़े हैं जब उन्हें अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 आरोपों के तहत दोषी पाया गया है। इसी के साथ वह किसी गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराए गए अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। ट्रंप ने टिकटॉक पर एक वीडियो में कहा, ''यह एक सम्मान है।'' इस वीडियो में उन्हें शनिवार रात को न्यूजर्सी में 'अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप' मुकाबले में प्रशंसकों का अभिवादन करते हुए और सेल्फी खिंचवाते हुए देखा गया। रविवार सुबह तक ट्रंप ने इस सोशल मीडिया मंच पर 11 लाख से अधिक 'फॉलोअर' जुटा लिए और उनके पोस्ट को 10 लाख से अधिक लोगों ने पसंद किया और 2.4 करोड़ लोगों ने उसे देखा। ट्रंप के प्रवक्ता स्टीवन च्युंग ने उनके टिकटॉक से जुड़ने के बारे में एक बयान में कहा, 'हम किसी भी मोर्चे पर अपनी उपस्थिति नहीं छोड़ेंगे और यह ट्रंप समर्थक और बाइडन रोधी सामग्री देखने वाले युवा दर्शकों तक लगातार पहुंचने का प्रयास है।'



## ऑफ बीट

# तेजी से खत्म हो चुके हैं जीवाश्म ईंधन

ऊर्जा के कार्बन मुक्त स्रोतों ने तेजी से जीवाश्म ईंधन की जगह ले ली है, लेकिन अभी तक सभी लोग इनके इस्तेमाल पर सहमत नहीं हैं। पिछले साल दिसंबर में कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (सीओपी-28) के अंत में अपनाए गए प्रस्ताव को जीवाश्म ईंधन युग के लिए 'अंत की शुरुआत' बताया गया था। हालांकि, इस तरह की घोषणा को बहुत निराशा की दृष्टि से देखा गया था, लेकिन शायद यह वास्तव में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। पिछले छह महीनों में इस बात के और भी सबूत मिले हैं कि 'डिकार्बनाइजेशन' (कार्बन-मुक्तिकरण) की नई तकनीकों : पवन, सौर, बैटरी और विद्युत चालित वाहनों के आने से जीवाश्म ईंधन का उपयोग तेजी से कम हो रहा है। ये अब बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे पता चलता है कि उद्यम, सरकारें और समुदाय इस बात को सीख रहे हैं कि शहरों और अन्य क्षेत्रों में इन्हें कैसे लागू किया जाए। सभी जीवाश्म ईंधन या तो स्थिर हो रहे हैं या नकारात्मक वृद्धि दिखा रहे हैं। कोयला, तेल और गैस के अत्यधिक इस्तेमाल से पता चलता है कि उनके इस्तेमाल में गिरावट कितनी तेजी से होगी। जीवाश्म ईंधन 'लॉबी' की प्रतिक्रियाएं मुख्यत : उपहासपूर्ण रही हैं और यह दिखाने के बजाय कि उनमें गिरावट हो रही है और उन्हें इन नई तकनीकों में विविधता लानी चाहिए, उन्होंने और भी बड़े विकास लक्ष्य चुने हैं।



## ट्रेंड

### अच्छा संकेत

मैं अपने सामने सिविल सेवा में समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व देखता हूं। एक समय हमारे समाज के कमजोर और हाशिए पर रहने वाले वर्ग जो कभी सपने में भी नहीं सोच सकते थे, वह आपने साकार कर दिखाया है। ये अच्छा संकेत है।

**-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति**



### विकास के काम

मैं करुणानिधि जी को 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने तमिल लोगों के विकास के लिए काम किया। उनके विद्वतापूर्ण स्वभाव के कारण उनका व्यापक रूप से सम्मान किया जाता है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### जनमत को धोखा

विपक्ष ने पहले ही घोषित कर दिया था कि मीडिया भाजपा को 300 पार दिखाएगा, जिससे घपला करने की गुंजाइश बन सके। पोल कई महीने पहले ही तैयार कर लिया गया था बस चैनलों ने चलाया आज है। ये जनमत को धोखा दिया जा रहा है।

**-अखिलेश यादव, सपा नेता**



### बड़ी उपलब्धि

स्टारलिंक ने कल ही 28 एमएस का एक नया आंतरिक औसत विलंबता रिकॉर्ड हासिल किया। ये अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। समूह की इंजीनियरिंग और संचालन टीमों द्वारा बढ़िया काम। किसी भी संस्थान की कामयाबी में उसकी टीम का अहम योगदान होता है। **-एलन मस्क, उद्योगपति**



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# सोनिया को उम्मीद बोलीं- असल नतीजों का इंतजार कीजिए, अठावले ने कहा- देश में चल रहा है मोदी का जादू, एग्जिट पोल ही 'एग्जैक्ट पोल'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के परिणाम कल यानी चार जून को जारी किए जाएंगे। इससे पहले आए एग्जिट पोल्स में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की स्पष्ट बहुमत की सरकार बनने का अनुमान जताया गया है। इन पोल्स में विपक्षी गठबंधन को 150 के आसपास सीटें मिलने का दावा किया गया है। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा है कि देश में पीएम मोदी का जादू चल रहा है। एग्जिट पोल ही 'एग्जैक्ट पोल' है।

इस बीच कांग्रेस संसदीय समिति की अध्यक्ष सोनिया गांधी का बयान सामने आया है। एग्जिट पोल्स के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमें इंतजार करना होगा। बस इंतजार करें और देखें। हमें पूरी उम्मीद है कि नतीजे एग्जिट पोल के नतीजों से बिल्कुल उलट होंगे,और मंगल को इंडी महागठबंधन का होगा मंगल। आज मंगलवार को घोषित होने वाले नतीजों से उनकी उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर सोनिया गांधी ने कहा कि हमें इंतजार करना होगा। नतीजे एग्जिट पोल में दिखाए गए नतीजों से बिल्कुल उलट होंगे। दरअसल, सोनिया गांधी डीएमके कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंची थीं। यहां से निकलते वक्त उन्होंने यह टिप्पणी की। इससे पहले सोनिया गांधी ने डीएमके के दिग्गज नेता एम. करुणानिधि की जयंती पर श्रद्धांजलि दी।

बता दें, एग्जिट पोल्स ने अनुमान जताया है कि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को लोकसभा चुनावों में भारी बहुमत मिल सकता है। कुछ एग्जिट पोल्स ने एनडीए को 400 से अधिक सीटें दी हैं, अधिकांश ने अनुमान जताया है कि भाजपा नीत गठबंधन 350 से अधिक सीटें जीतेगा।




**150** सीटें एग्जिट पोल में इंडी महागठबंधन को मिलने का अनुमान

**400** से अधिक एनडीए को सीटें मिलने का लगाया अनुमान

विपक्ष लगातार कर रहा है 295 सीटें जीतने का दावा उन्हे उम्मीद है नतीजे उनके पक्ष में आएंगे

**एम. करुणानिधि को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि देने पहुंची थी सोनिया गांधी**

कांग्रेस संसदीय समिति की अध्यक्ष सोनिया गांधी का बयान सामने आया है। एग्जिट पोल्स के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमें इंतजार करना होगा। बस इंतजार करें और देखें। हमें पूरी उम्मीद है कि नतीजे एग्जिट पोल के नतीजों से बिल्कुल उलट होंगे,और मंगल को इंडी महागठबंधन का होगा



**पहले कहा था 'मोदी मीडिया पोल'**

इन्हीं पोल्स में कांग्रेस और अन्य इंडिया ब्लॉक पार्टियों को 150 के आसपास सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। विपक्ष ने एग्जिट पोल्स को खारिज करते हुए दावा किया है कि ये सर्वे काल्पनिक हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा था कि इसे एग्जिट पोल नहीं कहा जाता है, बल्कि इसका नाम 'मोदी मीडिया पोल' है। यह मोदी जी का पोल है, यह उनका काल्पनिक पोल है।



### जयराम रमेश का दावा

**मैनेज किए हैं एग्जिट पोल**

कांग्रेस के महासचिव और वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने एग्जिट पोल पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि एग्जिट पोल मैनेज किया गया है। इस कोई विश्वास नहीं कर सकता है। हमारे कार्यकर्ताओं का मनोबल कम नहीं हुआ है। आप देख लीजिए सरकार हमारी ही बनेगी। हम 295 सीटें जीत रहे हैं।



### शशि थरूर ने सवाल उठाया

**जीत का पूरा भरोसा है**

लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर ने एग्जिट पोल पर बड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी एग्जिट पोल को संदेह की दृष्टि से देख रही है। उन्होंने चार जून को आने वाले नतीजों में एक बार फिर से विपक्षी इंडी गठबंधन की जीत का दावा किया है। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस उम्मीदवार ने कहा कि लोकसभा चुनावों में विपक्षी गठबंधन को इस बार 295 सीटें मिलेंगी।

### उन्हें उनकी खुशी मुबारकः झा




राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो मनोज झा ने कहा है कि जो लोग एग्जिट पोल के आंकड़ों पर खुश हो रहे हैं उन्हें मात्र 24 घंटे के अंदर हकीकत का एहसास हो जाएगा। बिहार में एग्जिट पोल हमेशा ध्वस्त होते हैं। जो उत्साह में हैं उन्हें यह खुशी मुबारक।बता दें कि बिहार में मतगणना के पूर्व मनोज झा महागठबंधन के अन्य नेताओं के साथ सोमवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस से बात कर रहे थे।

### हमारी जीत निश्चितः दिग्विजय सिंह



कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह का भी बयान सामने आया है। उन्होंने भी एग्जिट पोल को नकारा है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि भाजपा को बहुमत नहीं मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि कोई कुछ भी कहे आंकड़े ये नहीं होंगे, क्योंकि जनता ने कांग्रेस को वोट दिया है। उन्होंने एग्जिट पोल को नकारते हुए कहा कि यदि कोई गड़बड़ी नहीं हुई तो हमारी जीत सुनिश्चित है।

### एक्जिट पोल वाले खुद एक्सपोज होंगेः संजय सिंह



आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने कहा कि आज की ये प्रेस कॉन्फ्रेंस एग्जिट पोल के नतीजों पर है। एक्जिट पोल करने वालों ने खुद को एक्सपोज कर दिया है। ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि झारखंड में सीपीआईएम चुनाव ही नहीं लड़ रही है और उसे 2 से 3 सीट दे रहे हैं। तमिलनाडु में कांग्रेस खुद 9 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और एक्जिट पोल कांग्रेस को 13 सीट जीता रहे हैं। तमिलनाडु को भाजपा को 34% वोट शेयर मिला है। भाजपा खुद इस पर विश्वास नहीं कर रही।

### माहौल बनाने का प्रयासः अखिलेश



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को एग्जिट पोल की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया और दावा किया कि एग्जिट पोल करने वाली एजेंसियां सिर्फ भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रही हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए यादव ने कहा, इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस की जीत, देश और जनता की जीत होगी। यादव ने कहा, हम और आप (मीडिया) लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए लोगों के बीच थे। हम सभी ने देखा है कि उनकी (भाजपा) रैलियों में लोग नहीं थे।

---

## खबर संक्षेप

### फलों का जूस होने का दवा हटाएंः खाद्य नियामक

**नई दिल्ली।** खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने खाद्य व्यवसाय से जुड़े परिचालकों से विज्ञापनों के साथ-साथ डिब्बाबंद उत्पादों पर लगे 'लेबल' में 100 प्रतिशत फलों के जूस के दावों को तुरंत हटाने को कहा है। एफएसएसएआई ने सभी एफबीओ को एक सितंबर, 2024 से पहले से छपी पैकेजिंग सामग्रियों को समाप्त करने का भी निर्देश दिया गया है। नियामक ने कहा कि इस तरह के दावे भ्रामक हैं।

### ठाकरे को चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस



**मुंबई।** लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों से पहले केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से शिवसेना (यूबीटी) के चीफ उद्धव ठाकरे को नोटिस भेजा गया। उन्होंने महाराष्ट्र में अंतिम चरण के मतदान के दौरान उद्धव ठाकरे ने मुंबई में धीमी गति से मतदान के लिए चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया था। इसी बात का संज्ञान लेते हुए अब चुनाव आयोग ने उद्धव ठाकरे को नोटिस भेजा है।

### सोमनाथ भारती ने ईवीएम पर जताई आशंका



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में मतदान की प्रक्रिया खत्म होने के बाद अब नतीजों का इंतजार है। इसी बीच आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सोमनाथ भारती नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के गोल मार्किट काउंटिंग सेंटर पहुंच गए हैं। उन्होंने ईवीएम को लेकर कई आशंकाएं जताई हैं। आप नेता ने बातचती में कहा कि हमारा मकसद है कि जिस प्रकार से वोटिंग हुई है।

---

### दिल्ली में जल संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश में कहा

# पानी की कमी से निपटने के लिए कल होगी 'अपर यमुना रिवर बोर्ड' की आपात बैठक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भीषण गर्मी के बीच दिल्ली के जल संकट से जूझने पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इस समस्या से निपटने के लिए 5 जून को 'अपर यमुना रिवर बोर्ड' (यूवाईआरबी) की एक आपात बैठक बुलाने का आदेश दिया। यूवाईआरबी का गठन 1995 में किया गया था और इसके मुख्य कार्यों में यमुना नदी के पानी का लाभार्थी राज्यों के बीच आवंटन को नियंत्रित करना और दिल्ली में ओखला बैराज समेत सभी परियोजनाओं की समीक्षा एवं प्रगति पर नजर रखना भी है। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) दिल्ली शामिल हैं।

न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने सुनवाई शुरू होने पर पूछा कि सभी पक्षकारों की एक संयुक्त बैठक क्यों नहीं हो सकती?

केंद्र तथा हरियाणा सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यूवाईआरबी पहले ही इस मुद्दे पर विचार कर रहा है जहां हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली समेत सभी राज्य पक्षकार हैं। उन्होंने कहा कि इस सवाल पर विचार किया जा रहा है। बोर्ड ने हिमाचल प्रदेश को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा है कि उनके पास कितना अतिरिक्त पानी है। पीठ ने कहा कि आपात स्थिति के मद्देनजर इस मुद्दे से निपटने के लिए बोर्ड की बैठक कल बुलाई जा सकती है। इसने कहा कि केंद्र तथा दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से पेश अधिवक्ताओं ने इस पर सहमति जताई कि राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के मुद्दे से निपटने के लिए यूवाईआरबी की एक बैठक बुलाई जाए।

**खास बातें**

- 6 जून को होगी अगली सुनवाई
- अन्य संबंधित मुद्दों को गंभीरता से लिया जाए
- केंद्र, दिल्ली, हरियाणा, हिप्र होंगे शामिल

### आप जल मंत्री ने दायर की याचिका



दिल्ली की जल मंत्री आतिशी द्वारा दायर याचिका में केंद्र, हरियाणा की भाजपा सरकार और हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार को पक्षकार बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि जीवित रहने के लिए पानी तक पहुंच आवश्यक एवं बुनियादी मानवाधिकारों में से एक है। याचिका में कहा गया है कि पानी की उपलब्धता किसी भी व्यक्ति के बुनियादी मानवाधिकारों में से एक है। पानी न केवल जीने के लिए आवश्यक है, बल्कि पानी तक पहुंच संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गरिमा एवं गुणवत्तापूर्ण जीवन की गारंटी का एक अनिवार्य घटक भी है। वर्तमान जल संकट भीषण गर्मी होने तथा पानी की निरंतर कमी के कारण और भी बदतर हो सकता है तथा यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लोगों के सम्मानजनक एवं गुणवत्तापूर्ण जीवन के अधिकार का उल्लंघन है।

### पानी की कमी की समस्या का उचित तरीके से समाधान करें

पीठ ने कहा कि सुनवाई के दौरान सभी पक्ष सहमत हुए कि दिल्ली के नागरिकों के समक्ष पानी की कमी की समस्या का ऐसा समाधान होना चाहिए जिसमें सभी पक्षों के अधिकतम हित पूरे होते हों। इसने कहा कि वकील 'सहमत हो गए हैं कि इस याचिका में उठाए मुद्दों का समाधान करने के लिए पांच जून को अपर यमुना रिवर बोर्ड की एक आपात बैठक होनी चाहिए और सभी अन्य संबंधित मुद्दों को गंभीरता से लिया जाए ताकि दिल्ली के नागरिकों के लिए पानी की कमी की समस्या का उचित तरीके से समाधान किया जा सके। पीठ ने कहा कि इस मामले पर अगली सुनवाई छह जून को होगी जिसमें बोर्ड की बैठक और समस्या को हल करने के लिए पक्षकारों द्वारा उठाए गए सुझावात्मक कदमों पर जानकारी दी जाएगी।

---

### पीएम की शपथ को देखते हुए आदेश

# ड्रोन उड़ाने और लेजर बीम के इस्तेमाल पर लगा प्रतिबंध

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दिल्ली पुलिस ने अब कई पाबंदियां लगा दी हैं। दिल्ली पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट के आसपास धारा 144 लगा दी है। पुलिस ने विमानों के उड़ान के रास्ते में ड्रोन उड़ाने और लेजर बीम के इस्तेमाल पर भी बैन लगा दिया है।

सूत्रों के मुताबिक, देश के मौजूदा राजनीतिक हालात के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वीवीआईपी के एयरक्राफ्टों के मूवमेंट में आई तेजी और प्रधानमंत्री के शपथ समारोह को देखते हुए ये अहम आदेश जारी किए गए हैं।

**दिल्ली एयरपोर्ट पर धारा 144 भी लागू**




दिल्ली पुलिस का यह आदेश 1 जून से ही लागू हो गया है और यह 30 जून तक लागू रहेगी। आईजीआई एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने कहा है कि लेजर बीम की वजह से कई विजन डिस्ट्रैक्शन होता है। खासकर वहां जहां कोई विमान लैंडिंग कर रहा हो।

### सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन को बैन किया

इसके अलावा यह भी बताया गया है कि दिल्ली एयरपोर्ट पर आतंकी कभी भी हमला कर सकते हैं और इसे लेकर अक्सर जानकारियां सामने आती रहती हैं। आतंकवादी ड्रोन, पैराग्लाइडर, हैंग-ग्लाइडर, एयरो मॉडल इत्यादि के जरिए इस हमले को अंजाम दे सकते हैं। इसलिए सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन को बैन किया गया है।

---

### तमांग ने राज्यपाल से की मुलाकात

# नई सरकार के गठन का पेश किया दावा, जीती 31 सीटें



एजेंसी ⏭ गंगटोक

सिक्किम के सीएम प्रेम सिंह तमांग ने सोमवार को राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात कर खुद को विधायक दल का नेता चुनने संबंधी एसकेएम के नवनिर्वाचित विधायकों द्वारा पारित प्रस्ताव उन्हें सौंपा और अगली सरकार के गठन का दावा पेश किया। राज्यपाल से हुई मुलाकात के दौरान सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के सभी नवनिर्वाचित विधायक उनके साथ थे। आचार्य ने विधायकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

**पहले सौंपा इस्तीफा**

अधिकारी ने कहा कि तत्काल यह पता नहीं चल पाया है कि मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह कब होगा। निवर्तमान मुख्यमंत्री तमांग ने नई सरकार के गठन से पहले परंपरा के अनुसार रविवार शाम राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें अपना इस्तीफा सौंपा था। आचार्य ने कहा था कि तमांग फिलहाल मुख्यमंत्री बने रहेंगे। रविवार को हुई मतगणना में एसकेएम ने विधानसभा चुनाव में 32 में से 31 सीट जीती हैं। विपक्षी एसडीएफ को एक सीट पर जीत मिली।

---

### बढ़ती आग की घटनाओं को रोकने केंद्र सरकार सख्त

# राज्यों से कहा-अग्नि-सुरक्षा मानदंडों के सख्ती के साथ पालन कराएं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में बढ़ती गर्मी और आग की घटनाओं को लेकर केंद्र सरकार चिंतित है। केंद्र सरकार कहा है कि अस्पतालों में आग के खतरों से जुड़े संभावित खतरों को देखते हुए यह जरूरी है कि आग को प्रभावी ढंग से रोकने, पता लगाने और प्रतिक्रिया देने के लिए सख्त प्रोटोकॉल और उपाय किए जाएं। एक मजबूत अग्नि सुरक्षा योजना स्थापित करने और अग्नि-निकासी और सुरक्षा अभ्यास आयोजित करने से न केवल नियामक आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित होगा बल्कि जीवन और संपत्ति की सुरक्षा भी होगी। सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को अग्नि-सुरक्षा मानदंडों के सख्ती से अनुपालन की सलाह दी है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी की

स्वास्थ्य देखभाल संगठनों के साथ समीक्षा बैठक की

### आग की घटनाओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क



**स्वास्थ्य सुविधाओं पर रखें नजर**

मंत्रालय ने कहा कि हाल ही में कुछ जगहों पर आग विद्युत रखरखाव के कारण शॉर्ट-सर्किट और एयर-कंडीशनर और अन्य उपकरणों के उपयोग के कारण बिजली लाइनों के अधिभार का परिणाम हैं। अग्नि सुरक्षा मानदंडों से संबंधित सभी स्वास्थ्य सुविधाओं के सख्त अनुपालन और कठोर आवधिक मूल्यांकन की आवश्यकता पर बल दिया। इसके साथ राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और संस्थानों को पीडब्ल्यूडी और स्थानीय अग्निशमन विभागों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने की सलाह दी गई, ताकि समय पर अग्नि सुरक्षा एनओसी प्राप्त की जा सके।

### स्वास्थ्य केंद्रों में नियामक प्रोटोकॉल जरूरी

बढ़ते तापमान और आग की घटनाओं के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी की है। दरअसल, अस्पतालों में आग की घटनाओं को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों और स्वास्थ्य देखभाल संगठनों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्य स्वास्थ्य विभागों और लगभग 390 स्वास्थ्य देखभाल संगठनों के 15 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के बाद राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों में नियामक प्रोटोकॉल और अग्नि-सुरक्षा मानदंडों के सख्त अनुपालन की आवश्यकता दोहराई है।

# एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, एयरटेल आठ लाख करोड़ मार्केट कैप में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों के नतीजों से पहले आए एग्जिट पोल में मोदी 3.0 की वापसी के संकेतों के चलते सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में कई रिकॉर्ड टूटे। बीएसई सेंसेक्स और एनएसई का निफ्टी रिकॉर्ड हाई पर खुला। मिडकैप और स्मॉल इंडेक्स ने भी लाइफटाइम हाई बनाया।

- आईसीआईसीआई बैंक का शेयर भी 1171 रुपए के रिकॉर्ड हाई पर जा पहुंचा

शेयर बाजार में लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप एक ही दिन 13 लाख करोड़ रुपए के उछाल के साथ 425 लाख करोड़ रुपए ऐतिहासिक हाई पर जा पहुंचा है। लेकिन आज के सत्र में भारतीय शेयर बाजार में एक और रिकॉर्ड बना है। स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड 3 दिग्गज कंपनियों का मार्केट कैप पहली बार 8 लाख करोड़ रुपए के पार चला गया है।

## देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई का स्टॉक दस फीसदी उछला


### एसबीआई 8 लाख करोड़ के क्लब में शामिल

मोदी सरकार की लगातार तीसरी दफा सत्ता में वापसी की संभावनाओं के चलते देश की सबसे बड़ी बैंक भारतीय स्टेट बैंक का स्टॉक करीब 10 फीसदी के उछाल के साथ 912.10 रुपए के लाइफटाइम हाई पर जा पहुंचा है। ये पहला मौका है जब एसबीआई का शेयर 900 रुपए के पार गया है। एसबीआई का शेयर 9.48 फीसदी के उछाल के साथ 909 रुपए पर कारोबार कर रहा है। स्टॉक में इस तेजी के बाद पहली बार एसबीआई का मार्केट कैप 8 लाख करोड़ रुपए को पार करते हुए 811,604 करोड़ रुपए पर जा पहुंचा है जो पिछले सत्र में 740,832 करोड़ रुपए रहा था। आज के सत्र में एसबीआई के मार्केट कैप में करीब 71000 करोड़ रुपए का उछाल आया है।










### भारती एयरटेल भी 8 लाख करोड़ क्लब में

आज के कारोबार में देश की दूसरी बड़ी टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल भी 8 लाख करोड़ रुपए के क्लब में शामिल हो गई है। भारती एयरटेल का स्टॉक पहली बार 1420 रुपये के रिकॉर्ड हाई पर जा पहुंचा है। एयरटेल का शेयर 1.99 फीसदी के उछाल के साथ 1400 रुपए पर कारोबार कर रहा है। एयरटेल का मार्केट कैप 805,665 करोड़ रुपए पर जा पहुंचा है जो पिछले ट्रेडिंग सत्र में 778,335 करोड़ रुपए रहा था।

### आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 8 लाख करोड़ के पार

एसबीआई ही नहीं निजी क्षेत्र की दूसरी बड़ी आईसीआईसीआई बैंक भी 8 लाख करोड़ रुपए मार्केट कैप के क्लब में शामिल हो गई है। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर भी 1171 रुपए के रिकॉर्ड हाई पर जा पहुंचा है जो फिलहाल करीब 3 % के उछाल के साथ 1164.90 रुपए पर बंद हुआ।आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 809,588 करोड़ रुपए पर जा पहुंचा है जो पिछले सत्र में 787,229 करोड़ रुपए रहा था। वैसे एचडीएफसी बैंक 11.96 लाख करोड़ रुपए के मार्केट कैप के साथ सबसे वैल्यूएबल बैंक है।

## अनुकूल आर्थिक आंकड़ों से रुपया 28 पैसे की बढ़त के साथ 83.14 प्रति डॉलर पर

**मुंबई (भाषा)।** 'एग्जिट पोल' में सत्तारूढ़ भाजपा की एक बार फिर सरकार बनने के अनुमानों से उत्साहित स्थानीय शेयर बाजार में तीन प्रतिशत के उछाल के बीच सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 28 पैसे की बढ़त के साथ 83.14 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह रुपये का दो माह का उच्चस्तर है। स्थानीय मुद्रा में इस बड़े सुधार के पीछे मजबूत घरेलू व्यापक आर्थिक आंकड़ों, विदेशी पूंजी के प्रवाह और अमेरिकी मुद्रा में आई आंशिक कमजोरी जैसे सकारात्मक कारकों की भूमिका रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, तेल उत्पादकों के समूह ओपेक प्लस के तेल उत्पादन को स्थिर रखने के फैसले के बाद कच्चे तेल की कीमतों के निचले स्तर ने भी भारतीय मुद्रा को समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.09 के भाव पर मजबूती से खुला और दिन में कारोबार के दौरान 82.95 के उच्चतम स्तर और 83.17 के निचले स्तर पर घूमता रहा। कारोबार के अंत में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.14 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह पिछले बंद से 28 पैसे की बड़ी बढ़त है। पिछले कारोबारी सत्र में शुक्रवार को रुपया 13 पैसे गिरकर 83.42 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इससे पहले रुपया इस साल 21 मार्च को डॉलर के मुकाबले 83.13 पर बंद हुआ था।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सेंसेक्स ने लगाई 2,507.47 अंक की बड़ी छलांग

# शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी से निवेशकों की पूंजी 13.78 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा की अगुवाई वाली सरकार एक बार फिर बनने की उम्मीदों से स्थानीय शेयर बाजार के तीन प्रतिशत से अधिक उछल जाने से सोमवार को निवेशकों की संपत्ति में एक ही कारोबारी सत्र में 13.78 लाख करोड़ रुपये की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 2,507.47 अंक यानी 3.39 प्रतिशत की छलांग लगाते हुए अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर 76,468.78 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 2,777.58 अंक यानी 3.75 प्रतिशत तक उछलकर 76,738.89 अंक पर पहुंच गया था। इस रिकॉर्डतोड़ तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 13,78,630.4 करोड़ रुपये बढ़कर 4,25,91,511.54 करोड़ रुपये (5.13 लाख करोड़ डॉलर) हो गया। शेयर बाजार में यह जबर्दस्त तेजी एक जून को सत्तारूढ़ दल भाजपा के पक्ष में आए एग्जिट पोल का नतीजा है। शनिवार को अंतिम चरण का मतदान खत्म होने के बाद आए अधिकांश एग्जिट पोल में एक बार फिर पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार बनने की संभावना जताई गई। सात चरणों में संपन्न चुनाव के बाद मंगलवार को मतगणना होगी।

- 3.39 प्रतिशत की छलांग लगाते हुए अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर 76,468.78 पर बंद हुआ, निवेशकों के 13.78 लाख करोड़ बढ़े

### आर्थिक मोर्चे पर भारत के नाम रहेगी यह सदी : अमिताभ कांत

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत के जी-20 शेरपा और सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमिताभ कांत ने कहा है कि 2047 तक भारत दुनिया की 'महाशक्ति' बन जाएगा और यह सदी हमारे देश के नाम रहेगी। उन्होंने कहा, '' भारत अब दुनिया की महाशक्ति बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था के विस्तार में डिजिटल अभियान क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा है।'' आयकर विभाग के प्रधान आयुक्त प्रताप सिंह की किताब 'इंडिया ओडिसीः फ्रॉम ए डेवलपिंग कंट्री टू एन इमर्जिंग सुपरपावर' का विमोचन करने के बाद कांत ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। एक दशक पहले भारत पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में से एक था, लेकिन आर्थिक सुधारों के दम पर केवल पांच साल में यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। '' उन्होंने कहा, '' वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत और राजकोषीय घाटा कम होकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.6 प्रतिशत पर आना भारत की वृद्धि के लिए शुभ संकेत है। आज दुनिया भारत की ओर देख रही है। दुनिया की शीर्ष एजेंसियां भारत के आर्थिक प्रदर्शन पर सकारात्मक रुख अपना रही हैं। साल 2047 तक भारत दुनिया की 'महाशक्ति' बन जाएगा और यह सदी भारत के नाम रहेगी।''

# 2000 के 7755 करोड़ रुपए दबाए बैठे हैं लोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिजर्व इंडिया (आरबीआई) ने 2000 रुपए के नोट पिछले साल ही बंद कर दिए थे। इसके बावजूद लगभग 7755 करोड़ रुपए के 2000 रुपए के नोट उसके पास वापस नहीं आए हैं। आरबीआई के मुताबिक, 97.82 फीसदी 2000 रुपए के नोट उसके पास आ चुके हैं। बाकी के नोट अभी भी जनता के पास ही हैं। किसी ने उन्हें वापस नहीं किया है। आरबीआई ने सोमवार को बताया कि 2000 रुपए के नोट को बंद करने का फैसला 19 मई, 2023 को लिया गया था। यह फैसला लेते वक्त लगभग 3.65 लाख करोड़ रुपए मूल्य के 2000 रुपए के नोट प्रचलन में थे। लोगों को यह नोट बैंकों में जमा करने का काफी वक्त दिया गया था। इसके बावजूद 97.82 फीसदी नोट ही वापस आ पाए हैं। लगभग 7755 करोड़ रुपए के नोट वापस ही नहीं आए हैं। आरबीआई का नया आंकड़ा 31 मई, 2024 तक का है।

### नोटबंदी के ऐलान के बाद चलन में आया था यह नोट

इसके अलावा लोग इंडिया पोस्ट के जरिए भी 2000 रुपए के नोट अपने अकाउंट में जमा कराने के लिए किसी भी पोस्ट ऑफिस से आरबीआई इश्यू ऑफिस भेज सकते हैं। आरबीआई के इश्यू ऑफिस अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में हैं। भारत सरकार द्वारा नोटबंदी के ऐलान के बाद 2000 रुपए का नोट निकाला गया था। नोटबंदी के चलते उस समय चलन में मौजूद 500 और 1000 के नोट बंद कर दिए गए थे।

## हवाई यात्रा की वास्तविक लागत में 34 प्रतिशत की आई कमी

**दुबई।** आईएटीए के महानिदेशक विली वॉल्श ने सोमवार को कहा कि पिछले दशक में हवाई यात्रा की वास्तविक लागत में 34 प्रतिशत की गिरावट आई है। प्रति यात्री एयरलाइन को मिलने वाला लाभ करीब 6.14 अमेरिकी डॉलर है। अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) 330 से अधिक एयरलाइन का एक वैश्विक समूह है। आईएटीए की यहां 80वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को संबोधित करते हुए वॉल्श ने कहा कि उड़ान अब भी पैसे के हिसाब से अच्छी स्थिति में है। वॉल्श ने कहा, 'हमने हाल ही में 15 बाजार में 6,500 यात्रियों के बीच सर्वेक्षण कराया जिनमें से 77 प्रतिशत ने यही बात कही। यह आश्चर्य की बात नहीं है, क्योंकि पिछले दशक में हवाई यात्रा की वास्तविक लागत में 34 प्रतिशत की गिरावट आई है।'



**ज्योतिष**

सबको आजमाया बार-बार
हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम
सभी समस्याओं का समाधान



बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रुकावट
ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा,
A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
9810842229
बी-5, बलराम हाऊस, मिलने सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015

## अदाणी समूह ने वित्तीय क्षेत्र में रखा कदम

**नई दिल्ली।** विभिन्न कारोबार क्षेत्रों से जुड़े अडाणी समूह ने वित्तीय क्षेत्र में भी कदम रख दिया है। समूह ने सोमवार को आईसीआईसीआई बैंक के साथ मिलकर 'को-ब्रांडेड' क्रेडिट कार्ड जारी करने की घोषणा की। समूह की इकाई अडाणी वन और आईसीआईसीआई बैंक ने वीजा के साथ मिलकर हवाई अड्डे से जुड़े लाभों के साथ देश का पहला को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पेश किया है। अडाणी वन एक ऐप है जो उपयोगकर्ताओं को टिकट बुक करने, उड़ान की स्थिति की जांच करने, लाउंज तक पहुंचने, शुल्क-मुक्त उत्पादों की खरीदारी करने, कैब लेने और पार्किंग का लाभ उठाने आदि में मदद करता है। कंपनी ने बयान में कहा, ''कार्ड में कई लाभ दिये गये हैं। इसे कार्डधारकों के उनके हवाई अड्डे तथा यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए तैयार किया गया है। यह अडाणी वन ऐप जैसे अडाणी समूह के उपभोक्ता परिवेश से जुड़ी इकाइयों में खर्च पर सात प्रतिशत तक 'रिवॉर्ड पॉइंट' देता है। अडाणी वन ऐप के जरिये उड़ान, होटल, ट्रेन, बस और कैब, अडाणी इलेक्ट्रिसिटी बिल भुगतान आदि सेवाएं ली जा सकती हैं।'' अडाणी समूह ने दिसंबर, 2022 में, कंपनी की डिजिटल पहल को आगे बढ़ाते हुए अडाणी वन ऐप शुरू किया। कार्ड उपयोगकर्ताओं को शुल्क मुक्त दुकानों पर खरीदारी और हवाई अड्डों पर खाने और पेय पदार्थों से जुड़े खर्चों पर छूट जैसे लाभ भी मिलते हैं।

## सोने में 200 रुपये की गिरावट, चांदी 800 रुपये लुढ़की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 200 रुपये के नुकसान के साथ 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 800 रुपये टूटकर 92,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी।

# भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर में मई में गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत के विनिर्माण क्षेत्र में मई में लगातार दूसरे महीने वृद्धि दर धीमी रही, लेकिन वैश्विक बिक्री में 13 वर्षों में सर्वाधिक वृद्धि के साथ यह क्षेत्र विस्तार की स्थिति में बना रहा।

सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) मई में घटकर 57.5 हो गया जो अप्रैल में 58.8 था। मार्च में सूचकांक 16 वर्ष के उच्चतम स्तर 59.1 पर पहुंच गया था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी की वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा, '' विनिर्माण क्षेत्र मई में विस्तार के दायरे में रहा, यद्यपि इसकी गति धीमी रही जिसका कारण नए ठेकों और उत्पादन में मंदी रही।''

- निर्यात में 13 वर्षों में सबसे अधिक वृद्धि : पीएमआई सर्वेक्षण
- पीएमआई सूचकांक मई में घटकर 57.5 हो गया

दास ने कहा कि मंदी का कारण भीषण गर्मी के बीच कामकाजी घंटों में कमी और उत्पादन लागत में वृद्धि बताया जा रहा है। सर्वेक्षण के अनुसार, प्रतिस्पर्धा और चुनाव संबंधी व्यवधानों के कारण वृद्धि अवरुद्ध हुई है। कुल बिक्री के रुझान के विपरीत मई में नए निर्यात ठेकों में तीव्र गति से वृद्धि हुई है।

### विनिर्माण क्षेत्र में सबसे अधिक रोजगार देखा गया

अंतरराष्ट्रीय बिक्री में यह उछाल 13 वर्षों में सबसे अधिक रहा, क्योंकि विनिर्माताओं को अफ्रीका, एशिया, अमेरिका, यूरोप और पश्चिम एशिया के कई देशों में ग्राहकों से लाभ प्राप्त हुआ है। साथ ही मार्च 2005 में आंकड़ा संग्रहण शुरू होने के बाद से विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई।

**पहचान की अपील**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव **नाम** : मालूम नही, **पुत्र** : मालूम नही, **निवास** : मालूम नही, **उम्र** : लगभग 37 वर्ष, **रंग** : गेंहूआ, **कद** : 5' 5", **शरीर** : सामान्य, **पहनावा** : लाल और सफेद रंग की कमीज और नीले रंग की लोअर पहने है जो डीएलटी वाशिंग शताब्दी कॉम्प्लैक्स नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बेहोशी की हालात, दिल्ली में पाया गया था। इस बाबत **FIR/DD No. 70A दिनांक : 30.05.2024 थाना : नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली** में दर्ज है।

इस मृत व्यक्ति के बारे में या इसके परिवार के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी / सुराग मिले तो निम्नलिखित पते या फोन नम्बरों पर सूचित करें।

हस्ता/- थानाध्यक्ष
थाना : नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली
DP/6585/RLY/2024 फोन : 011-23744073, 8750871305

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सरोज झा पत्नी शिव झा,** निवासी मकान नं. E-64, पंचशील कॉलोनी ब्लॉक–E भोपुरा, गाजियाबाद, यूपी, ने **CC. No. 20546/18 U/s 138 NI Act.,** के अंतर्गत थाना: **राजिंदर नगर,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सरोज झा** मिल नही रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सरोज झा** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC. No. 20546/18 U/s 138 NI Act.,** थाना: **राजिंदर नगर,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सरोज झा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.09.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
दिव्या गुप्ता, MM,
कमरा नंबर 02 तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/6233/CD/2024

## केआर मंगलम में एसओएचएमसीटी द्वारा 'लोकल इज ग्लोबल' विषय पर सफल कार्यशाला आयोजितः सेलिब्रिटी



**नई दिल्ली।** स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, के.आर. मंगलम ने 22 मई, 2024 को ₹लोकल इज़ ग्लोबल₹ शीर्षक से एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सेलिब्रिटी शेफ निशांत चौबे, मिशेलिन स्टार रेस्तरां के कंसल्टिंग शेफ और श्रीमान शामिल थे। कुणाल, फूड इन्फ्लुएंसर संसाधन व्यक्ति के रूप में। एसओएचएमसीटी की डीन डॉ. अंजना सिंह ने शेफ वीरेंद्र सिंह, सुश्री ज्योति सहरावत और सुश्री दीपिका रॉय के समन्वय के साथ इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया। शेफ चौबे ने लहसुन के चिप्स और कासुंदी के साथ गोचुजंग शकरकंद और मकई की ग्रेवी और सुगंधित पदार्थों के साथ मकई केक जैसे व्यंजन तैयार किए। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को पूरे भारत से स्थानीय व्यंजन तैयार करने के नवीन तरीके सिखाना था।

## राशिफल

**मेष** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 5531




**बाएँ से दाए**
1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना, रोना, लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा, कारपेट-3
9. किनारा, छोर-2
10. झगड़ा, कहासुनी-4
11. समय, वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र, स्वदेश-2
15. पुत्र, लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र, व्यवहार-2,3
25. जीव, दूत, जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत, जोश, बल-2
29. कराह, टीस, लालसा-3
30. वहम, संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा, घास-2
36. चोंगा, गाऊन-3
37. सफर, जात्रा-2
38. दयालु, कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. पांव, पैर-2
2. भिखारी, मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूण-4
7. हल्का काला, श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल, पत्ता-2
18. रुखसार, कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़, योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच, नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरैया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त, मित्र, सखा-2

### शब्द पहेली- 5530 का हल





# स्कॉटलैंड पर इंग्लैंड का पलड़ा भारी, युगांडा के खिलाफ अफगानिस्तान प्रबल दावेदार

एजेंसी ▸▸| ब्रिजटाउन

बारिश के कारण तैयारियों को अंतिम रूप देने से महरुम रहा गत चैंपियन इंग्लैंड मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में जीत के साथ अपने अभियान की विजयी शुरुआत करने के इरादे से उतरेगा। फिल सॉल्ट इंडियन प्रीमियर लीग की शानदार फॉर्म को टी20 विश्व कप में जारी रखना चाहेंगे जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी से इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है।



स्वदेश में पाकिस्तान के खिलाफ चार मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला बारिश से प्रभावित रही लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा और तीसरी बार खिताब जीतने का प्रयास करेगा। टी20 प्रारूप में पहली बार स्कॉटलैंड का सामना करने जा रही जोस बटलर की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम केनसिंगटन ओवल में होने वाले मुकाबले में जीत की मजबूत दावेदार के रूप में उतरेगी।



### छाप छोड़ने को तैयार स्कॉटलैंड

लगातार तीसरे टी20 विश्व कप में खेल रहे स्कॉटलैंड का कागजों पर इंग्लैंड से कोई मुकाबला नहीं है लेकिन यूरोपीय क्वालीफायर में आसानी से जीत हासिल करने के बाद वे अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। स्कॉटलैंड ने क्वालीफायर में अपने सभी छह मैच जीते और अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।

### दो साल से फार्म में नहीं अंग्रेज

मेलबर्न में 2022 में पिछले टी20 विश्व कप के फाइनल में पाकिस्तान पर पांच विकेट की जीत के बाद से सफेद गेंद के प्रारूप में इंग्लैंड के लिए चीजें आसान नहीं रहीं। ऑस्ट्रेलिया में अपनी सफलता के एक साल बाद बटलर की अगुआई में इंग्लैंड ने भारत में एकदिवसीय विश्व कप में लचर प्रदर्शन किया। टीम नौ मैच में तीन जीत और छह हार से सातवें स्थान पर रही जिसमें अफगानिस्तान के खिलाफ निराशाजनक हार भी शामिल है। सफेद गेंद के क्रिकेट में इसके बाद टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ 50 ओवर और 20 ओवर दोनों प्रारूप की श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा। हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ बारिश से प्रभावित श्रृंखला में इंग्लैंड ने 2-0 की जीत से कुछ हद तक लय हासिल की।

### अफगानी गेंदबाज बरपाएंगे कहर



*दिन के दूसरे मैच में अफगानिस्तान की टीम गयान के प्रोविडेंस में होने वाले मुकाबले में युगांडा के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। अफ्रीका की टीम टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही है। अफगानिस्तान ने भारत में पिछले साल हुए आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान जैसी टीमों को हराया था और टीम उस प्रदर्शन से आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेगी।*


## खबर संक्षेप

### टी20 विश्व कप का प्रसारण करेगा दूरदर्शन

**नई दिल्ली।** प्रसार भारती ने सोमवार को घोषणा की कि वह अपने डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर मौजूदा टी20 विश्व कप, पेरिस ओलंपिक और विंबलडन का प्रसारण करेगा। प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने सोमवार को यहां मीडिया के साथ बातचीत के दौरान यह घोषणा की। प्रसार भारती ने इस मौके पर टी20 विश्व कप के लिए विशेष गान 'जज्बा' भी लॉन्च किया। दूरदर्शन ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस ओलंपिक और 28 अगस्त से आठ सितंबर तक पेरिस पैरालंपिक का सीधा प्रसारण, स्थगित प्रसारण और मुख्य आकर्षण के प्रसारण की भी घोषणा की। साथ ही छह से 14 जुलाई तक भारत के जिम्बाब्वे दौरे का भी प्रसारण किया जाएगा।

### रिकॉर्ड 9.51 करोड़ ईनाम का ऐलान

**न्यूयॉर्क।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने टी20 विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 11.25 मिलियन डॉलर (करीब 93 करोड़ 51 लाख रुपए) पुरस्कार राशि का ऐलान किया है जिसमे से विजेता को 2.45 मिलियन डॉलर (करीब 20 करोड़ 36 लाख रुपए) दिए जाएंगे। उपविजेता को 1.28 मिलियन डॉलर मिलेंगे जबकि सेमीफाइनल हारने वाली टीमों को 787500 डॉलर दिए जाएंगे। पिछली बार कुल ईनामी राशि 5.6 मिलियन डॉलर थी जिसमे से विजेता इंग्लैंड को 1.6 मिलियन डॉलर मिले थे।



### कृष्णा ने ओडिशा के साथ अनुबंध बढ़ाया

**भुवनेश्वर।** फिजी के फारवर्ड रॉय कृष्णा ने सुपर कप चैंपियन ओडिशा एफसी के साथ अपने अनुबंध को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टीम ओडिशा एफसी ने सोमवार को यह घोषणा की। रॉय ने आईएसएल के इस सत्र में 13 गोल किए जबकि तीन गोल करने में मदद भी की। उन्होंने माजिया एस एंड आरसी के खिलाफ मालदीव में एएफसी कप मैच में पिछड़ने के बाद 3-2 की जीत के दौरान विजयी गोल भी दागा।



### पहलवान बजरंग पर लगा अस्थायी निलंबन हटाया



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी की अनुशासन पैनल ने पहलवान बजरंग पूनिया को नाडा द्वारा आरोप का नोटिस नहीं दिए जाने तक उन पर लगा अस्थाई निलंबन हटा दिया है। पूनिया ने मार्च में चयन ट्रायल के बाद डोप टेस्ट के लिए नमूना देने से इनकार किया था। नाडा ने 23 अप्रैल को पूनिया पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### क्रिकेट : ट्रम्पेलमैन पहली दो गेंदों पर विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज

# नामीबिया ने ओमान को हराया, 12 साल में पहली बार सुपर ओवर से हुआ फैसला

एजेंसी ▸▸| ब्रिजटाउन

। नामीबिया ने ओमान को सुपर ओवर में हराकर टी20 विश्व कप में अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। इससे पहले 2012 में न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज का मैच रिजल्ट सुपर ओवर से निकला था। वेस्टइंडीज जीता था। ओमान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में 109 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में नामीबिया की टीम निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 109 रन ही बना पाई। नामीबिया ने वीसे और कप्तान गेरहार्ड इरास्मस की आक्रामक बल्लेबाजी की मदद से सुपर ओवर में 21 रन बनाए। वीसे ने इसके बाद गेंद संभाली और ओमान को केवल 10 रन ही बनाने दिए।

इससे पहले रुबेन ट्रम्पेलमैन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पहली दो गेंदों पर विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। उन्होंने 21 रन देकर चार विकेट लिए जो नामीबिया की तरफ से टी20 विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्हें वीसे का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 28 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रम्पेलमैन ने मैच की पहली दो गेंदों पर सलामी बल्लेबाज कश्यप प्रजापति और ओमान के कप्तान आकिब इलियास को आउट किया।



### फेल हुए बल्लेबाज

ओमान के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें खालिद कैल ने 39 गेंदों में सर्वाधिक 34 रन बनाए। उनके अलावा जीशान मकसूद ने 22 और अयान खान ने 15 रन का योगदान दिया। नामीबिया के बल्लेबाज भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। उसकी तरफ से जान फ्राइलिंक ने 48 गेंदों में 45 रन बनाए। उनके अलावा निकोलस डाविन (24) और इरास्मस (13) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। ओमान की तरफ से मेहरान खान ने सात रन देकर तीन विकेट लिए और मैच को सुपर ओवर तक खींच दिया।



### वीसे ने दिलाई जीत


नामीबिया के कप्तान इरास्मस सुपर ओवर में गेंद ट्रम्पेलमैन को सौंप सकते थे लेकिन उन्होंने वीसे के अनुभव पर भरोसा दिखाया और दक्षिण अफ्रीका में जन्मे इस ऑलराउंडर ने टीम को निराश नहीं किया। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए 39 वर्ष के वीसे ने मैच के बाद कहा, 'आज मेरी उम्र कुछ साल बढ़ गई। सुपर ओवर में बल्लेबाजी करने के कारण मुझे मदद मिली। मुझे खेल का अंदाजा था और मैं जानता था कि सुपर ओवर में मैं कुछ अच्छे शॉट लगा सकता हूं। गेंदबाजी करते हुए मुझे भरोसा था कि मैं लक्ष्य का बचाव कर सकता हूं।'

### नॉर्किया के कहर बरपाते स्पैल से दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को हराया

**न्यूयॉर्क।** तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया ने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात रन देकर चार विकेट लिये जिसकी मदद से दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्व कप के अपने पहले मैच में रविवार को श्रीलंका को छह विकेट से हरा दिया। भारत को इस मैदान पर ग्रुप ए के चार में से तीन लीग मैच खेलने हैं। नॉर्किया, कैगिसो रबाडा और केशव महाराज की शानदार गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को 19.1 ओवर में 77 रन पर समेट दिया। श्रीलंका का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला पूरी तरह से गलत साबित हुआ और वह टी20 क्रिकेट में अपने न्यूनतम स्कोर पर आउट हो गई। नुवान तुषारा के रन आउट के साथ ही श्रीलंकाई पारी 19.1 ओवर में खत्म हो गई। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की राह भी आसान नहीं थी। नासाउ स्टेडियम पर चुनौतीपूर्ण हालात में श्रीलंका ने पावरप्ले में दक्षिण अफ्रीका के दो विकेट 27 रन पर निकाल दिये थे। स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने तीन ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिये। लक्ष्य छोटा होने के कारण दक्षिण अफ्रीका ने 16. 2 ओवर में ही जीत दर्ज कर ली। अब वह 1.048 के नेट रनरेट के साथ दो अंक लेकर ग्रुप डी में शीर्ष पर है। बांग्लादेश, नेपाल और नीदरलैंड भी इसी ग्रुप में हैं। हेनरिच क्लासेन ने 15वें ओवर में हसरंगा को एक छक्के समेत 11 रन लेकर दक्षिण अफ्रीका की जीत पर लगभग मुहर लगा दी।

### फ्रेंच ओपन

# दिमित्रोव और सिनर में होगा मुकाबला, जीते अल्काराज



एजेंसी ▸▸| पेरिस

ग्रिगोर दिमित्रोव ने एक कड़े मुकाबले में ह्यूबर्ट हर्काज़ को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर से होगा। दसवीं वरीयता प्राप्त दिमित्रोव ने आठवें वरीय हर्काज़ को 7-6 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया।

यह पहला अवसर है जबकि दिमित्रोव ने फ्रेंच ओपन के अंतिम आठ में जगह बनाई। वह अमेरिकी ओपन, ऑस्ट्रेलियाई ओपन और विंबलडन में एक-एक बार सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। सिनर ने फ्रांस के गैर वरीयता प्राप्त कॉरेंटिन मौटेट के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 2-6, 6-3, 6-2, 6-1 से जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज और 2021 में फ्रेंच ओपन के उप विजेता स्टेफानोस सिटसिपास ने भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां इनका आमना सामना होगा। तीसरे वरीय अल्काराज ने कनाडा के 21वें वरीय फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-3, 6-3, 6-1 से जबकि नौंवे वरीय सिटसिपास ने इटली के गैर वरीय माटियो अर्नाल्डी को 3-6, 7-6 (4), 6-2, 6-2 से पराजित किया।

### वोंड्रोसोवा और जाबूर की शानदार जीत

*महिला वर्ग में विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंड्रोसोवा और ओन्स जाबूर ने भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। चेक गणराज्य की पांचवीं वरीयता वोंड्रोसोवा ने सर्बिया की ओल्गा डैनिलोविच को 6-4, 6-2 से हराया। ट्यूनीशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त जाबूर ने गैर वरीयता प्राप्त डेन क्लारा टॉसन को 6-4, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। अंतिम आठ में उनका सामना अमेरिका की कोको गॉफ से होगा जिन्होंने इटली की गैर वरीय एलिजाबेटा कोसियारेटो को 6-1, 6-2 से पराजित किया।*

# भारतीय बल्लेबाज जाधव ने की संन्यास की घोषणा

एजेंसी ▸▸| पुणे

भारत और महाराष्ट्र के बल्लेबाज केदार जाधव ने राष्ट्रीय टीम के लिए आखिरी मैच खेलने के चार साल बाद सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। भारत के लिए नवंबर 2014 में रांची में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के साथ अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले 39 साल के जाधव ने 73 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के करीबी माने जाने वाले जाधव ने इस दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज की शैली में ही संन्यास की घोषणा की। जाधव ने 'एक्स' पर लिखा, 'मेरे करियर के दौरान आपके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। मुझे क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया हुआ समझिए।' जाधव रविवार को पुणे में शुरू हुई महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में कोल्हापुर टस्कर्स की कप्तानी कर रहे हैं और उनकी पोस्ट से यह स्पष्ट नहीं होता कि वह इस टूर्नामेंट में आगे खेलेंगे या नहीं।



### केदार की उपलब्धि

*जाधव ने भारत के लिए 73 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में दो शतक और छह अर्धशतक की मदद से 42.09 के औसत से 1389 रन बनाए। उन्होंने नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की छह पारियों में 122 रन भी बनाए। जाधव ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी जनवरी 2017 में पुणे में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ खेली जब उन्होंने बड़े स्कोर वाले मैच में 76 गेंद में 12 चौकों और चार छक्कों से 120 रन की पारी खेलते हुए अपना दूसरा शतक जड़ा और भारत को तीन विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।*

### एमबाप्पे को फ्रांस की टीम में जगह नहीं



**पेरिस।** स्टार खिलाड़ी काइलियान एमबाप्पे पेरिस ओलंपिक में फ्रांस के लिए नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें सोमवार को थियेरी हेनरी की इन खेलों के लिए अस्थाई टीम में जगह नहीं मिली। विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे एमबाप्पे ने अपने देश में होने वाले ओलंपिक में खेलने की इच्छा व्यक्त की थी। हेनरी और यहां तक कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी चाहते थे कि एमबाप्पे पुरुष ओलंपिक टीम का हिस्सा बनें लेकिन उन्हें 25 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया। पेरिस सेंट जर्मेन को एक स्वतंत्र एजेंट के रूप में छोड़ने के बाद एमबाप्पे के रियल मैड्रिड से जुड़ने की उम्मीद की जा रही है।

# वर्ल्ड एथलेटिक्स ने की एक नई वैश्विक चैंपियनशिप की घोषणा

एजेंसी ▸▸| मोनाको

एथलेटिक्स की वैश्विक संचालन संस्था वर्ल्ड एथलेटिक्स ने सोमवार को एक नई सत्रांत चैंपियनशिप की घोषणा की जिसमें एक करोड़ अमेरिकी डॉलर की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि दी जाएगी। विश्व तथा ओलंपिक चैंपियन के साथ-साथ डाइमंड लीग विजेताओं के बीच मुकाबले से सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी तय होंगे।

इस टूर्नामेंट का नाम 'वर्ल्ड एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप' रखा गया है और इसका उद्देश्य व्यापक दर्शकों तक पहुंच बनाना है। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने इसे 'अभूतपूर्व' चैंपियनशिप बताया जो 'एथलेटिक्स कैलेंडर को बदल देगी और परिभाषित करेगी कि कौन सा एथलीट सर्वश्रेष्ठ में सर्वश्रेष्ठ है।' ट्रैक एवं फील्ड के इतिहास में सबसे अधिक पुरस्कार राशि प्रदान करने वाली यह चैंपियनशिप 2026 के ट्रैक एवं फील्ड सत्र का समापन करेगी। बुडापेस्ट 11-13 सितंबर तक पहले टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा और चैंपियनशिप हर दो साल में आयोजित की जाएगी।

# अलीरेजा से हारे प्रज्ञाननंदा कार्लसन को एकल बढ़त

एजेंसी ▸▸| स्टवांगर

भारत के भाई बहन की जोड़ी आर प्रज्ञाननंदा और आर वैशाली को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट छठे दौर में हार का सामना करना पड़ा जबकि मैग्नस कार्लसन ने खराब फॉर्म में चल रहे डिंग लिरेन को हराकर 12 अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली।

अमेरिका के फैबियानो कारुआना ने हमवतन हिकारू नाकामुरा को हराकर छह खिलाड़ियों के बीच डबल राउंड रॉबिन आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में कार्लसन को बढ़त हासिल करने में मदद पहुंचाई।



प्रज्ञाननंदा को क्लासिकल मैच में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ थोड़ा संघर्ष करना पड़ा लेकिन वह इसके बाद आर्मगेडन टाईब्रेकर में हार गए। उनकी बहन वैशाली को चीन की विश्व महिला चैंपियन वेनजुन जू से हार का सामना करना पड़ा। अब जबकि चार दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब शीर्ष पर काबिज कार्लसन के बाद नाकामुरा का नंबर आता है जिनके 11 अंक हैं जबकि प्रज्ञाननंदा 9.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

### इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट

# आज से खिताब बचाने उतरेंगे सात्विक और चिराग

एजेंसी ▸▸| जकार्ता

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करके अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करेगी। भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

इस सत्र में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने चार प्रतियोगिताओं के फाइनल में प्रवेश किया जिनमें से वह फ्रेंच ओपन और थाईलैंड ओपन जीतने में सफल रहे। थॉमस कप में हालांकि इंडोनेशिया और चीन के खिलाफ वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसके अलावा वह ऑल इंग्लैंड ओपन और पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन में शुरू में बाहर हो गए थे।



सात्विक और चिराग पिछले साल इंडोनेशिया ओपन जीतकर सुपर 1000 टूर्नामेंट जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। वे अब पिछले सप्ताह की गलतियों में सुधार करके पिछले साल का प्रदर्शन दोहराने की कोशिश करेंगे। उनका पहला मुकाबला मलेशिया के मैन वेई चोंग और काई वुन टी से होगा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू पर भी दबाव होगा जो पेरिस ओलंपिक से पहले आत्मविश्वास हासिल करना चाहेंगी।

### प्रणय और लक्ष्य सेन पर नजर

पुरुष एकल में भारत की निगाह एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन पर टिकी रहेगी। लक्ष्य जापान के कांता सुनेयामा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर उनका सामना मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त विक्टर एक्सेलसेन से हो सकता है जिनसे वह पिछले सप्ताह हार गए थे। इस सत्र में स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझने वाले प्रणय पहले दौर में हमवतन प्रियांशु राजावत से भिड़ेंगे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और किरण जॉर्ज भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। पहले दौर में श्रीकांत का सामना चिको ऑरा ड्वी वार्डोयो से जबकि जॉर्ज का चीन के वेंग होंग यांग से होगा। महिला युगल में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी तनिषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत कनाडा की जैकी डेंट और क्रिस्टल लाई की जोड़ी के खिलाफ करेगी।




इस ट्रेन का सप्ताह में दो दिन होगा परिचालन

# नेपाल के जनकपुर से अयोध्या-नई दिल्ली के लिए शुरू होगी रेल सेवा

***नेपाल रेलवे के महाप्रबंधक निरंजन झा ने बताया कि नेपाल के जनकपुर से वाया अयोध्या नई दिल्ली के लिए ट्रेन चलाने को लेकर नेपाल स्थित भारतीय राजदूत को प्रस्ताव भेजा था। इस पर सहमति बन गई है। दोनों देशों के अधिकारियों के बीच एक-दो बैठक के बाद जल्द ही अधिकारिक घोषणा की जाएगी।***

एजेंसी ▶▶ जयनगर (मधुबनी)

नेपाल के जनकपुर से भारत के अयोध्याधाम-नई दिल्ली के बीच जल्द नई ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। ट्रेन परिचालन को लेकर नेपाल रेलवे काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास को लिखे पत्र के आलोक में भारतीय दूतावास ने पत्र को अनुमोदन करते हुए दिल्ली भेजा है। इसकी जानकारी देते हुए नेपाल रेलवे के महाप्रबंधक निरंजन झा ने बताया कि नेपाल के जनकपुर से वाया अयोध्या नई दिल्ली के लिए ट्रेन चलाने को लेकर नेपाल स्थित भारतीय राजदूत को प्रस्ताव भेजा था। इस पर सहमति बन गई है। दोनों देशों के अधिकारियों के बीच एक-दो बैठक के बाद इसकी अधिकारिक घोषणा की जाएगी।

### टिकट बुकिंग पर फैसला होना बाकी

*महाप्रबंधक ने कहा कि जनकपुर से अयोध्या के लिए चलने वाली ट्रेन के रखरखाव और ट्रेन की रैक भारत का होगा या नेपाल का अभी यह तय नहीं किया जा सका है। वहीं जनकपुर से अयोध्या तथा दिल्ली तक की यात्रा के लिए यात्रियों के लिए टिकट बुकिंग तथा अन्य कई मसलों पर नेपाल और भारत के अधिकारियों की बैठक बाद इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। जनकपुर से अयोध्या तक चलने वाली ट्रेन का विस्तार नई दिल्ली की मांग रखी गई है। फिलहाल, जनकपुर से अयोध्या के बीच सप्ताहिक ट्रेन चलाने का प्रस्ताव है। हालांकि, सप्ताह में दो दिन जनकपुर से वाया अयोध्या नई दिल्ली चलाने की मांग रखी जाएगी, ताकि नेपाल के नागरिकों को भारत के धार्मिक स्थलों तक यात्रा सुलभ हो सके।*

### भारत-नेपाल के बीच रेल लाइन का शुभारंभ 2 अप्रैल 2022 में हुआ था

इस ट्रेन का सप्ताह में दो दिन परिचालन से रेल यात्रियों को लाभ होगा। नेपाल के लोगों को अयोध्या में रामलला का दर्शन करना सुलभ होगा। इससे भारत और नेपाल के बीच कायम बेटी-रोटी का सबंध और मजबूत होगा। बता दें कि भारत-नेपाल के बीच बड़ी रेल लाइन ट्रेन परिचालन का शुभारंभ दो अप्रैल 2022 को नई दिल्ली में भारत व नेपाल के प्रधानमंत्री ने संयुक्त रूप से वर्चुअल हरी झंडी दिखा कर किया था। तब से अब तक एक जोड़ी नेपाली ट्रेन का परिचालन जयनगर जनकपुर कुर्था के बाद अब बिजलपुरा तक ट्रेन का परिचालन होता है।

*नेपालवासियों के लिए सरकार ने दी नई सौगात*



### इस क्षेत्र में पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

अयोध्या धाम से जनकपुर धाम तक सीधी ट्रेन चलने से दोनों देशों के बीच धार्मिक और सांस्कृतिक संबंध मजबूत होंगे। इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। अभी सीतामढ़ी से अयोध्या तक मात्र एक ट्रेन अमृत भारत का परिचालन होता है। यह सप्ताह में एक दिन चलती है। ऐसे में एक नई ट्रेन शुरू हो जाने से यात्रियों को सीतामढ़ी के साथ ही जनकपुर धाम तक की यात्रा में सुविधा मिल जाएगी। इसके अलावा पूर्वांचल के लोगों को माता सीता के धाम तक जाने में दिक्कत नहीं होगी। साथ ही, प्रभु श्रीराम के धाम अयोध्या में दर्शन करने के बाद श्रद्धालु माता सीता के धाम जनकपुर और सीतामढ़ी भी दर्शन करने जाते हैं।

आईएसआई के लिए जासूसी के आरोप में नागपुर की अदालत का फैसला

# ब्रह्मोस मिसाइल के पूर्व इंजीनियर निशांत को उम्रकैद, पाक को दी गोपनीय जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नागपुर की एक अदालत ने सोमवार को ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अग्रवाल पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप हैं। निशांत अग्रवाल को 2018 में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को ब्रह्मोस मिसाइल के बारे में जानकारी लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। निशांत अग्रवाल ब्रह्मोस एयरोस्पेस में सीनियर सिस्टम इंजीनियर थे और मिसाइल परियोजनाओं में शामिल थे।

अग्रवाल को आईएसआई को परियोजनाओं के बारे में गोपनीय जानकारी देने के आरोप में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र एटीएस और मिलिट्री इंटेलिजेंस ने 2018 में नागपुर के पास से गिरफ्तार किया था। बता दें कि ब्रह्मोस एयरोस्पेस डीआरडीओ और रूस के मिलिट्री इंडस्ट्रियल कंसोर्टियम (एनपीओ मशीनोस्ट्रोयेनिया) का एक संयुक्त उपक्रम है, जो भारत में सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के विकास और निर्माण का काम करता है। इन सुपरसोनिक मिसाइलों को जमीन, हवा, समुद्र और पानी के नीचे से भी लॉन्च किया जा सकता है।

*निशांत अग्रवाल को 2018 में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को ब्रह्मोस मिसाइल के बारे में जानकारी लीक करने के आरोप में*



### पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के संपर्क में था निशांत

2018 में जब अग्रवाल की गिरफ्तारी हुई थी, तब उस खबर ने हलचल मचा दी थी क्योंकि यह ब्रह्मोस एयरोस्पेस से जुड़ा यह पहला जासूसी का मामला था। तब आरोप लगे थे कि अग्रवाल दो फेसबुक अकाउंट - नेहा शर्मा और पूजा रंजन के ज़रिए संदिग्ध पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के संपर्क में था। इस्लामाबाद से संचालित इन अकाउंट्स के बारे में माना जाता है कि इन्हें पाकिस्तान के खुफिया एजेंट चला रहे थे।

### लैपटॉप से बेहद गोपनीय फाइलें मिली थीं

निशांत अग्रवाल बहुत ही मेधावी इंजीनियर था। उसे डीआरडीओ का यंग साइंटिस्ट अवार्ड से भी सम्मानित किया गया था। वह एनआईटी कुरुक्षेत्र का छात्र रहा है। चार्जशीट के मुताबिक उसके लैपटॉप से बेहद गोपनीय फाइलें मिली थीं। इसके अलावा, एक सॉफ्टवेयर भी पाया गया था, जिससे लैपटॉप में मौजूद संवेदनशील तकनीकी जानकारियों को विदेशों और असामाजिक तत्वों को भेजा गया था।

### 4 साल तक ब्रह्मोस में किया था काम

जानकारी के अनुसार निशांत अग्रवाल ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड नागपुर के वरिष्ठ सिस्टम इंजीनियर थे और मिसाइल परियोजनाओं में शामिल थे। अग्रवाल को आईएसआई को परियोजनाओं के बारे में गोपनीय जानकारी देने के आरोप में यूपी व महाराष्ट्र एटीएस और मिलिट्री इंटेलिजेंस द्वारा अक्टूबर 2018 में नागपुर के पास से गिरफ्तार किया गया था। चार साल तक ब्रह्मोस में काम करने वाले इंजीनियर निशांत अग्रवाल के खिलाफ भारतीय दंड संहिता आईपीसी आईटी एक्ट और कड़े आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम (ओएसए) के विभिन्न प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### 14 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई

अतिरिक्त सत्र अदालत के न्यायाधीश एमवी देशपांडे का आदेश है कि अग्रवाल को आईटी अधिनियम की धारा 66 (एफ) और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम (ओएसए) की विभिन्न धाराओं के तहत दंडनीय अपराध के लिए आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 235 के तहत दोषी ठहराया गया था। विशेष लोक अभियोजक ज्योति वजानी के अनुसार, अदालत ने अग्रवाल को आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत आजीवन कारावास और 14 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। वहीं 3,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

# फ्लाइट में मिली बम की धमकी रूट डायवर्ट कर अहमदाबाद में कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली से मुंबई जा रही अकासा एयर के प्लेन को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बम की खबर मिलने के बाद प्लेन को अहमदाबाद की ओर रूट डायवर्ट किया गया। प्लेन में 186 यात्री सवार हैं। अहमदाबाद हवाई अड्डे पर प्लेन को लैंड कराने के बाद उसमें सवार सभी यात्रियों को उतार दिया गया। मौके पर डॉग स्क्वार्ड की टीम को बुलाकर यात्रियों का सामान चेक किया या है।

### 8 दिन में चौथी धमकी

प्लेन में बम होने की धमकी का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले अलग-अलग कंपनी की फ्लाइटों को 3 और धमकियां मिल चुकी हैं। 28 मई को वाराणसी से नई दिल्ली आने वाले इंडिगो को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। पुलिस के मुताबिक, एक महिला ने फोन कर बताया था कि उसके पिता के पास बम है और वह प्लेन में सफर कर रहे हैं। 1 जून को चेन्नई से मुंबई जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 5314 में बम होने की धमकी मिली थी। विमान में 172 यात्री सवार थे, जिनकों सुरक्षित विमान से उतार लिया गया था। 2 जून को पैरिस से मुंबई आने वाले विस्तारा एयर लाइन के विमान को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। विमान के एयर सिकनेस बैग में बम धमाके की धमकी वाला एक नोट मिला था।








नोबेल प्राइज जीतने वाली कमेटी की मेंबर रह चुकी

# क्लॉडिया होंगी मैक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मैक्सिको के 200 साल के इतिहास में पहली बार कोई महिला देश की राष्ट्रपति बनने वाली हैं। 2 जून को हुए चुनाव में सत्तारूढ़ मोरेना पार्टी की क्लॉडिया शेनबॉम को सबसे ज्यादा 58.3% वोट मिले। दिलचस्प बात ये थी कि उनकी टक्कर में विपक्षी पार्टी की उम्मीदवार भी एक महिला ही थीं।

विपक्षी शोचिल गालवेज दक्षिणपंथी नेशनल एक्शन पार्टी पेन से चुनाव लड़ीं। वे राष्ट्रपति ओब्राडोर की नीतियों की कट्टर विरोधी हैं। शोचिल गालवेज को 28% वोट ही मिले। मैक्सिको ने पड़ोसी देश अमेरिका से पहले महिला राष्ट्रपति चुनकर इतिहास



बनाया है। मैक्सिको में महिलाओं को वोट देने का अधिकार अमेरिका से 33 साल बाद मिला था। अमेरिका में जहां 1920 में ही महिलाओं को वोटिंग राइट्स मिल गए थे। वहीं, मैक्सिको में महिलाओं को वोट देने का अधिकार 1953 में मिला था। शोचिल गालवेज को 28% वोट ही मिले। मैक्सिको ने पड़ोसी देश अमेरिका से पहले महिला राष्ट्रपति चुनकर इतिहास बनाया है।

### कैसे उम्मीदवार बनी क्लॉडिया शेनबॉम

*मैक्सिको के संविधान के नियम के मुताबिक, राष्ट्रपति ओब्राडोर को दोबारा से 6 साल का कार्यकाल नहीं मिल सकता। ऐसे में सत्ताधारी मोरोना पार्टी की तरफ से क्लॉडिया शेनबॉम को उम्मीदवार बनाया गया था। वह मैक्सिको सिटी की पूर्व मेयर रह चुकी हैं और लेफ्ट पॉलिटिक्स से काफी समय से जुड़ी हुई हैं। साल 2007 में मैक्सिको की इंटरगवर्नमेंटल कमेटी को नोबेल प्राइज मिला था। तब वह इसकी मेंबर थीं।*

### चुनावी हिंसा में 200 लोगों की मौत हुई

*ये मैक्सिको के चुनावी इतिहास का सबसे हिंसक चुनाव भी कहा जा रहा है। जानकारी के अनुसार अब तक करीब 200 लोग मारे जा चुके हैं। 50 से अधिक लोग सिर्फ गुरेरो प्रांत में मारे गए हैं। मैक्सिको में पिछला आम चुनाव 2018 में हुआ था। उस दौरान करीब 150 लोगों की हत्या कर दी गई थी।*

### मैक्सिको में एक क्रांति लेकर आईं शेनबॉम

*क्लॉडिया शेनबॉम ने मेयर के तौर पर पर्यावरणीय सुधारों पर खास ध्यान दिया और मैक्सिको सिटी में वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए कई पहल की। इसके अलावा उन्होंने सामाजिक न्याय और समावेशिता के लिए कई योजनाएं चलाईं, जिनका लक्ष्य मैक्सिको सिटी के लोगों का जीवन स्तर सुधारना था। क्लाउडिया शीनबाम के इन खासियतों के चलते ही वो मैक्सिको में इतनी लोकप्रिय हो गईं। मैक्सिको की जनता उनकी नेतृत्व क्षमता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक न्याय को लेकर काफी आकर्षित हुई है।*

### विवादों से भरा रहा राजनीतिक करियर

*क्लॉडिया का राजनीतिक जीवन विवादों से भरा रहा है। 2017 में जब मेक्सिको सिटी की मेयर थीं तब एक शक्तिशाली भूकंप में एक स्कूल की छत गिर गई थी। इसमें 26 लोग मारे गए थे जिनमें 19 बच्चे थे। भारी आलोचना के बाद भी क्लॉडिया ने यह मानने से इनकार कर दिया कि कंस्ट्रक्शन में कोई गड़बड़ी थी। हालांकि, इसके बाद भी वह अगले साल फिर से शहर की मेयर चुनी गईं। साल 2021 में मेक्सिको सिटी में एक एलिवेटेड मेट्रो ट्रैक का एक हिस्सा ढह गया। इसमें 26 लोग मारे गए और दर्जनों लोग घायल हुए।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109